✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 54 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 20 जुलाई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




बेगूसराय में मुख्यमंत्री कन्या योजना की लाभार्थी को सांकेतिक चेक देते सीएम सम्राट चौधरी

# सम्राट सरकार की बड़ी पहल : अब घर के पास ही विद्यार्थियों को मिलेगी प्लस टू तक की शिक्षा

**'उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य' की संकल्पना को साकार करने में राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल | सभी 534 प्रखंडों में सरस्वती विद्या निकेतन के नाम से खोले गए मॉडल स्कूल**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य सरकार विद्यार्थियों को घर के पास ही प्लस टू तक की बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध कराएगी। अब उन्हें अच्छी शिक्षा पाने के लिए किसी सुदूर स्थान नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही विद्यार्थियों को इन्हीं मॉडल विद्यालयों में नीट और जेईई की भी तैयारी कराई जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार सभी प्रखंडों में सरस्वती विद्या निकेतन के नाम से मॉडल स्कूल की शुरुआत कर दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सात निश्चय-3 (2025-30) के अंतर्गत 'उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य' की संकल्पना को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की है। सरकार की यह प्रतिबद्धता है कि प्रदेश का हर बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करें, सरस्वती विद्या निकेतन इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। बिहार सरकार की यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के पूर्णतः अनुरूप है। इसके तहत राज्य सरकार के स्तर से बिहार के सभी जिला स्कूलों और प्रत्येक प्रखण्ड में अवस्थित एक-एक उच्च माध्यमिक विद्यालय को मिलाकर कुल 544 विद्यालयों को सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) के रूप में विकसित किया गया है। इसके (शेष पृष्ठ 11 पर)

## एक ही दिन 551 सरस्वती विद्या निकेतन का लोकार्पण ऐतिहासिक उपलब्धि : शिक्षा मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति यानी अंत्योदय तक गुणवत्तापूर्ण और उन्नत शिक्षा पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की आधारभूत संरचना के मामले में बिहार अभी कई राज्यों से पीछे है लेकिन सीखने के परिणाम (लर्निंग आउटकम) के मामले में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है। शिक्षा मंत्री रविवार को बरौनी स्थित आईओसीएल स्टेडियम में आयोजित 551 सरस्वती विद्या निकेतन विद्यालयों के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक सुधारों, शिक्षकों के प्रशिक्षण, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और मिशन आधारित कार्यक्रमों के कारण बच्चों की पढ़ने, लिखने और गणितीय समझ में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के



निर्माण का प्रधानमंत्री का सपना साकार होगा और उसकी मजबूत नींव आज बिहार में रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि एक ही दिन में 551 सरस्वती विद्या निकेतन के नाम से मॉडल स्कूलों का लोकार्पण बिहार के शिक्षा जगत के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की दूरदर्शी सोच और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है कि आज राज्य के प्रत्येक प्रखंड में आधुनिक सुविधाओं से युक्त मॉडल स्कूल विकसित किए गए हैं। लगभग 990 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इन विद्यालयों के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। आने वाले समय में अन्य सरकारी विद्यालयों को भी मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मॉडल स्कूलों में अब तक चार लाख से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन हो चुका है। इन विद्यालयों का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को निखारना (शेष पृष्ठ 11 पर)

**मुख्यमंत्री ने एक साथ 551 आदर्श विद्यालयों का किया उद्घाटन, चार लाख बच्चों को मिलेगा लाभ**

# शिक्षा किसी भी विकसित समाज की सबसे बड़ी ताकत : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को बेगूसराय के आईओसीएल स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के 551 सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों में करीब चार लाख बच्चे पढ़ेंगे और यह बिहार की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा किसी भी विकसित समाज की सबसे बड़ी ताकत है। सरकार का लक्ष्य है कि सरकारी स्कूलों में भी निजी स्कूलों जैसी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। इसके लिए स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल स्टूडियो, आधुनिक प्रयोगशालाएं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की विशेष व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में 'बिहार




स्कूल लाइव क्लासेस' की शुरुआत की गई है। वहीं 15 अगस्त से फिलो ऐप के जरिए छात्रों को लाइव और इंटरैक्टिव कक्षाओं की सुविधा मिलेगी। इससे छात्र राज्य के अच्छे शिक्षकों से ऑनलाइन पढ़ाई कर सकेंगे और उन्हें उच्च शिक्षा व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों के हित में भी सरकार काम कर रही है। शिक्षकों की स्थानांतरण प्रक्रिया 29 जुलाई से पारदर्शी तरीके से शुरू होगी। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई को 211 डिग्री कॉलेज शुरू किए गए हैं और विक्रमशिला विश्वविद्यालय के लिए जमीन भी उपलब्ध करा दी गई है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बेगूसराय के लिए कई बड़ी घोषणाएं भी कीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के नाम पर बेगूसराय में एक विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा 10 एकड़ जमीन पर भगवान वेंकटेश्वर (तिरुपति) मंदिर बनाया जाएगा। सिमरिया से भागलपुर तक गंगा किनारे मरीन ड्राइव बनाने की भी घोषणा की गई, जिससे पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, पर्यटन, संस्कृति और रोजगार के क्षेत्र में तेजी से काम कर रही है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सांकेतिक चेक, प्रमाण-पत्र और स्वीकृति पत्र भी वितरित किए।

## संक्षिप्त समाचार

### भू-माफिया संतोष डॉन गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने बिहार के भू-माफियाओं में शुमार और पटना-नालंदा के कुख्यात अपराधी संजय कुमार उर्फ संतोष कुमार उर्फ संतोष डॉन को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे पटना के खुसरूपुर थाने को सौंप दिया है। संतोष डॉन पर हत्या के प्रयास, रंगदारी और जमीन कब्जाने जैसे दो दर्जन से ज्यादा गंभीर मामले दर्ज हैं।

### रालोमो ने बनाये 243 पदाधिकारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** रालोमो ने 243 सदस्यीय प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी की है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने इसे जारी किया। इसके तहत रविन्द्र कुमार सिन्हा को अभियान समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं जंग बहादुर कुशवाहा, सुकुल राम, सुभाष यादव, अंगद कुशवाहा, दिनानाथ ठाकुर समेत 46 उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। पदाधिकारियों में 115 महासचिव और 81 सचिव भी बनाए गए हैं।

### पटना का कुख्यात अपराधी नंदन महतो गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** नौबतपुर पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र के कुख्यात और वांछित अपराधी नंदन महतो को अमरपुरा लख के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी अमरपुरा गांव निवासी सुरेश महतो का पुत्र नंदन महतो है, जो लंबे समय से फरार चल रहा था। हाल ही में बिहटा थाना में दर्ज लूटपाट, जानलेवा हमला और आर्म्स एक्ट के मामले में पुलिस ने उसके घर पर इश्तेहार भी चिपकाया था।

### मेडिकल जांच के दौरान ब्राउन शुगर तस्कर फरार

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्वी चंपारण जिले के पताही थाना क्षेत्र में ब्राउन शुगर तस्करी के मामले में गिरफ्तार एक आरोपी मेडिकल जांच के दौरान पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। आरोपी के अस्पताल से भाग निकलने की घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने आरोपी को 10 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया था। कानूनी प्रक्रिया के तहत मेडिकल जांच के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया जहां वह कथित तौर पर बाथरूम के रास्ते पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए पूर्वी चंपारण के एसपी स्वर्ण प्रभात ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में तीन चौकीदारों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### वज्रपात से दो की मौत

**छपरा(नबिटा ब्यूरो)।** सारण जिले में लगातार हो रही बारिश के बीच रविवार को वज्रपात की घटनाओं में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पहली घटना कोपा थाना क्षेत्र के सम्हौता गांव की है। यहां धान की बुवाई के दौरान रोहित कुमार पर अचानक आकाशीय बिजली गिर गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी घटना कोपा उत्तर टोला में हुई, जहां ओमप्रकाश मांझी की मौत आकाशीय बिजली गिरने से हो गयी।

# बिहार में बदलेगा जमीन अधिग्रहण का नियम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में सरकारी कामों के लिए होने वाले जमीन अधिग्रहण को लेकर सरकार ने एक बड़ा फैसला किया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग अब जमीन मालिकों को सिर्फ सड़क या शहर से दूरी के आधार पर मुआवजा नहीं देगा बल्कि मौजा को मुख्य आधार बनाएगा। अब एक ही मौजा के अंदर आने वाली सभी जमीनों का मुआवजा रेट बिल्कुल एक समान होगा। विभाग बहुत जल्द इसका आधिकारिक लेटर जारी करने वाला है। इससे जमीन अधिग्रहण के काम में तेजी आएगी और किसानों की नाराजगी भी दूर होगी। अभी के नियम के मुताबिक किसी सड़क या शहर के मुख्यालय से दूरी देखकर जमीन का मुआवजा तय होता है। इस नीति की वजह से एक ही मौजा में आसपास मौजूद जमीनों के दामों में बहुत बड़ा अंतर आ जाता था। एक किसान को ज्यादा पैसा मिलता था तो उसके ठीक बगल वाले को बहुत कम। इस भेदभाव के कारण किसानों में भारी गुस्सा रहता था और वे एक समान रेट के लिए धरना-प्रदर्शन करने लगते थे। कई बार तो मामले कोर्ट चले जाते थे, जिससे सरकारी प्रोजेक्ट सालों-साल लटके रहते थे। भू-अर्जन निदेशालय ने इस पूरी व्यवस्था को साफ-सुथरा और विवाद से दूर रखने के लिए नया प्रस्ताव तैयार किया है। अब दूरी तय करने के साथ ही संबंधित मौजा को ही सबसे बड़ा आधार माना जाएगा। एक मौजा के भीतर जमीन कहीं भी हो, उसका मुआवजा रेट पूरी तरह बराबर रहेगा। इस फैसले से किसानों के बीच का भेदभाव खत्म होगा, जिससे अदालतों में मुकदमों का बोझ घटेगा और सरकारी योजनाएं बिना किसी रुकावट के समय पर पूरी हो सकेंगी। राजस्व विभाग के आंकड़ों के अनुसार, फिलहाल बिहार में अलग-अलग विकास कार्यों के लिए 45 हजार एकड़ से ज्यादा जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। इस काम पर सरकार करीब 30 हजार करोड़ रुपये खर्च करने वाली है।

### सुपौल-दरभंगा के बीच नए नेशनल हाइवे परियोजना को मंजूरी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** केंद्र सरकार ने उत्तर बिहार में सुपौल और दरभंगा के बीच प्रस्तावित नए नेशनल हाईवे परियोजना को मंजूरी दे दी है। प्रस्तावित ग्रीनफील्ड कॉरिडोर कोसी क्षेत्र को सीधे दरभंगा एयरपोर्ट और निर्माणाधीन एम्स दरभंगा से जोड़ेगा। इसके बनने से मिथिलांचल, कोसी और सीमांचल के बीच आवागमन, व्यापार और आपदा के समय राहत कार्यों में तेजी आएगी। वर्तमान में सुपौल से दरभंगा जाने के लिए लोगों को लंबा और घुमावदार मार्ग तय करना पड़ता है, जिससे समय और ईंधन दोनों की अधिक खपत होती है। नया हाईवे बनने के बाद यात्रा का समय लगभग आधा हो जाएगा और लोगों को तेज, सुरक्षित तथा सुविधाजनक सड़क संपर्क मिलेगा। इस परियोजना का सबसे बड़ा फायदा सुपौल, सहरसा, मधेपुरा और आसपास के जिलों के लोगों को मिलेगा। नया हाईवे बनने के बाद दरभंगा एयरपोर्ट और निर्माणाधीन एम्स दरभंगा तक कम समय में पहुंचना संभव होगा।

# बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र आज से, सभी तैयारी पूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानमंडल का पांच दिवसीय मानसून सत्र आज सोमवार 20 जुलाई से शुरू हो रहा है। 24 जुलाई तक चलने वाले इस छोटे लेकिन अहम सत्र में सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 का प्रथम अनुपूरक बजट पेश करेगी। इसके साथ ही कई महत्वपूर्ण विधेयक भी सदन में लाए जाएंगे। दूसरी ओर विपक्ष ग्रामीण क्षेत्रों में टैक्स, स्टेट हाईवे पर टोल टैक्स, कथित फर्जी एनकाउंटर, शिक्षकों की बहाली और महिलाओं को रोजगार सहायता जैसी योजनाओं को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी में है। सत्र के पहले दिन विधानसभा अध्यक्ष का संबोधन होगा। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2026-27 का प्रथम अनुपूरक बजट सदन में पेश किया जाएगा और शोक प्रस्ताव भी लिया जाएगा। सरकार का दावा है कि मानसून सत्र के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सत्र के दौरान स्वास्थ्य विभाग समेत कई विभागों से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए जाएंगे। सत्ता पक्ष का कहना है कि विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है और सरकार सदन में उठने वाले हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार है। मानसून सत्र को लेकर विधानसभा परिसर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी दलों के साथ बैठक कर सदन को सुचारू रूप से चलाने की अपील की है। वहीं अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा भी की गई। डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ते ने पूरे परिसर की जांच की है जबकि सीसीटीवी कैमरों के जरिए हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। 21 और 22 जुलाई को प्रश्नकाल, ध्यानाकर्षण और अन्य सरकारी कार्य होंगे। 23 जुलाई को प्रथम अनुपूरक बजट पर चर्चा के साथ विनियोग विधेयक पेश किया जाएगा। अंतिम दिन 24 जुलाई को प्रश्नकाल के बाद गैर-सरकारी संकल्पों पर चर्चा होगी।

### पावापुरी में पर्यटक सूचना केंद्र खोलेगा पर्यटन विभाग

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** नालंदा स्थित पावापुरी में पर्यटक सूचना केंद्र की स्थापना की जाएगी। पर्यटन विभाग ने जल मंदिर परिसर के निकट पर्यटक सूचना केंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पर्यटन विभाग के निदेशक उदयन मिश्रा ने पत्र लिखकर श्वेतांबर जैन तीर्थ भंडार, पावापुरी के प्रबंधक से जल मंदिर के निकट पर्यटक सूचना केंद्र के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। विभाग ने कहा है कि पावापुरी जैन तीर्थयात्रियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है।

## बिहार विधान सभा सचिवालय

**आवश्यक सूचना**

अष्टादश बिहार विधान सभा का तृतीय-सत्र सोमवार दिनांक-20.07.2026 को 11.00 बजे पूर्वा. में बिहार विधान सभा वेश्म, पटना में अधिवेशित होने के लिए आहूत किया गया है।

सत्र के दौरान कार्यवाही का प्रसारण आकाशवाणी, केंद्र, पटना से किया जायेगा। साथ ही इसका सीधा वेबकास्टिंग भी http://webcast.gov.in/biharvs, https://vidhansabha.bihar.gov.in तथा Youtube Channel-''Bihar Vidhan Sabha TV'' पर देखा जा सकता है।

सत्र के दौरान बिहार विधान मंडल परिसर में बाहरी व्यक्तियों एवं अनधिकृत वाहनों का प्रवेश अवांछनीय तथा निषिद्ध है। लिखित अनुमति अथवा प्रवेश पत्र प्राप्त किये बिना कोई भी बाहरी व्यक्ति बिहार विधान मंडल की परिसीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। सुरक्षा कारणों से बिहार विधान मंडल के पूर्वी मुख्य द्वार (गेट नं-9 एवं 10) ही प्रवेश के लिए खुले रहेंगे।

**पूनम सिन्हा**
**प्रभारी सचिव**
**बिहार विधान सभा, पटना**

# बेलवा-मीनापुर लिंक चैनल से किसानों को मिलेगी बेहतर सिंचाई सुविधा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**शिवहर।** लंबे इंतजार के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी रविवार को मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार शिवहर पहुंचे। उनके आगमन को लेकर पूरे जिले में उत्साह का माहौल रहा। मुख्यमंत्री ने अपने दौरे के दौरान करीब 176 करोड़ रुपये की लागत वाली 35 विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें सबसे प्रमुख बेलवा-मीनापुर लिंक चैनल का लोकार्पण रहा जिसे बिहार की पहली 'नदी जोड़ो परियोजना' के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। पिपराही प्रखंड के बेलवाघाट में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने 130 करोड़ 88 लाख 57 हजार रुपये की लागत से निर्मित बेलवा-मीनापुर लिंक चैनल का फीता काटकर उद्घाटन किया। यह महत्वाकांक्षी परियोजना शिवहर सहित आसपास के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए बड़ी राहत मानी जा रही है। इससे हर वर्ष आने



वाली बाढ़ की समस्या में कमी आने के साथ किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा मिलेगी जिससे कृषि उत्पादन बढ़ने की भी उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेलवा-मीनापुर लिंक चैनल केवल एक निर्माण परियोजना नहीं बल्कि शिवहर के विकास, समृद्धि और किसानों के उज्ज्वल भविष्य की नई आधारशिला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बाढ़ नियंत्रण, सिंचाई व्यवस्था और ग्रामीण आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, समाज कल्याण मंत्री डॉ. श्वेता गुप्ता, शिवहर सांसद लवली आनंद, सीतामढ़ी सांसद देवेश चंद्र ठाकुर, पूर्व सांसद रमा देवी, बेलसंड विधायक अमित कुमार, एमएलसी रेखा कुमारी, पूर्व विधायक ठाकुर रत्नाकर राणा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। जिला प्रशासन के अनुसार यह लिंक चैनल क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था को और सुदृढ़ करेगा। इससे बाढ़ नियंत्रण के साथ-साथ कृषि विकास को भी नई दिशा मिलेगी। प्रशासन ने इसे जिले की सबसे महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं में से एक बताया है।

BAYC Institute स्थापित 1972

**बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज**

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें — एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE: DAT (Acupressure Therapy), DY (Yoga), DEMS (Electrohomeopathy Medicine), DAYS (Acupressure Yoga), DHMS (Herbal Medicine), DNYS (Naturopathy Yoga) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th; अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE: MBBA (Acupressure & Magnet), BTMS (Traditional Medicine), BEMS (Electrohomeopathy Medicine), BAYS (Acupressure Yoga), BAcu. (Acupuncture), MBAS (Medicine in ALT Science) — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2; अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE: MD (Acu Yoga), MD (TM), MD (EH) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट; अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE: MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश, सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।

C M Y K

# बांकीपुर में व्यापारियों का एनडीए को खुला समर्थन, ऐतिहासिक जीत का संकल्प

## व्यापारी समाज का भरोसा एनडीए के साथ, बांकीपुर में बनेगा ऐतिहासिक विजय का रिकॉर्ड : संजय सरावगी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने पटना के न्यू डाकबंगला रोड स्थित बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन भवन में बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के निमित्त आयोजित व्यवसायिक वर्ग एवं सम्मानित नागरिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बांकीपुर हमेशा विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति का केंद्र रहा है। इस बार भी यहां की जनता एनडीए समर्थित प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाकर विकास की इस यात्रा को और मजबूत करेगी। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि व्यवसायिक वर्ग हमेशा स्थिर, पारदर्शी और विकासोन्मुखी सरकार का समर्थक रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और बिहार में व्यापार, निवेश और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। यही कारण है कि समाज का प्रत्येक वर्ग एनडीए के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने उपस्थित व्यवसायियों एवं सम्मानित नागरिकों से आह्वान किया कि आगामी 30 जुलाई को 'कमल' के निशान पर मतदान कर एनडीए प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा को प्रचंड मतों एवं ऐतिहासिक बहुमत के साथ विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल एक विधानसभा सीट का नहीं, बल्कि विकास, सुशासन और बिहार के उज्ज्वल भविष्य को और मजबूत करने का चुनाव है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि एनडीए के सभी घटक दल पूरी एकजुटता के साथ चुनाव मैदान में हैं। भाजपा, जनता दल (यूनाइटेड), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कार्यकर्ता बूथ स्तर तक समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं। यह एकजुटता विपक्ष के दुष्प्रचार पर भारी पड़ेगी और बांकीपुर में एनडीए की रिकॉर्ड जीत सुनिश्चित करेगी। कार्यक्रम में जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, सत्ता पक्ष के मुख्य सचेतक सह विधायक राणा रणधीर सिंह, विधायक अरुण मांझी, वरिष्ठ समाजसेवी कमल नोपानी तथा बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष राकेश बंसल सहित बड़ी संख्या में व्यवसायिक वर्ग एवं सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने विश्वास व्यक्त किया कि बांकीपुर की जागरूक जनता एक बार फिर विकास, विश्वास और सुशासन के पक्ष में अपना जनादेश देकर एनडीए प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा को ऐतिहासिक विजय दिलाएगी तथा विपक्ष की नकारात्मक राजनीति को लोकतांत्रिक तरीके से करारा जवाब देगी।

# बांकीपुर उपचुनाव : भाजपा ने अति पिछड़ा और ओबीसी समाज के साथ किया चुनावी मंथन, नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में मांगा समर्थन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी गतिविधियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में रविवार को चिड़ियाताड़ मंडल के कंकड़बाग स्थित चौहान मार्केट सभागार में भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ एवं ओबीसी मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में अति पिछड़ा एवं पिछड़ा समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में महिलाओं की भी भागीदारी रही। उपस्थित लोगों ने एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, बिहार प्रदेश के क्षेत्रीय प्रभारी संजय कुमार चौहान ने की। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, बिहार के संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव में बांकीपुर की जनता ने नितिन नवीन को भारी मतों से विजयी बनाया था। उन्होंने कहा कि पार्टी ने नितिन नवीन को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए राज्यसभा सदस्य बनाया है जिससे बांकीपुर का सम्मान पूरे देश में बढ़ा है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि इस सम्मान का जवाब भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाकर दें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अति पिछड़ा एवं पिछड़ा समाज के सम्मान और अधिकारों को मजबूत करने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। पंचायत एवं नगर निकाय चुनावों में अति पिछड़ा वर्ग को 20 प्रतिशत तथा महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ ही केंद्र सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर समाज को नई ताकत प्रदान की है। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, बिजली और पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ करोड़ों लोगों तक पहुंचा है। उन्होंने उपस्थित लोगों से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। बैठक को संजय निषाद, मुकेश निषाद, मुकेश मंडल, संजय गुप्ता, संजय कुमार चंद्रवंशी, रिपु पटेल, मदन लाल, सविता देवी, विनीता देवी, रंजन कुमार, इंदल चंद्रवंशी, सुनील कुमार, सुरेश कुमार बुधिया एवं संतोष पटेल सहित कई नेताओं ने संबोधित किया और भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने का आह्वान किया।

# मिड डे मील में छिपकली की पूंछ मिलने के मामले में होगी सख्त कार्रवाई, मंत्री ने दिया निर्देश

## शिक्षा मंत्री ने डीएम को दिया जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का आदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मधेपुरा जिले के गम्हरिया स्थित एक विद्यालय में मध्याह्न भोजन (मिड डे मील) में छिपकली की पूंछ मिलने और कुछ बच्चों के बीमार होने की घटना को शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने गंभीरता से लिया है। रविवार को घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने मधेपुरा के जिलाधिकारी से बात कर पूरे मामले की तत्काल जांच करा कर विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने डीईओ, मिड डे मील के डीपीओ, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, रसोइया, साधनसेवी सहित सभी जिम्मेदार अधिकारियों/कर्मियों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश जिलाधिकारी मधेपुरा को दिया है। उन्होंने मध्याह्न भोजन योजना के निदेशक से भी इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा है और यह सुनिश्चित करने को कहा है कि बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। शिक्षा मंत्री ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि किसी विद्यालय में इस प्रकार की घटना दोबारा सामने आती है तो दोषी व्यक्तियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# इवी वाहनों पर सब्सिडी के लिए आवेदन शुरू, परिवहन विभाग ने जारी किया लिंक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य सरकार ने पर्यावरण-अनुकूल वाहनों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। बिहार इलेक्ट्रिक वाहन (संशोधन) नीति, 2026 को मंजूरी मिलने के बाद अब नए इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वाले नागरिकों को सब्सिडी प्रदान करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। परिवहन विभाग ने इसके लिए अपनी वेबसाइट पर एक विशेष लिंक जारी किया है जिसके माध्यम से पात्र लाभार्थी आसानी से आवेदन कर सकते हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह सब्सिडी केवल उन इलेक्ट्रिक वाहनों पर उपलब्ध होगी जिन्हें 15 मई 2026 या उसके बाद खरीदा गया है। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। इच्छुक वाहन स्वामियों को विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपने जिले का नाम, वाहन का पंजीकरण संख्या (आरसी), इंजन नंबर, चेसिस नंबर, खरीद की तिथि, पैन कार्ड नंबर, बैंक खाते का विवरण तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दर्ज करनी होगी। मुख्यमंत्री बिहार पर्यावरण-अनुकूल परिवहन रोजगार योजना के तहत दोपहिया, तीनपहिया (वाणिज्यिक) तथा चारपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

# पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कौशल विकास योजना के तहत 8 वर्षों में 5413 युवाओं को मिला प्रशिक्षण

## वर्तमान में राज्य के 9 प्रमुख केंद्रों पर 370 प्रशिक्षणार्थियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कौशल विकास योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत वर्ष 2018 से अब तक 5 हजार 413 युवाओं ने विभिन्न आधुनिक ट्रेड्स में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त किया है। योजना का उद्देश्य ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) और ईबीसी (अतिपिछड़ा वर्ग) के युवा-युवतियों को रोजगारपरक कौशल उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्लंबिंग, इलेक्ट्रीशियन, कंप्यूटर एप्लीकेशन, ब्यूटी कल्चर, फैशन डिजाइनिंग, मशीनरी ऑपरेशन, वेल्डिंग, ड्राइविंग समेत कई उद्योग-उन्मुखी ट्रेड्स शामिल हैं। वर्तमान में राज्य के 9 प्रमुख केंद्रों (भागलपुर, मुंगेर, गोपालगंज, पूर्णिया, रोहतास, कटिहार और दरभंगा) पर कुल 370 प्रशिक्षणार्थियों का कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण और इंटर्नशिप का भी पूरा अवसर दिया जा रहा है जिससे वे प्रशिक्षण पूरा होने के बाद सीधे रोजगार प्राप्त कर सकें। सरकार की इस पहल को युवाओं में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। योजना न केवल बेरोजगारी घटाने में मदद कर रही है, बल्कि समाज के पिछड़े तबके को आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। विभाग के अनुसार योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए भविष्य में प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाएगी साथ ही नए ट्रेड्स को भी जोड़ा जायेगा।

# हंगामा छोड़ सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएं राहुल व तेजस्वी : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने 20 जुलाई 2026 से शुरू हो रहे बिहार विधानमंडल के मानसून सत्र तथा दिल्ली में शुरू हो रहे संसद के सत्र के सुचारू और शांतिपूर्ण संचालन को लेकर विपक्ष से रचनात्मक सहयोग की अपील की है। श्री पांडेय ने कहा कि संसद और राज्य की विधानसभाएं लोकतंत्र का पवित्र मंदिर है जहां जनता की समस्याओं और प्रदेश व देश के विकास पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए। लेकिन यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष ने सदनों को केवल राजनीतिक नौटंकी, हंगामा और व्यवधान का केंद्र बना दिया है। श्री पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी राष्ट्रीय स्तर पर और तेजस्वी यादव द्वारा अक्सर बिहार में फैलाए जाने वाले नकारात्मकता विपक्ष के रवैये पर तीखा प्रहार करते हुए श्री पांडेय ने कहा, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी राष्ट्रीय स्तर पर सिर्फ भ्रम, झूठ और नकारात्मकता की राजनीति कर रहे हैं। एक जिम्मेदार विपक्ष के नेता के रूप में देश के विकास में रचनात्मक सुझाव देने के बजाय उनका पूरा ध्यान केवल संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने और हर मुद्दे पर गैर-जिम्मेदाराना बयानबाजी करने पर केंद्रित रहता है। देश की जनता उनके इस रवैये को देख रही है।

# पेपर लीक, भर्ती घोटाले और बेरोजगारी के खिलाफ 'छात्रों की गूंज' का आयोजन

## छात्रों के भविष्य के लिए सांसद पप्पू यादव ने भरी हुंकार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजधानी पटना के मुसल्लहपुर हाट में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने पेपर लीक, भर्ती घोटालों, बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ हुंकार भरा। इस दौरान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वहीं, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद पप्पू यादव ने कहा कि देश की शिक्षा व्यवस्था गंभीर संकट से गुजर रही है। शिक्षा व्यवस्था आईसीयू में है और छात्र अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक, भर्ती घोटालों और बढ़ती बेरोजगारी ने युवाओं के विश्वास को गहरा आघात पहुंचाया है। उन्होंने मांग की कि परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पेपर लीक मुक्त बनाने के लिए जवाबदेह व्यवस्था लागू की जाए तथा सभी प्रतियोगी परीक्षाओं और भर्तियों का वार्षिक कैलेंडर जारी किया जाए, ताकि छात्रों को अनिश्चितता का सामना न करना पड़े। सांसद ने कहा कि सरकार को छात्रों के भविष्य की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अनियमितताओं से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी और सहयोगी नेता छात्रों के अधिकारों की लड़ाई जारी रखेंगे। इस दौरान उन्होंने शिक्षा मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग भी दोहराई। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता मिन्नत रहमानी, प्रेमचंद सिंह, राजीव मेहता, छात्र नेता मनीष यादव, पटना विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष शांतनु शेखर, रौशन शर्मा, सौम्या श्रीवास्तव और आलोक आनंद सहित कई वक्ताओं ने भी छात्रों के मुद्दों पर अपने विचार रखे। सभी वक्ताओं ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया और छात्रों के हितों की सुरक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया।

# डॉ. प्रेम कुमार ने किया प्रो. यशवंतराव केलकर की जयंती पर श्रद्धापूर्वक नमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शिल्पकार एवं प्रमुख संगठनकर्ता प्रो. यशवंतराव (बसंत राव) केलकर जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि प्रो. यशवंतराव (बसंत राव) केलकर जी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के शिल्पकार, दूरदर्शी चिंतक, विलक्षण संगठनकर्ता और राष्ट्रनिष्ठ शिक्षाविद् थे। उन्होंने केवल एक संगठन का निर्माण नहीं किया, बल्कि ऐसे राष्ट्रभक्त, चरित्रवान और समाजोन्मुख युवाओं की पीढ़ी तैयार करने का कार्य किया जिन्होंने शिक्षा, समाज, प्रशासन, राजनीति, विज्ञान, न्याय, साहित्य और राष्ट्र-निर्माण के विविध क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के अमर संदेश उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत को विद्यार्थी जीवन का मंत्र बनाया। उन्होंने विद्यार्थी परिषद को केवल छात्र-संगठन नहीं रहने दिया, बल्कि उसे राष्ट्र चेतना का व्यापक आंदोलन बनाया। उन्होंने संगठन की कार्यपद्धति में अनुशासन, आत्मीयता, वैचारिक स्पष्टता और सेवा को सर्वोच्च स्थान दिया। वे मानते थे कि संगठन का वास्तविक बल पदों में नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के संस्कार, समर्पण और चरित्र में निहित होता है।

# शिवालिक विश्वविद्यालय ने किया निर्माण 2047 अभियान शुरू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से शिवालिक विश्वविद्यालय ने 'निर्माण 2047' (नेशनल इनिशिएटिव फॉर इनोवेशन, रेडीनेस, रिसर्च, मेंटरशिप एंड एडवांस्ड टेक्नोलॉजीज) अभियान का शुभारंभ किया। होटल लेमन ट्री प्रीमियर, पटना में आयोजित प्रधानाचार्य सम्मेलन में इस पहल की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का आयोजन एनआईआईटी फाउंडेशन और पाटलिपुत्र सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स के सहयोग से किया गया। सम्मेलन में बिहार के 150 से अधिक विद्यालयों के चेयरमैन, निदेशक और प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। शिवालिक विश्वविद्यालय के वाइस चेयरमैन अजय कुमार ने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के दौरान चरणबद्ध तरीके से 50 से अधिक विद्यालयों में यह कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। इसके तहत कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए 12 घंटे का पूर्णतः निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित होगा। प्रशिक्षण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा, डिजिटल सुरक्षा, नवाचार, डिजाइन थिंकिंग और समस्या समाधान जैसे विषय शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि साइबर सुरक्षा मॉड्यूल का संचालन एनआईआईटी फाउंडेशन तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं नवाचार मॉड्यूल का संचालन शिवालिक विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ करेंगे। प्रशिक्षण पूरा करने वाले विद्यार्थियों को संयुक्त प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के भ्रमण का अवसर भी मिलेगा।

# आशीर्वाद ने गुणात्मक परंपरा अभियान के जरिए विश्वकर्मा महाराणा समुदाय को दिया सम्मान




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पुरी रथ यात्रा से अपने लंबे जुड़ाव को आगे बढ़ाते हुए आशीर्वाद ने गुणात्मक परंपरा अभियान की शुरुआत की है। यह विशेष सांस्कृतिक पहल भगवान जगन्नाथ के पवित्र रथ का निर्माण करने वाले विश्वकर्मा महाराणा समुदाय की कारीगरी और सदियों पुरानी परंपरा को सम्मान देने के उद्देश्य से शुरू की गई है। अभियान शिल्पकला की विरासत और आशीर्वाद के क्वालिटी की गारंटी के वादे को एक साथ जोड़ता है। ओडिशा की सांस्कृतिक विरासत से प्रेरित इस अनुभव में भगवान जगन्नाथ के रथ निर्माण की प्रक्रिया को प्रदर्शित किया गया है। इसका मुख्य आकर्षण रथ के पहिये और पारंपरिक पत्थर की चक्की के बीच स्थापित प्रतीकात्मक संबंध है जो गुणवत्ता, आस्था और परंपरा का संदेश देता है। इस विशेष अनुभव का उद्घाटन ओड़िया अभिनेत्री एलिना सामंतराय की मौजूदगी में हुआ। वहीं आईटीसी लिमिटेड के फूड्स डिवीजन, स्टेपल्स बिजनेस यूनिट के चीफ एग्जीक्यूटिव अनुज रुस्तगी ने कहा कि 'गुणात्मक परंपरा' के माध्यम से विश्वकर्मा महाराणा समुदाय की उत्कृष्ट कारीगरी और गुणवत्ता के प्रति उनके समर्पण को सम्मान दिया गया है।

# डॉ. आनंद रंजन झा को मिला 'आइकोनिक पर्सनैलिटी ऑफ भारत' सम्मान




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जन्दाहा (वैशाली)।** कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. आनन्द रंजन झा को शिक्षा, डिजिटल साक्षरता एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए बिजनेस इन बिहार द्वारा प्रतिष्ठित 'आइकोनिक पर्सनैलिटी ऑफ भारत 2026' सम्मान से सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। डॉ. आनंद रंजन झा पिछले कई वर्षों से युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल साक्षरता एवं रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी ने हजारों युवाओं को तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस सम्मान पर डॉ. झा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में और अधिक जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करेगी। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपनी पूरी टीम, विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा सभी शुभचिंतकों के विश्वास और सहयोग को दिया।

# 31 जुलाई तक राजस्व विभाग की सभी लंबित कार्यों को पूरा करने का सख्त निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि 15 अगस्त तक निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सर्वेक्षण कार्य हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा और सभी अधिकारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी के साथ लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करें। सचिव श्री सिंह की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अरवल, जहानाबाद, शेखपुरा, लखीसराय एवं शिवहर जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में भू अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के निदेशक सुहर्ष भगत, विशेष कार्य पदाधिकारी अनुपम प्रकाश सहित विभाग के वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान सचिव जय सिंह ने सभी संबंधित जिलों के बंदोबस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि 31 जुलाई तक सर्वेक्षण कार्य से जुड़े सभी लंबित चरणों एवं आवश्यक प्रक्रियाओं को हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए, ताकि 15 अगस्त तक सर्वेक्षण कार्य के समापन का लक्ष्य समयबद्ध ढंग से प्राप्त किया जा सके।

# हुनर को मिलेगी नई उड़ान : तकनीकी दक्षता के लिए जीविका दीदियों को मिलेगी खास ट्रेनिंग

## विशेषज्ञों की टीमें दे रहीं दीदी की रसोई, नर्सरी और सिलाई-कढ़ाई से लेकर तकनीकी दक्षता तक का प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों का विकास और यहां की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में जुटी है। इसमें सबसे अहम भूमिका निभाने वाली जीविका दीदियों को उनके कार्य कौशल में अधिक दक्ष बनाने के लिए विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके बाद विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मेहनत के बलबूते अलग-अलग उत्पाद तैयार करने वाली दीदियों के हुनर को मजबूत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में मदद मिलेगी। राज्य में सक्रिय करीब 13 लाख स्वयं सहायता समूहों से एक करोड़ 81 लाख से भी ज्यादा दीदियां जुड़ी हुई हैं। यानी प्रत्येक समूह से कम से कम 10-12 की संख्या में यह दीदियां जुड़कर जीविकोपार्जन से संबंधित अलग-अलग गतिविधियां संचालित कर रही है। इनमें मुख्य रूप से सिलाई-कढ़ाई, रसोई, लाइब्रेरी, नर्सरी आदि संचालन का पूरा कार्यभार इन दीदियों ने संभाल रखा है। ग्रामीण विकास के साथ दूसरे विभागों के आपसी सहयोग में आने वाले दिनों में राज्य के प्रत्येक ग्राम पंचायत में इन दीदियों को डेयरी संचालन की भी जिम्मेदारी सौंपने की तैयारी की जा रही है। जीविका दीदियों के द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पाद और उसकी उचित बाजार तक पहुंच सुनिश्चित कराने की मंशा से ग्रामीण विकास विभाग लगातार योजनाओं पर काम कर रहा है। हाल ही में विभागीय मंत्री श्रवण कुमार ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जीविका दीदियों को विशेष ट्रेनिंग दिलाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। इधर, जीविका के अधिकारियों का कहना है कि मंत्री और प्रधान सचिव से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में ही समूहों से जुड़ीं इन दीदियों के लिए अलग-अलग जिलों में विशेष ट्रेनिंग सत्र का आयोजन किया जा रहा है। इसमें इन दीदियों को सिलाई-कढ़ाई, पशुपालन के साथ ही दूसरे कई क्षेत्रों में कौशल विकास से संबंधित जानकारी विशेषज्ञों की टीम दे रही है।

# रोटरी क्लब ऑफ पटना में 'टीम जोश' का पदस्थापन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पटना के 84वें पदस्थापन समारोह का भव्य आयोजन रविवार को सम्पन्न हुआ। समारोह में रोटेरियन डॉ. रवि कुमार सिन्हा ने वर्ष 2026-27 के लिए क्लब के अध्यक्ष तथा रोटेरियन डॉ. दयानिधि कुमार ने सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी 'टीम जोश 2026-27' का विधिवत पदस्थापन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. हेमंत कुमार, विशिष्ट अतिथि रुबन हॉस्पिटल्स के संस्थापक डॉ. सत्यजीत कुमार सिंह, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अनु नारंग, आरआई प्रेसिडेंट्स रिप्रेजेंटेटिव रोटेरियन ओलायिंका हकीम बाबातोला, असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन डॉ. वी. पी. सिंह, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नरों, वरिष्ठ रोटेरियनों तथा विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी में रोटेरियन डॉ. रवि कुमार सिन्हा (अध्यक्ष), रोटेरियन डॉ. दयानिधि कुमार (सचिव), रोटेरियन सरिता प्रसाद (कोषाध्यक्ष) रोटेरियन रश्मि कुमारी (इमीडिएट पास्ट प्रेसिडेंट), रोटेरियन अरिजीत मित्रा (प्रेसिडेंट-इलेक्ट), रोटेरियन डॉ. अनामिका नंदन (उपाध्यक्ष), रोटेरियन सैकत सेन गुप्ता (संयुक्त सचिव), निदेशक पीपी रोटेरियन रमेश चन्द्र, पीपी रोटेरियन अनुज राज, रोटेरियन अनुप कुमार पालित, रोटेरियन हिमांशु रंजन, रोटेरियन कविता नाथ एवं रोटेरियन शैलेन्द्र कुमार तथा सार्जेंट-एट-आर्म्स रोटेरियन डॉ. आर. के. पोद्दार एवं रोटेरियन डॉ. शिप्रा भारती ने पदभार ग्रहण किया।

# डिहरी विधानसभा क्षेत्र के दो विद्यालय बने मॉडल स्कूल, मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल उद्घाटन

## विधायक सोनू सिंह ने बताई शिक्षा सुधार की नई पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन सोन/अकोढ़ीगोला (रोहतास)।** राज्य सरकार की शिक्षा सुधार पहल के तहत रविवार को रोहतास जिले के उच्च माध्यमिक विद्यालय डालमियानगर एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रेमनगर (अकोढ़ीगोला) को सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल) के रूप में विकसित किए जाने का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना से वर्चुअल माध्यम से राज्य के चयनित मॉडल स्कूलों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पटना में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी, केंद्रीय मंत्री एवं सांसद गिरिराज सिंह, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी तथा मंत्री रामकृपाल यादव उपस्थित रहे। डालमियानगर विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिहरी विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह मौजूद रहे। उनके साथ सामाजिक कार्यकर्ता संजय सिंह बाला, भाजपा नेता प्रकाश गोस्वामी, अरुण शर्मा, शिक्षक अखिलेश्वर सिंह, अंबुज सिंह, छोटू सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक एन. सिंह, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वहीं अकोढ़ीगोला के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रेमनगर में विधायक राजीव रंजन सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर मॉडल स्कूल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भूमि दाता सुनील सिंह, संजय सिंह, प्रकाश गोस्वामी, अशोक चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि विजय पासवान तथा अरुण शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक राजीव रंजन सिंह ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार ऐतिहासिक कार्य कर रही है। चयनित विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने की यह पहल शिक्षा व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों में छात्रों को स्मार्ट क्लास, ई-लाइब्रेरी, कंप्यूटर शिक्षा, आधुनिक शिक्षण संसाधन, खेल एवं संगीत जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी जिससे सरकारी विद्यालयों के छात्र भी गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। सामाजिक कार्यकर्ता संजय सिंह बाला ने कहा कि मॉडल स्कूलों में अनुभवी शिक्षकों की नियुक्ति और आधुनिक शिक्षण व्यवस्था के माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को निजी विद्यालयों के समान गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में शिक्षक अनिल मिश्रा, प्रधानाध्यापक वरुण नीरज तथा मंच संचालन कर रहे सुनील कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं और अभिभावकों में नए मॉडल स्कूलों को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# चोरी के दो मामलों का खुलासा, पांच गिरफ्तार, वाहन व आभूषण बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज पुलिस ने चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी के वाहन और सोने-चांदी के आभूषण भी बरामद किए हैं। गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत के लिए अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी न्यायालय में पेश किया गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि पहला मामला बिक्रमगंज थाना कांड संख्या 474/26 से जुड़ा है। यह मामला 17 जुलाई 2026 को बीएनएस की धारा 303(2) और 317(2) के तहत दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस ने धावा गांव निवासी सुमित कुमार, पिता स्व. जय प्रकाश भगत और धनगाई निवासी काशी कुमार, पिता स्व. रजिंद्र प्रसाद को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान इनके पास से एक काले-लाल रंग की सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और एक हरे रंग का सीएनजी टेम्पो बरामद किया गया। दोनों वाहन चोरी के बताए जा रहे हैं। दूसरा मामला थाना कांड संख्या 475/26 के तहत दर्ज है। यह भी 17 जुलाई 2026 को बीएनएस की धारा 303(2), 317(2) और 3(5) के तहत दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस ने नोखा वार्ड संख्या-12 की लक्ष्मी देवी और सरिता देवी के साथ ही शिवपुर निवासी ज्योतिष कुमार को गिरफ्तार किया। इन तीनों के पास से पुलिस ने एक जोड़ी सोने जैसी कान की बाली, लाल और सुनहरे मोतियों की टूटी माला जिसमें सोने जैसा लॉकेट लगा था, एक सुनहरे रंग की चेन दो जोड़ी सुनहरे रंग की बालियां बरामद कीं। इसके साथ ही एक हरे-पीले रंग का टेम्पो भी जब्त किया गया। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद सभी सामानों को कानूनी प्रक्रिया के तहत जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तार पांचों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इनके साथ और कोई इस गिरोह में शामिल तो नहीं है और अन्य चोरी की घटनाओं में इनकी संलिप्तता है या नहीं। मामले की आगे की जांच जारी है।

# दो अलग-अलग स्थान से शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज/दावथ (रोहतास)।** दावथ थाना क्षेत्र में रविवार को पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से दो अज्ञात शव बरामद किए जिससे कुछ समय के लिए इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार पहला शव दावथ थाना क्षेत्र अंतर्गत भुंडाडीह रानी चिमनी के समीप पड़ा मिला। शव की उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है, लेकिन अब तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है और न ही उसके संबंध में कोई ठोस जानकारी उपलब्ध हो पाई है। स्थानीय लोगों से पूछताछ के बाद भी पुलिस को मृतक के बारे में कोई सुराग नहीं मिला है। वहीं दूसरा शव थाना क्षेत्र के डिलिया गांव से बरामद किया गया। इसकी पहचान डिंपल कुमारी उम्र 34 वर्ष, पति राम बालक साह के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि डिंपल कुमारी पहले से ही बीमार चल रही थीं और उनका इलाज चल रहा था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक शव के शरीर पर किसी प्रकार के चोट या जख्म के निशान नहीं पाए गए हैं जिससे मौत के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है। दावथ थाना अध्यक्ष अजीत पंजियारा ने बताया कि दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों और परिस्थितियों का सही-सही पता चल सकेगा। उन्होंने कहा कि भुंडाडीह रानी चिमनी के पास मिले अज्ञात शव की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों में सूचना दे दी गई है। वहीं डिंपल कुमारी के मामले में परिजनों के बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल) का उद्घाटन, शिक्षा के नए युग की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**तिलौथू (रोहतास)।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तिलौथू में सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल) का उद्घाटन समारोह रविवार को अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत के साथ मंच संचालिका व शिक्षिका नूतन पांडे ने सभी विद्यार्थियों के साथ प्रारंभ किया। समारोह की शुरुआत विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मधुर स्वागत गीत से हुई जिसने उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। इस अवसर पर भाजपा नेता शशिभूषण प्रसाद, महेंद्र ओझा, सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल) की स्थापना क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्मार्ट क्लास, आधुनिक शिक्षण संसाधनों और बेहतर शैक्षणिक वातावरण से विद्यार्थियों को नई तकनीक के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। गौरतलब है कि बिहार सरकार द्वारा राज्यभर में 551 स्मार्ट क्लास युक्त सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूलों) का लोकार्पण किया गया जिसकी शुरुआत मुख्यमंत्री द्वारा बेगूसराय से की गई। इसी क्रम में तिलौथू के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी इस महत्वाकांक्षी योजना का शुभारंभ हुआ जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा की नई सौगात मिली है। उद्घाटन समारोह के दौरान उपस्थित विद्यालय के प्रभारी रवि रंजन कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह विद्यालय आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बनेगा। विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा और अभिभावकों व विद्यार्थियों ने इस पहल का स्वागत किया।

# सावन के प्रथम सोमवार को शुरू होगी निःशुल्क 'जनसेवक लाइब्रेरी'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** युवाओं के बेहतर भविष्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनसेवक अनुज कुशवाहा द्वारा सावन के प्रथम सोमवार के शुभ अवसर पर निःशुल्क 'जनसेवक लाइब्रेरी' का शुभारंभ किया जाएगा। यह लाइब्रेरी डिहरी-डालमियानगर के विद्यार्थियों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को समर्पित होगी। जनसेवक अनुज कुशवाहा ने 'नवबिहार टाइम्स' से बातचीत में कहा कि 'युवा ही वह शक्ति है जो विश्व की दशा और दिशा बदलने का सामर्थ्य रखता है। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है और उन्हें बेहतर अध्ययन का वातावरण उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि निःशुल्क जनसेवक लाइब्रेरी का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद छात्रों को शांत, सुव्यवस्थित और प्रेरणादायक अध्ययन का माहौल उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपनी प्रतिभा के बल पर सफलता हासिल कर सके। अनुज कुशवाहा ने डिहरी-डालमियानगर के लोगों से इस शैक्षणिक अभियान में सहयोग और सहभागिता की अपील करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज को जागरूक, शिक्षित और सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखें।

# उन्नत शिक्षा उज्ज्वल भविष्य योजना के तहत 'सरस्वती विद्या निकेतन' मॉडल स्कूल का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** रोहतास प्रखंड के रोहतासनगर पंचायत में शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई है। राज्य सरकार की 'उन्नत शिक्षा उज्ज्वल भविष्य योजना' के तहत संचालित प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय को उत्क्रमित कर 'सरस्वती विद्या निकेतन' मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया गया है। नवनिर्मित विद्यालय का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) निलेश कुमार एवं चेनारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक मुरारी प्रसाद गौतम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए एसडीएम निलेश कुमार ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज के विकास का आधार है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अनुशासन, नियमित अध्ययन और आधुनिक तकनीक का बेहतर उपयोग कर अपने भविष्य को संवारने का आह्वान किया। वहीं विधायक मुरारी प्रसाद गौतम ने कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रत्येक प्रखंड में आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक आदर्श विद्यालय विकसित करना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी शहरों जैसी शिक्षा उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि विद्यालय में अब विज्ञान, कला एवं वाणिज्य तीनों संकायों में इंटरमीडिएट स्तर की पढ़ाई होगी। इससे रोहतास एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को अपनी रुचि के अनुसार विषय चयन का अवसर मिलेगा और उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने की आवश्यकता कम होगी।

विद्यालय में स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल शिक्षण व्यवस्था, आधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय तथा अन्य आवश्यक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक गुफरान अहमद सिद्धिकी ने बताया कि सरकार की ओर से यहां अध्ययनरत छात्राओं को प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति भी दी जाएगी जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बच्चियों को पढ़ाई जारी रखने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में धनंजय कुमार, जीशान अहमद खान, हरि पासवान, अरुण चौबे, राजेश्वर सिंह, बबलू पाठक, सिद्धेश्वर वर्मा, विवेक बहादुर, रविशंकर, सरिता पाठक, सिकंदर विश्वकर्मा, सूरज दयाल यादव, प्रेमलता कुमारी, मामती देनीश, अरविंद कुमार दुबे सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** भभुआ शहर में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा का आयोजन बेहद हर्षोल्लास और भक्तिमय माहौल में किया गया। इस्कॉन नामहट्ट सेंटर, भभुआ के माध्यम से आयोजित इस यात्रा में भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ नगर भ्रमण पर निकले। रथ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया और पूरा शहर 'हरे कृष्णा' के जयकारों से गूंज उठा। इस धार्मिक आयोजन को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस और यातायात विभाग पूरी तरह से मुस्तैद रहा। यात्रा के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर बात करते हुए ट्रैफिक डीएसपी दयानंद कुमार ने बताया कि रथ यात्रा का रूट पूरी तरह से स्पष्ट और सुरक्षित रखा गया है।

# डिहरी-डालमियानगर नगर परिषद में विकास कार्यों को मिली रफ्तार, बोर्ड बैठक में कई योजनाओं को मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी-डालमियानगर नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से आयोजित सामान्य बोर्ड की बैठक में कई महत्वपूर्ण योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक की जानकारी देते हुए मुख्य पार्षद शशि कुमारी ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से संचालित किए जा रहे हैं और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बैठक में गत 1 जुलाई को सशक्त समिति द्वारा लिए गए निर्णयों एवं प्रस्तावित योजनाओं को पूर्ण करने पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान बोर्ड के अधिकांश सदस्यों ने इन योजनाओं पर अपनी सहमति प्रदान की। मुख्य पार्षद ने बताया कि बैठक में सफाई संबंधी उपकरणों एवं उपस्करों की मरम्मत, आवश्यक उपकरणों की खरीद, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत एवं नई लाइटों की खरीद, नाला निर्माण सहित नगर परिषद क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने से जुड़े कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। उन्होंने कहा कि नगर परिषद का उद्देश्य क्षेत्रवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। बोर्ड की स्वीकृति के बाद संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी जिससे नगर परिषद क्षेत्र के लोगों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल सकेगा।

# मालगाड़ियों के इंटरचेंज में डीडीयू मंडल का चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 का सर्वोच्च प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के मार्गदर्शन में पंडित दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मंडल ने रेल परिचालन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि अर्जित करते हुए 18 जुलाई 2026 को 24 घंटे के दौरान 439 मालगाड़ियों का इंटरचेंज कर चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 का अपना सर्वोच्च प्रदर्शन दर्ज किया। इंटरचेंज का आशय एक रेल मंडल से दूसरे रेल मंडल अथवा डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के बीच मालगाड़ियों के सुरक्षित एवं समयबद्ध हस्तांतरण तथा प्राप्ति से है। रेल परिचालन की दृष्टि से यह किसी मंडल की परिचालन क्षमता, नेटवर्क समन्वय तथा माल परिवहन दक्षता का प्रमुख प्रदर्शन सूचक माना जाता है। इस उपलब्धि के अंतर्गत डीडीयू मंडल ने 217 मालगाड़ियां अन्य रेल मंडलों से प्राप्त (टेकन ओवर) कीं तथा 222 मालगाड़ियां निकटवर्ती रेल मंडलों एवं डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर को हस्तांतरित (मेड ओवर) कीं। इन 222 मेड ओवर मालगाड़ियों में से प्रयागराज दिशा की ओर उत्तर मध्य रेल एवं डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर को संयुक्त रूप से 85 मालगाड़ियों का मेड ओवर किया गया जो चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 का सर्वोच्च स्तर है।

# आरपीजी प्लस टू विद्यालय में कीचड़ पर हो रही थी नींव की ढलाई, ग्रामीणों ने रोका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दरिहट।** डिहरी प्रखंड के दरिहट स्थित रामप्यारी बालिका उच्च प्लस टू विद्यालय में दो कमरों का निर्माण हो रहा है जहां नींव की ढलाई लगे कीचड़ों पर हो रहा था जिसे ग्रामीणों ने रुकवाया। ग्रामीण प्रमोद कुमार व स्कूल के कक्षपाल जफरुल अंसारी ने बताया कि स्कूल के प्रांगण में दो कमरों का निर्माण हो रहा है जिसकी नींव की खुदाई के बाद जमीन की ढलाई किया जाना है। बारिश होने से नींव में बारिश की पानी भर गया था जहां रविवार को नींव में लगी पानी फेंक कर मिट्टी व कीचडों पर ढलाई किया जा रहा था। जमीन के नीचे सरिया मानक के विरुद्ध ऊपर से मिट्टी है और उसके ऊपर ढलाई किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना था कि नींव से पूरी तरह पानी निकालकर छड़ की सफाई कर ढलाई किया जाना चाहिए, लेकिन ठीकेदार मनमाने तरीके काम करा रहे हैं। कार्यस्थल पर कोई सूचना पट नहीं लगा है जिससे यह जानकारी हो कि किस मद से कितने राशि क्या बन रहा है।

**क्या कहते हैं एचएम बीरेंद्र कुमार**

स्कूल के प्रधानाध्यापक बीरेंद्र कुमार ने बताया कि हमें इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। कितने का प्राक्कलन राशि है और इसका इस्टीमेट क्या है?

**क्या कहते हैं जेई फैजान अख्तर**

कनीय अभियंता फैजान अख्तर ने बताया कि मेरा बदली दिनारा हो गया है, लेकिन इसकी शिकायत सीडीओ कर रहे हैं।

**क्या कहते हैं मुंशी रितिक पाण्डेय**

कांट्रेक्टर के तथाकथित मुंशी रितिक पांडेय ने बताया कि पानी सूखने के बाद सफाई कराकर ढलाई कराया जायेगा। शिक्षा विभाग के मद से लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन के द्वारा करीब 14 लाख 95 हजार की राशि से दो कमरों का निर्माण किया जाना है।

# जे. एन सिंह के निधन पर शोक, दो मिनट का मौन रख दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिला विधिक संघ के पूर्व अध्यक्ष जे. एन सिंह की लंबी बीमारी के बाद उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर से डिहरी विधिक संघ में शोक की लहर फैल गई। रविवार को डिहरी विधिक संघ कार्यालय में संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित अधिवक्ताओं ने मृत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। वक्ताओं ने कहा कि जे. एन सिंह सी.पी.आई.एम. के वरिष्ठ नेता भी थे और कर्मचारी हितों के लिए हमेशा संघर्षरत रहे। उनके आकस्मिक निधन से पूरे जिले के अधिवक्ताओं, कर्मचारियों और आमजन में गहरा शोक है। शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य और शक्ति प्रदान करने की कामना की गई। उमाशंकर पाण्डेय, कमलेश कुमार, नवीन दुबे, रंजीत कुमार, विनोद सिंह, एस.पी. तिवारी, ओमप्रकाश पाण्डेय, मुकेश प्रसाद, बिभूति झा, बलिराम तिवारी, वेदेन्दु पाल, श्रीमन नारायण, मनीषा दुबे, स्वेता पाण्डेय, सुधीर तिवारी, विजय शंकर यादव, मनोज पाण्डेय सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया।

# रालोमो के प्रदेश उपाध्यक्ष बने नन्द कुमार सिंह, संगठन को मजबूत बनाने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) ने नन्द कुमार सिंह को पुनः प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए श्री सिंह ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा तथा प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। नन्द कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है उस पर वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन से राष्ट्रीय लोक मोर्चा को प्रदेश में और अधिक मजबूती मिलेगी। पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करना उनकी प्राथमिकता होगी। नन्द कुमार सिंह की पुनर्नियुक्ति पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के रोहतास जिला अध्यक्ष कपिल कुशवाहा, प्रदेश महासचिव एवं पूर्व एनडीए प्रत्याशी रिंकू सोनी, प्रदेश महासचिव बनारसी कुशवाहा, युवा जदयू के प्रदेश सचिव संदीप गिरी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होकर प्रदेश में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएगा।

# शराब पीकर मजमा लगाने के आरोप में 12 लोगों पर कार्रवाई




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढीगोला (रोहतास)।** अकोढीगोला थाना क्षेत्र के ग्राम बांक में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने कुल 12 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत भेजा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बांक में शराब पीने की पुष्टि होने पर संजय कुमार पिता तुलसी सिंह, रवि रंजन सिंह पिता अजय कुमार सिंह, रितेश कुमार पिता उमेश सिंह, कुंदन कुमार पिता सीताराम शर्मा, विशाल कुमार पिता हरिवंश सिंह, विक्की कुमार पिता स्व. रमेश सिंह, संजय कुमार पिता श्रवण रजक, सभी ग्राम बांक थाना अकोढीगोला जिला रोहतास तथा राजा भैया पिता गंगाराम कुशवाहा ग्राम फफूंदी थाना बगेरू जिला बांदा उत्तर प्रदेश के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायालय भेज दिया गया है। वहीं रात्रि में अवैध मजमा लगाने के आरोप में विधि व्यवस्था संधारण हेतु दिग्विजय कुमार उम्र 25 वर्ष पिता अजय सिंह, रवि कुमार सोनी उम्र 23 वर्ष पिता अजय सेठ, चंदन कुमार उम्र 22 वर्ष पिता मुन्ना राम तथा अयोध्या कुमार उर्फ भुअर उम्र 20 वर्ष पिता सुनील पासी, सभी ग्राम बांक थाना अकोढीगोला को बीएनएनएस की धारा 126/170 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी डिहरी के पास प्रस्तुत किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब एवं असामाजिक तत्वों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# मगध प्रक्षेत्र के आइजी विकास वैभव को गिरिजाधारी पासवान ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** सम सोसायटी ऑफ इंडिया के संस्थापक एवं अध्यक्ष गिरिजाधारी पासवान ने मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) विकास वैभव से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने आईजी की कार्यशैली, सादगी और जनसेवा के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। 'नवबिहार टाइम्स' से बातचीत में गिरिजाधारी पासवान ने कहा कि विकास वैभव बिहार के चर्चित, ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और संवेदनशील आईपीएस अधिकारियों में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आईजी का सरल व्यवहार, मृदुभाषी व्यक्तित्व, धैर्यपूर्वक लोगों की बातें सुनने की शैली और समस्याओं के त्वरित समाधान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उन्हें अन्य अधिकारियों से अलग पहचान दिलाती है।

उन्होंने कहा कि विकास वैभव ऐसे प्रेरणादायी अधिकारी हैं जिनसे मिलकर हर व्यक्ति के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। आम जनता के प्रति उनका सहज व्यवहार और उपलब्धता उन्हें लोगों के बीच लोकप्रिय बनाती है। गिरिजाधारी पासवान ने कहा कि विकास वैभव फोन के माध्यम से भी लोगों की समस्याओं को सुनते हैं तथा अपने कार्यालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में आने वाले फरियादियों से मिलकर उनके मामलों के समाधान का प्रयास करते हैं। गिरिजाधारी पासवान ने कहा कि वर्तमान समय में प्रशासनिक व्यवस्था को ऐसे जनोन्मुख और संवेदनशील अधिकारियों की आवश्यकता है जो आम लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता देकर उनके समाधान के लिए समर्पित भाव से कार्य करें। उन्होंने विकास वैभव के उज्ज्वल भविष्य और निरंतर जनसेवा की कामना करते हुए कहा कि उनसे मिलना उनके लिए गर्व और आत्मीय संतोष का विषय रहा।

# अपने पुराने विद्यालय के मॉडल स्कूल बनने पर भावुक हुए मंत्री



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के गुरुशरणपुर गांव पहुंचे, जहां उन्होंने नवनिर्मित मॉडल स्कूल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिस विद्यालय में उन्होंने स्वयं पढ़ाई की थी, आज उसी विद्यालय का मॉडल स्कूल के रूप में विकसित होना उनके लिए बेहद गर्व और खुशी की बात है। मंत्री ने कहा कि जल्द ही इस मॉडल स्कूल में पढ़ाई शुरू होगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा मैंने इसी विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर जीवन में आगे बढ़ने का प्रयास किया था। आज इसी विद्यालय को मॉडल स्कूल के रूप में देखकर अत्यंत खुशी हो रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने प्रत्येक प्रखंड में एक-एक विद्यालय का चयन मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके।

### बोले- यह मेरे लिए गर्व का क्षण

इस दौरान मंत्री श्रवण कुमार ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर भी विपक्ष पर निशाना साधा। जन सुराज के नेता प्रशांत किशोर पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि इस उपचुनाव के बाद बिहार की राजनीति में कई दलों की वास्तविक स्थिति सामने आ जाएगी। उन्होंने दावा किया कि एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा की जीत तय है, जबकि अन्य उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो जाएगी।आरजेडी से इस्तीफा देने वाले मृत्युंजय तिवारी के संबंध में पूछे गए सवाल पर मंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी में आने वाले हर व्यक्ति का स्वागत है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि मृत्युंजय तिवारी ने आरजेडी छोड़ने में काफी देर कर दी। उन्होंने कहा जब सिर से पानी ऊपर बह गया, तब उन्होंने पार्टी छोड़ी। अब बिहार में उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। कार्यक्रम में बेन प्रखंड जदयू अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष अरविंद पटेल, टुनटुन सिंह, जितेंद्र सिंह, छात्र जिला सचिव गौतम कुमार, जीतू मांझी, सुधीर प्रसाद, शैलेंद्र कुमार, रणवीर सिंह, नीरज कुमार, भागेरन पाल, धुरी मांझी, सुनील सिंह समेत जदयू के कई पदाधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# राजगीर के गर्म कुंडों को बचाने की हुंकार, 2 अगस्त को बंद का ऐलान




### महापंचायत में अवैध बोरिंग पर रोक, वैज्ञानिक जांच और जलस्त्रोतों के संरक्षण की उठी मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगीर।** पर्यटन नगरी राजगीर के ऐतिहासिक गर्म कुंडों और प्राकृतिक जलस्त्रोतों के लगातार सूखने से चिंतित स्थानीय लोगों ने रविवार को एक महापंचायत आयोजित कर सरकार और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। राजगीर विकास समिति के नेतृत्व में आयोजित बैठक में कुंडों के संरक्षण के लिए तत्काल वैज्ञानिक अध्ययन कराने, अवैध डीप बोरिंग पर रोक लगाने और जलस्त्रोतों को बचाने की मांग की गई। चेतावनी दी गई कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो 2 अगस्त को संपूर्ण राजगीर बंद कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। महापंचायत में बताया गया कि गंगा-यमुना, अनंत ऋषि, व्यास और मार्कण्डेय कुंड के जलस्त्रोत लगभग सूख चुके हैं। वहीं सप्तधारा कुंड की सात में से चार प्राकृतिक धाराएं पूरी तरह बंद हो गई हैं और शेष तीन का जलप्रवाह भी लगातार कम हो रहा है। समिति के महासचिव ओमराव प्रसाद निर्मल ने आरोप लगाया कि पांडु पोखर, झुनकी बाबा धर्मशाला और मखदूम कुंड के आसपास हो रही अवैध डीप बोरिंग के कारण प्राकृतिक जलधाराएं प्रभावित हुई हैं। उपेन्द्र कुमार विभूती ने कहा कि कुंड क्षेत्र मे बडे पैमाने पर अतिक्रमण हैं राजगीर को अतिक्रमण मुक्त करना सरकार कि जवाबदेही हैं। लेकिन सरकार इस मे बिफल दिख रही हैं। जिसका परिणा।म है कि राजगीर का सौदर्यीकरण बिगडता जा रहा हैं। बैठक में मांग की गई कि कुंड क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में बोरिंग और अवैध निर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। साथ ही पहाड़ स्थित प्राचीन भेलवा डोब की खुदाई कर जल संरक्षण की स्थायी व्यवस्था करने का सुझाव दिया गया। महापंचायत में सरस्वती नदी में गिर रहे सीवरेज और कुंड मार्ग पर खुले में मांस-मछली की बिक्री पर भी चिंता जताई गई। स्थानीय लोगों ने कहा कि यह केवल राजगीर नहीं, बल्कि पूरे बिहार की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का सवाल है। हस्ताक्षर अभियान शुरू कर राष्ट्रपति तक अपनी बात पहुंचाने का निर्णय लिया गया। समिति ने चेतावनी दी कि मांगें अनसुनी होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## एक नजर

### भूमि विवाद में सेवानिवृत्त दफादार व चौकीदार पर हमला, दोनों घायल

**बिहारशरीफ।** बिन्द थाना क्षेत्र के सकसोहरा-वेनार पथ पर मषाढ़ा खंधा के समीप शनिवार देर शाम जमीन विवाद को लेकर सेवानिवृत्त दफादार और एक चौकीदार पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायलों की पहचान ताजनीपुर निवासी सेवानिवृत्त दफादार बिन्देश्वरी प्रसाद यादव तथा नौरंगा निवासी चौकीदार भूषण पासवान के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बिन्देश्वरी प्रसाद यादव जमीन विवाद से संबंधित आवेदन देने के बाद चौकीदार भूषण पासवान के साथ बाइक से गांव लौट रहे थे। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार छह बदमाशों ने बीच सड़क पर उनकी बाइक रोक ली और लाठी-डंडों से दोनों की पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बिन्द में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद बिन्देश्वरी प्रसाद यादव की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मॉडल अस्पताल, बिहारशरीफ रेफर कर दिया गया। बिन्द थानाध्यक्ष मुरली मनोहर आजाद ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

### कतरीसराय पीएचसी में नवजात की मौत पर हंगामा

**कतरीसराय।** कतरीसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नवजात की मौत के बाद परिजनों ने स्वास्थ्यकर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। घटना के बाद अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। बिलारी गांव निवासी राकेश कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि चिकित्सक की अनुपस्थिति में पीएचसी की एएनएम ने उनकी 23 वर्षीय परिजन रिमझिम कुमारी का सामान्य प्रसव कराया। शनिवार सुबह करीब सात बजे एक बच्ची का जन्म हुआ। परिजनों का दावा है कि जन्म के समय नवजात पूरी तरह स्वस्थ थी और उसका वजन लगभग तीन किलोग्राम था। उनका आरोप है कि करीब तीन घंटे बाद स्वास्थ्यकर्मियों की लापरवाही से बच्ची की तबीयत बिगड़ गई। बाद में उसे बेहतर इलाज के लिए पावापुरी विम्स रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। वहीं, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पिंकी वर्णवाल ने लापरवाही के आरोपों से इनकार किया। उन्होंने बताया कि पीएचसी में केवल दो चिकित्सक कार्यरत हैं। सुरक्षित सामान्य प्रसव कराया गया था, लेकिन चिकित्सकीय कारणों से नवजात की तबीयत बिगड़ सकती है। शिशु रोग विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं होने के कारण उसे तत्काल विम्स रेफर किया गया। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का प्रयास किया जा रहा है। मामले की जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी।

### पाइन में डूबने से अधेड़ की मौत

**नगरनौसा।** नगरनौसा थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव में रविवार को पाइन (सिंचाई नहर) में डूबने से एक अधेड़ की मौत हो गई। घटना से गांव में शोक का माहौल है। मृतक की पहचान महमदपुर निवासी स्वर्गीय मदन जमादार के 50 वर्षीय पुत्र माली जमादार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, वह खेती-बाड़ी के कार्य से गांव के बालू खंधा क्षेत्र गए थे। पाइन पार करने के दौरान उनका पैर फिसल गया, जिससे वह गहरे पानी में डूब गए। आसपास के लोग जब तक उन्हें बाहर निकालते, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर नगरनौसा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन पर जोर

**बिहारशरीफ।** भारतीय जनता पार्टी क्रीड़ा प्रकोष्ठ, नालंदा की परिचयात्मक बैठक रविवार को जिला संयोजक जयराम कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने वंदे मातरम् के गायन के साथ किया। इस अवसर पर अतिथियों का अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों तथा विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने बूथों पर पार्टी के कार्यक्रमों से लोगों को जोड़ने, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने, स्थानीय समस्याओं के समाधान में सहयोग करने तथा अधिक से अधिक पात्र लोगों का राशन कार्ड बनवाने में मदद करने का आह्वान किया।

# बिहारशरीफ में सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय का शुभारंभ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जवाहर कन्या उच्च विद्यालय परिसर में रविवार को सरस्वती विद्या निकेतन का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय विधायक सहित जिले के कई वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि आज का दिन बिहार के शिक्षा जगत के लिए ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य के सभी 38 जिलों में एक साथ 551 सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पहल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक शिक्षण संसाधनों, नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।उन्होंने कहा कि बिहार सरकार का संकल्प है कि प्रतिभा कभी अवसर के अभाव में पीछे न रहे। प्रत्येक प्रखंड में विकसित किए जा रहे आदर्श विद्यालय शिक्षा का नया मानक स्थापित करेंगे और छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बनेंगे। इन विद्यालयों में आधुनिक शिक्षण व्यवस्था, बेहतर आधारभूत सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी नालंदा, विधान पार्षद रीना यादव, नगर आयुक्त, उप नगर आयुक्त, शिक्षा विभाग के विभिन्न पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, सम्मानित कार्यकर्ता, विद्यालय परिवार, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# करोड़ों खर्च के बाबजूद बदहाल बाजार समिति, बंद गेट और कीचड़ से किसान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** स्मार्ट सिटी योजना के तहत बाजार समिति को आधुनिक और सुविधायुक्त बनाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए गए, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। किसानों की सुविधा और बाजार के सौंदर्यीकरण के लिए कराए गए विकास कार्यों का लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा है। हल्की बारिश होते ही बाजार समिति की सड़कें कीचड़ और जलजमाव से भर जाती हैं, जिससे किसानों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।बाजार समिति के एनएच की ओर लाखों रुपये की लागत से एक भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण कराया गया, लेकिन यह आज भी बंद पड़ा है। किसानों का आरोप है कि अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता के कारण गेट का उपयोग नहीं हो रहा है। छठ पर्व के दौरान कुछ दिनों के लिए इसे खोला गया था, लेकिन बाद में फिर बंद कर दिया गया। नतीजतन किसानों को अपनी उपज लेकर लंबा चक्कर लगाकर बाजार पहुंचना पड़ता है, जिससे समय और परिवहन लागत दोनों बढ़ रही हैं। किसानों का कहना है कि प्रतिदिन करोड़ों रुपये का कृषि कारोबार होने के बावजूद बाजार समिति में सड़क, जलनिकासी और सुगम आवागमन जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। बारिश के दिनों में कीचड़ से भरे रास्तों पर सब्जी और अनाज लेकर चलना किसी चुनौती से कम नहीं होता।स्थानीय किसानों और व्यापारियों ने प्रशासन से बंद पड़े प्रवेश द्वार को तत्काल खोलने, जलनिकासी व्यवस्था दुरुस्त करने तथा बाजार समिति में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

# लंगोटा मेला की तैयारियों का नगर आयुक्त ने लिया जायजा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत आयोजित होने वाले बाबा मणिराम अखाड़ा लंगोटा मेला-2026 की तैयारियों को लेकर नगर आयुक्त ने मेला परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि पूरे मेला क्षेत्र में दो पालियों में नियमित साफ-सफाई कराई जाए, ताकि परिसर स्वच्छ बना रहे। इसके अलावा श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने, सभी बंद पड़े स्ट्रीट लाइट एवं हाईमास्ट लाइटों की शीघ्र मरम्मत कराने तथा रात्रि में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।उन्होंने मेला क्षेत्र में अस्थायी शौचालयों की समुचित व्यवस्था करने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वाटर एटीएम स्थापित करने का भी निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने कहा कि मेले में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से समयबद्ध तरीके से तैयारियां पूरी करें। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित रहे।

## नवादा

# इंटर विद्यालय कौआकोल में होगा सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय का संचालन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी शिक्षा पहल के तहत प्रदेश में स्थापित किए जा रहे 551 सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालयों का रविवार को मुख्यमंत्री द्वारा शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर इंटर विद्यालय कौआकोल में उद्घाटन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं,शिक्षकों,शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान जिला के वरीय अधिकारियों के साथ सीओ चन्दन चौधरी,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) अजित कुमार एवं इंटर विद्यालय कौआकोल के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय के संचालन के लिए इंटर विद्यालय कौआकोल का चयन किया गया है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी शहरी क्षेत्रों के समान गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराना है,ताकि वे प्रतिस्पर्धी दौर में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 9वीं से इंटरमीडिएट तक नियमित पढ़ाई के साथ-साथ जेईई, नीट, एनडीए, एसएससी,बैंकिंग सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जाएगी। विद्यार्थियों को विशेष शैक्षणिक मार्गदर्शन, करियर काउंसलिंग, आधुनिक शिक्षण संसाधन तथा समय-समय पर विशेषज्ञ शिक्षकों का सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वे प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर सफलता प्राप्त कर सकें। बीईओ अजित कुमार ने कहा कि इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी। अब उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से इस अवसर का पूरा लाभ उठाने और लक्ष्य निर्धारित कर मन लगाकर अध्ययन करने की अपील की।

# नवादा जिले के 14 आदर्श विद्यालयों का उद्घाटन

### विभिन्न जिलों में नवस्थापित 551 सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) का उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कर-कमलों द्वारा बेगूसराय जिले के आई.ओ.सी.एल. स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से बिहार के विभिन्न जिलों में नवस्थापित 551 सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर नवादा जिले के कुल 14 सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) का भी उद्घाटन किया गया। नवादा जिले में उद्घाटित सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) में इंटर स्कूल, हिसुआ; इंटर स्कूल, चंडीनावां (काशीचक); इंटर स्कूल, कौआकोल; इंटर स्कूल, नारदीगंज; उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, पटवासराय (नवादा सदर); महंथ रामधनपुरी इंटर स्कूल, बुधौली (पकरीबरावां); आर.एस. इंटर स्कूल, शाहपुर (वारिसलीगंज); शिवदानी अयोध्या इंटर स्कूल, गोपालपुर (अकबरपुर); टी.वी. इंटर हाई स्कूल (गोविंदपुर); आर.एस. एस. हाई स्कूल (मेसकौर); प्लस-2 सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खनवां (नरहट); रजौली इंटर स्कूल, रजौली; हाई स्कूल, सिउर (रोह) तथा उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, सांढ़ (सिरदला) शामिल हैं। इसी क्रम में नवादा जिले के इंटर मॉडल स्कूल (आदर्श विद्यालय), नारदीगंज में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, साथ ही मुख्यमंत्री के राज्यस्तरीय उद्घाटन समारोह का लाइव प्रसारण देखा गया।

कार्यक्रम में गोपनीय शाखा प्रभारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा), प्रखंड विकास पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### मंगलवार को कौआकोल के पहाड़पुर पंचायत में लगेगा सहयोग शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को आयोजित होने वाले सहयोग शिविर के तहत इस बार मंगलवार को प्रखंड की पहाड़पुर पंचायत में शिविर लगाया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) डॉ. अखिलेश कुमार ने बताया कि शिविर का आयोजन पंचायत सरकार भवन,पहाड़पुर में किया जाएगा। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मियों को समय पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि शिविर में ग्रामीण अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। साथ ही सरकारी योजनाओं, प्रमाण पत्र, पेंशन, राशन, आवास, मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े मामलों की सुनवाई कर यथासंभव मौके पर ही समाधान का प्रयास किया जाएगा। जिन मामलों का तत्काल निष्पादन संभव नहीं होगा,उन्हें संबंधित विभाग को भेजकर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने पहाड़पुर पंचायत के सभी ग्रामीणों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं एवं शिकायतों का समाधान कराएं तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्राप्त करें।

### राजीव नगर गांव में पेयजल संकट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** हंडिया पंचायत के राजीव नगर गांव में बीते चार दिनों से पेयजल संकट बना हुआ है। जिससे ग्रामीणों में परेशानी बढ़ी हुई है। यह गांव वनगंगा जेठियन सड़क मार्ग में पहड़तली में बसा हुआ है। जागरण पंचायत क्लब हंड़िया के सदस्य मनोज राजवंशी, ग्रामीण डोमी राजवंशी,भोला राजवंशी, चामो राजवंशी,वसन्त राजवंशी समेत अन्य ग्रामीणों ने कहा यह बोरिंग पीएचईडी विभाग के माध्यम से हुआ है। मोटर चालू नहीं हो पा रहा है। इंसुलेटर और कंडेंसर जल गया है। बिजली तार भी जला हुआ है। जिससे बोरिंग चालू बंद है। ऐसे में पानी की किल्लत हो गई है। चार दिन से लोग जूझ रहे हैं। हम लोगों की समस्याओं को समाधान होना जरूरी है, ताकि ग्रामीणों को सही तरीके से पानी मिल सके। इधर, बिजली विभाग के कनीय अभियंता नवीन कुमार सिंह कहते हैं कि बिजली मैकेनिकल को भेजकर समस्या को दूर कर दिया जाएगा।

# 75 वर्षीय महिला के लिए देवदूत बने रक्तदाता, छत्रपति शिवाजी सेवा संस्थान ने कराया निःशुल्क रक्तदान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** मानवता की मिसाल पेश करते हुए छत्रपति शिवाजी सेवा संस्थान ने एक बार फिर जरूरतमंद मरीज की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। 75 वर्षीया ममता देवी, जिनका कुल्हे की हड्डी टूट जाने के कारण एक निजी नर्सिंग होम में इलाज चल रहा है, उनके ऑपरेशन के लिए ओ पॉजिटिव रक्त की तत्काल आवश्यकता थी। ममता देवी के पोते विपुल ने बताया कि वह लगभग 20 दिन पहले अपनी बहन के सड़क दुर्घटना में घायल होने पर रक्तदान कर चुके थे। परिवार का दूसरा सदस्य दिल्ली में रहता है और अन्य कोई रक्त देने के लिए उपलब्ध नहीं था। ऐसे संकट की घड़ी में किसी परिचित ने उन्हें छत्रपति शिवाजी सेवा संस्थान के सचिव जितेंद्र प्रताप 'जीतू' का संपर्क नंबर दिया। सूचना मिलते ही जितेंद्र प्रताप जीतू ने मामले को प्राथमिकता देते हुए संस्थान के सक्रिय सदस्य शौर्य प्रताप को रक्तदान के लिए भेजा। मात्र 21 वर्ष की आयु में शौर्य प्रताप ने यह अपना नौवां रक्तदान किया। उन्होंने युवाओं से नियमित रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को हर तीन महीने में रक्तदान कर समाज सेवा का संकल्प निभाना चाहिए। संस्थान के सचिव जितेंद्र प्रताप जीतू ने बताया कि नियमित रक्तदान स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है और इससे कई गंभीर बीमारियों का खतरा भी कम होता है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं अब तक 76 बार रक्तदान कर चुके हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि जरूरत पड़ने पर रक्त खरीदने के बजाय स्वेच्छा से रक्तदान करें तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। छत्रपति शिवाजी सेवा संस्थान द्वारा यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की जाती है।

# पति की हत्या मामले में गिरफ्तार पत्नी भेजी गई न्यायिक हिरासत में

### चार के विरुद्ध प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** थाना क्षेत्र के दरावां गांव स्थित दारोबीघा बधार से शनिवार को एक युवक का शव बरामद होने के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच तेज कर दी है। इस मामले में मृतक की पत्नी को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के भाई जमुई जिला के चन्द्रदीप थाना अंतर्गत आढ़ा गांव निवासी चितरंजन कुमार-पिता अर्जुन महतो के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि उनके भाई ओंकार कुमार को जहर देकर हत्या की गई है। पुलिस ने इस मामले में प्राप्त आवेदन पर मृतक की पत्नी मंजू देवी सहित चार लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है। नामजद आरोपितों में मंजू देवी को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है। जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों एवं वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि फरार आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम लगातार कार्रवाई में जुटी हुई है।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मॉडल विद्यालय का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित इंटर विद्यालय नारदीगंज को सरकार और शिक्षा विभाग ने इस विद्यालय को मॉडल विद्यालय का दर्जा दिया है। अब इसका नया नाम 'सरस्वती शिक्षा निकेतन (मॉडल स्कूल) इंटर विद्यालय, नारदीगंज' हो गया है। रविवार दोपहर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इसका विधिवत उद्घाटन किया। इसी कड़ी में विद्यालय परिसर में भव्य समारोह आयोजित हुआ। जहां मुख्य अतिथि के रूप में नवादा के डीएम रवि प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मॉडल विद्यालय में छात्रों को स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, डिजिटल क्लास और आधुनिक साइंस लैब जैसी सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही, बच्चों को स्कूल में ही जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी दीपक कुमार, बीडीओ सोनिया ढनढननिया, बीईओ दीपक सक्सेना और प्रभारी प्राचार्य कृष्णकांत इचा गुट्टू समेत कई अधिकारी, शिक्षक और छात्र मौजूद रहे। छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का अभिनंदन किया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से स्थानीय लोगों और बच्चों में भारी उत्साह है।

# भाजपा मीडिया प्रभारियों को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखंड के युवा नेता सूरज कुमार साव को नवादा जिला भाजपा का सोशल मीडिया सह-संयोजक तथा राहुल कुमार को गोविंदपुर विधानसभा का मीडिया प्रभारी मनोनीत किए जाने पर रविवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पूर्वी मंडल के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अजित कुमार वर्मा के आवास पर आयोजित समारोह में दोनों युवा नेताओं को अंगवस्त्र ओढ़ाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों का सोशल मीडिया पर प्रभावी ढंग से प्रचार-प्रसार होगा। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित कुमार, मुन्ना शर्मा, लोजपा (रा.) के प्रखंड अध्यक्ष माहो पासवान, माधुरी वर्मा, जवाहर लाल, महेंद्र सिंह सहित कई भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

# शराब धंधेबाज सुमन्त उर्फ नागा गिरफ्तार, भेजा गया न्यायिक हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** थाना क्षेत्र के सोखोदेवरा गांव निवासी शराब तस्करी के आरोपित सुमन्त कुमार उर्फ नागा को पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। काफी दिनों से फरार चल रहे आरोपित की गिरफ्तारी पुलिस के लिए महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सुमन्त कुमार उर्फ नागा के विरुद्ध कौआकोल थाना में शराब तस्करी से संबंधित कई प्राथमिकी दर्ज हैं। विभिन्न मामलों में वांछित होने के कारण पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी,लेकिन वह गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान एसटीएफ के सहयोग से सोखोदेवरा गांव में नाटकीय ढंग से छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद रविवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।

### सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) +2 जिला स्कूल, गयाजी का उद्घाटन

# शिक्षा से ही विकसित होगा राष्ट्र : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) +2 जिला स्कूल, गयाजी के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर वर्चुअल के माध्यम से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं विजेंद्र प्रसाद यादव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी सह विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशांक शुभंकर, जिला शिक्षा पदाधिकारी कृष्ण मुरारी गुप्ता, प्रभारी प्राचार्य कुमारी सरिता, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र के विकास की सबसे मजबूत आधारशिला है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही संस्कारित, सक्षम और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आधारभूत सुविधाओं का विस्तार कर रही है ताकि विद्यार्थियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) का शुभारंभ गया के विद्यार्थियों के लिए एक नई उपलब्धि है। यह विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और चरित्र निर्माण का भी महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर अध्ययन करने, अपने माता-पिता एवं शिक्षकों का सम्मान करने तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नई शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को अधिक व्यावहारिक, रोजगारोन्मुख और तकनीक आधारित बनाया जा रहा है। बिहार सरकार भी शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण, आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने विद्यालय परिवार को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह संस्थान आने वाले वर्षों में उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ समाज एवं राष्ट्र को योग्य, संस्कारित और जिम्मेदार नागरिक प्रदान करेगा।

# जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन बागेश्वरी एवं मानपुर फ्लाईओवर का किया निरीक्षण

### पितृपक्ष मेला से पूर्व निर्माण कार्यों में तेजी लाने और सड़क व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने निर्माणाधीन बागेश्वरी फ्लाईओवर एवं मानपुर फ्लाईओवर परियोजनाओं का स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति, भू-अर्जन, यातायात व्यवस्था तथा आमजन की सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यकारी एजेंसियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने तथा पितृपक्ष मेला-2026 से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बागेश्वरी फ्लाईओवर के निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि फ्लाईओवर के एलाइनमेंट में आने वाले सभी मकानों एवं भूमि का घर-घर जाकर सर्वेक्षण करें तथा संबंधित रैयतों के भूमि एवं स्वामित्व संबंधी दस्तावेजों का संग्रह करें। उन्होंने कहा कि जिनकी भूमि या मकान परियोजना की जद में आएंगे, उन्हें राज्य सरकार के प्रावधानों के अनुरूप नियमानुसार उचित मुआवजा एवं सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि प्रभावित मकानों एवं अन्य संरचनाओं का मूल्यांकन शीघ्र कराया जाए, ताकि मुआवजा निर्धारण की प्रक्रिया में विलंब न हो। जिला पदाधिकारी ने बताया कि अब तक परियोजना से संबंधित 95 आपत्तियां प्राप्त हुई हैं जिन लोगों को अपनी भूमि अथवा अन्य किसी विषय पर आपत्ति दर्ज करानी है, वे अपना आवेदन जिला भू-अर्जन कार्यालय में उपलब्ध करा सकते हैं, जिसका नियमानुसार निष्पादन किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के अभियंताओं को निर्देश दिया कि पितृपक्ष मेला प्रारंभ होने से पूर्व जमीन के अंदर किए जाने वाले सभी फाउंडेशन कार्य हर हाल में पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि मेला अवधि में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों के आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सड़क पूरी तरह चालू स्थिति में बनी रहे।

## कोंच की शीतल शांडिल्य ने पास की ऑल इंडिया बार परीक्षा, क्षेत्र में हर्ष



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच/गयाजी।** कोंच प्रखंड के कोंच गांव की बेटी शीतल शांडिल्य ने ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनका परिणाम हाल में घोषित हुआ है। शीतल कोंच गांव निवासी श्रवण शांडिल्य और भाजपा नेत्री शालिनी शांडिल्य की पुत्री है। परीक्षा में सफलता के बाद अब उन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर स्टेट बार काउंसिल में नामांकन कराना होगा। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही उन्हें विधि व्यवसाय का प्रमाण-पत्र मिलेगा और वे अदालतों में प्रैक्टिस कर सकेंगी। शीतल की इस उपलब्धि से परिजनों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। परिजनों ने बताया कि बचपन से ही शीतल की पढ़ाई में रुचि थी और कानून के क्षेत्र में कुछ करने का जज्बा था। ग्रामीणों और क्षेत्र के युवाओं ने भी शीतल को बधाई दी है। लोगों का कहना है कि उनकी सफलता कोंच क्षेत्र की बेटियों और युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी।

# श्रम अधिकार दिवस सह ग्रामीण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

### सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की दी गयी विस्तृत जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया जी।** उप श्रमायुक्त, गया एवं ऋतुराज, सहायक श्रमायुक्त, गया के द्वारा जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, गया के सभागार में एक दिवसीय श्रम अधिकार दिवस सह ग्रामीण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ श्रमेव जयते के नारे के साथ किया गया। श्रम विभाग के अधिकारियों, डी. आर.सी.सी., प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधक, मीडिया बंधु, श्रमिक संगठनों तथा विभिन्न गैर-सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं जिला के विभिन्न पंचायतों से आये श्रमिकों ने सहभागिता की है। प्रशिक्षण के दौरान श्रमिकों को श्रम अधिकारों सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, रोजगार के अवसरों तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कर्पूर बावला, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, नीमचक बथानी ने बाल श्रम उन्मूलन के बारे में बताया कि बाल श्रम समाज के लिए अभिशाप है। बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन, अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत 14 वर्षों से कम उम्र के बच्चों से कार्य करवाना एक गंभीर अपराध है। दोषी नियोजकों को बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम के तहत 20 हजार से 50 हजार तक का दण्ड की राशि या 6 माह से 2 वर्ष तक का कारावास या दोनों से दण्डित किया जाता है जबकि विमुक्ति कराये गए बाल श्रमिकों को 3000/- प्रति रूपये तत्काल सहायता राशि एवं सीएमआरएफ से 25000 / रूपये मात्र राशि पुनर्वास के रूप में दिया जाता है। सुजीत कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, परैया द्वारा बंधुआ मजदूरी प्रथा (उन्मूलन) अधिनियम, 1976 के बारे में उन्होंने बताया कि यह समाज का अभिशाप है। बंधुआ मजदूर को मुक्त करने के बाद तत्काल सहायता राशि 30,000/- के रूप में दिया जाता है तथा बंधुआ मजदूर साबित हो जाने के पश्चात एक लाख रूपये की राशि बंधुआ श्रमिकों के खाते में दी जाती है। दीपक कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, मानपुर द्वारा बताया गया कि बिहार सरकार एक वर्ष में दो बार न्यूनतम मजदूरी की दर श्रमिकों के लिए तय करती है जो माह अप्रैल एवं अक्टूबर में प्रकाशित की जाती है। अंकित राज, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, वजीरगंज के द्वारा बताया गया कि बी ओ सी डब्लू द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया उनके द्वारा बताया गया कि बिहार भवन एवं सन्निमार्ण कमीर कल्याण बोर्ड के द्वारा निबंधित निर्माण श्रमिकों की स्वभाविक मृत्यु की दशा में रू. 2 लाख एवं नियोजन के क्रम में दुर्घटना मृत्यु की दशा में आपदा प्रबंधन विभाग से राशि प्राप्त नहीं होने की दिशा में मृतक के नामित आश्रित को 4 लाख का भुगतान किया जाता है।

## राज्य के उच्च शिक्षा में व्यापक बदलाव की तैयारी से राज्य के विश्वविद्यालय शिक्षकों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** बिहार राज्य संबद्ध डिग्री कॉलेज शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ के मगध विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष प्रोफेसर विजय कुमार मिट्ठू, संरक्षक प्रो. नवल किशोर शर्मा, डॉ अनिल कुमार सिन्हा, डॉ. अरविंद कुमार, प्रो. शशि भूषण प्रसाद आदि ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा राज्य के उच्च शिक्षा में व्यापक बदलाव की तैयारी की सुगबुगाहट मिलते ही संपूर्ण राज्य के विश्वविद्यालय शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है क्योंकि बिहार सरकार का यह प्रस्ताव बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 की मूल भावना का सीधा उल्लंघन करता है। साथ ही केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन इ पी) की स्वायत्तता, बहुविषयक शिक्षा आदि का पूरी तरह उल्लंघन है। नेताओं ने कहा कि स्नातक और स्नातकोत्तर हमेशा से विश्वविद्यालय के ही अभिन्न अंग रहे हैं, परंतु इस नए नियम लाने से स्नातक एवं स्नातकोत्तर शिक्षकों के बीच का आवश्यक समन्वय पूरी तरह टूट जाएगा। नेताओं ने कहा कि इस अधिनियम को लाने से राजभवन एवं राज्य सरकार के बीच भी द्वंद और तनाव सूबे के उच्च शिक्षा के सेहत के लिए खराब होगा। नेताओं ने कहा कि इस अधिनियम की बातें सामने आने पर राज्य के सभी विश्वविद्यालय, डिग्री कॉलेजों के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों में भारी नाराजगी है तथा इस व्यवस्था को किसी हाल में बिहार में लाना राज्य के उच्च शिक्षा के लिए बेहतर नहीं होगा।

# गांव-समाज में व्याप्त पाखंड के मुकाबले आगे आये अर्जक कार्यकर्ता : प्रो.रामकृष्णा यादव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** संविधान व विज्ञान पर आधारित मानववादी संगठन अर्जक संघ जिला समिति की बैठक जिले के शेरघाटी प्रखंड अंतर्गत चेरकीडीह स्थित पंचायत सरकार भवन में संघ के जिलाध्यक्ष प्रहलाद राय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान चलाने, अर्जक साहित्य का व्यापक प्रचार करने समेत अन्य मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई तथा कई निर्णय लिए गए। बैठक में मौजूद संघ के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह गया कॉलेज गया के पूर्व भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो रामकृष्ण प्रसाद यादव ने कहा कि अर्जक संघ विषमतामूलक संस्कृति पर आधारित ऊंच- नीच, छुआछूत जैसी सामाजिक कुरीतियों को दूर करने व समता मूलक संस्कृति पर आधारित मानववादी संस्कृति को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अर्जक कार्यकर्ता गांवों व समाज में व्याप्त अंधविश्वास व पाखंड को दूर करने के लिए आगे आये तथा समाज के अंतिम व प्रगतिशील लोगों को जोड़ने का काम करें। बैठक में उपस्थित अन्य लोगों में संघ के जिलामंत्री सह पत्रकार विनोद विरोधी, संयुक्त मंत्री संजय मंडल, कोषाध्यक्ष फ़ेकू दास, भिखारी अर्जक, जितेंद्र कुमार, उज्जवल कुमार, परमेश्वर अर्जक, मनोज मंडल आदि उपस्थित थे।

## धार्मिक स्थलों से चंदा चोरी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी (गया दक्षिणी भाग) शेरघाटी/बोधगया के तत्वावधान में अयोध्या राम मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों के चंदे में कथित अनियमितताओं और चोरी के विरोध में शेरघाटी में प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने किया। प्रदर्शन की शुरुआत शेरघाटी के जेपी चौक से हुई जहां बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता एकत्र हुए। अयोध्या राम मंदिर सहित इसके बाद सभी ने जुलूस के रूप में थाना मोड़ तक मार्च किया।

## करंट से 10 वर्षीय किशोर की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** खिजरसराय थाना क्षेत्र के रौनिया पंचायत अंतर्गत पाठकबीघा गांव में शनिवार को करंट लगने से एक 10 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक का माहौल है। मृतक की पहचान जगदीशपुर निवासी सत्यम कुमार के रूप में हुई है। वह अपने पिता सनित कुमार के साथ ननिहाल आया हुआ था। बताया जाता है कि सत्यम खेलने के दौरान बिजली के संपर्क में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद परिजन आनन-फानन में उसे खिजरसराय स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया।

## चंद्रमणि कुमारी ने नीट परीक्षा में 607 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 3443 हासिल की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** प्रखंड के चिरैली गांव की होनहार बेटी चंद्रमणि कुमारी ने नीट परीक्षा में 607 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 3443 हासिल की है। अपनी सफलता के पीछे उन्होंने नियमित पढ़ाई, सेल्फ स्टडी और निरंतर अभ्यास को सबसे बड़ा कारण बताया। चंद्रमणि ने बताया कि वह प्रतिदिन लगभग 7 घंटे पढ़ाई करती थीं। कोटा स्थित एलन संस्थान में कोचिंग के साथ-साथ उन्होंने घर पर सेल्फ स्टडी पर विशेष ध्यान दिया। उनका कहना है कि केवल कोचिंग पर निर्भर रहने से सफलता नहीं मिलती, बल्कि स्वयं पढ़कर विषयों को गहराई से समझना जरूरी होता है। उन्होंने बताया कि कठिन विषयों को बार-बार दोहराना, पुराने प्रश्नपत्र हल करना और अपनी गलतियों का विश्लेषण करना उनकी तैयारी का मुख्य हिस्सा था। तीसरे प्रयास में मिली सफलता ने यह साबित कर दिया कि मेहनत, धैर्य और सही रणनीति से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। चंद्रमणि ने अन्य छात्रों को संदेश देते हुए कहा कि नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता पाने के लिए नियमित पढ़ाई, सेल्फ स्टडी, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास सबसे महत्वपूर्ण हैं।

# रघुनाथखाप विद्यालय को मिली नई पहचान, सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गुरुआ।** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, रघुनाथखाप को अब सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल के रूप में नई पहचान मिल गई है। बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत चयनित इस विद्यालय का उद्घाटन शनिवार को मुख्यमंत्री द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया। उद्घाटन के साथ ही विद्यालय परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। विद्यालय में आयोजित समारोह की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार सिंह ने की। उन्होंने कहा कि मॉडल स्कूल बनने से विद्यालय में आधुनिक शिक्षण व्यवस्था, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर आधारभूत सुविधाओं का विकास तथा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होगा। इससे रघुनाथखाप सहित आसपास के गांवों के छात्र-छात्राओं को भी बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताते हुए शिक्षकों, अभिभावकों और ग्रामीणों से विद्यालय के विकास में सहयोग की अपील की, ताकि यह संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में नई मिसाल स्थापित कर सके। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीओ) गौरव राज, प्रभारी बीईओ रणजीत कुमार, रघुनाथखाप पंचायत के मुखिया अजहर आलम, बीस सूत्री अध्यक्ष मंटू सिंह, उपाध्यक्ष नीतीश कुमार दांगी, लेखापाल निरंजन कुमार, एमडीएम प्रभारी विपिन कुमार, कड़े खान, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कोलौना के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र-छात्राएं, अभिभावक और ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने विद्यालय को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किए जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि यह पहल क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देगी। समारोह का समापन विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना एवं सभी अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापन के साथ हुआ।

## कार की ठोकर से बाइक सवार घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** गया-गोह मुख्य मार्ग पर शनिवार सुबह हिच्छापुर मोड़ के पास तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार इतनी तेज थी कि टक्कर के बाद बाइक सवार दूर जा गिरा। हंगामा देख कार चालक भागने लगा, लेकिन इसी दौरान उसकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी दूसरी कार से टकरा गई। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को तत्काल उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोंच पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया रेफर कर दिया।

# गया में कला एवं संस्कृति के समग्र विकास को लेकर सर्किट हाउस में बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जिले में कला एवं संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं समग्र विकास को लेकर सर्किट हाउस, गया में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में गया की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक महत्व एवं स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में नई योजनाओं के क्रियान्वयन, सांस्कृतिक आयोजनों को बढ़ावा देने, युवा प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराने तथा जिले की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया की सांस्कृतिक विरासत अत्यंत समृद्ध है। इसे संरक्षित करते हुए नई पीढ़ी को अपनी कला एवं संस्कृति से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए जिले में कला एवं संस्कृति के विकास के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित कलाकारों अधिकारियों, कला एवं संस्कृति से जुड़े विशेषज्ञों तथा सामाजिक प्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए और जिले में सांस्कृतिक गतिविधियों को नई गति देने पर बल दिया। बैठक के अंत में यह विश्वास व्यक्त किया गया कि सभी संबंधित पक्षों के सहयोग से गया को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाने की दिशा में प्रभावी पहल की जाएगी।अंत में रंग कर्मी शंभू सुमन का धन्यवाद ज्ञापन कर बैठक को समाप्त किया गया।

# भैरवा गांव में गहराया पेयजल संकट, नल-जल योजना बदहाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** टिकारी प्रखंड की मखदुमपुर पंचायत के मोरहर नदी किनारे बसे भैरवा गांव में इन दिनों भीषण पेयजल संकट गहरा गया है। सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर नल-जल योजना गांव में लगभग ठप हो चुकी है जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों के अनुसार पानी संग्रहित करने वाली जल टंकी निर्माण के समय से ही क्षतिग्रस्त थी और अब उसकी स्थिति और खराब हो गई है। इसके कारण अधिकांश घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है जबकि जिन घरों में आपूर्ति हो रही है वहां भी केवल बूंद-बूंद पानी मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पूरे गांव की पेयजल व्यवस्था फिलहाल केवल दो चापाकलों पर निर्भर है। इससे रोजाना लंबी कतारें लगती हैं और गर्मी के दिनों में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। हाल ही में सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर, कांग्रेस नेता नागेंद्र सिंह ने गांव का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बताया कि वे कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों से पेयजल संकट दूर करने की मांग कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने मुख्यमंत्री और जिला पदाधिकारी, गया से भैरवा गांव के पेयजल संकट को गंभीरता से लेते हुए नल-जल योजना की तत्काल मरम्मत, क्षतिग्रस्त जल टंकी के पुनर्निर्माण, एक अतिरिक्त बोरिंग और नए चापाकलों की स्थापना के साथ नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल प्रत्येक नागरिक का मूल अधिकार है और प्रशासन को इस दिशा में शीघ्र प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

# कम जमीन, लाखों की कमाई, 'फोर लेयर फार्मिंग' से अमीर हो रहे हैं छोटे किसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** बिहार के गया जिले में किसानों की तकदीर 'फोर लेयर फार्मिंग' विधि से बदलती नजर आ रही है। पहले जहां लोग पारंपरिक खेती के तौर-तरीकों पर निर्भर थे, वहीं अब स्थिति बिल्कुल बदल रही है। इस आधुनिक विधि को अपनाकर कम जमीन वाले छोटे किसान भी मालामाल हो रहे हैं। फोर लेयर फार्मिंग का सीधा मतलब है एक ही जमीन के टुकड़े पर एक साथ चार अलग-अलग फसलों को उपजाना। इस बहुफसलीय विधि की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें एक ही जगह पर चार फसलें लगने से आमदनी कई गुना बढ़ जाती है। कृषि क्षेत्र में यह विधि बड़ा बदलाव ला रही है। गया जिले की ननौक पंचायत के अंतर्गत एक छोटा सा गांव नवादा है। गांव के कई प्रगतिशील किसान इन दिनों फोर लेयर फार्मिंग विधि से बड़े पैमाने पर खेती कर रहे हैं। कृषि के क्षेत्र में आया यह अभूतपूर्व बदलाव वहां काम करने वाली एक सामाजिक संस्था 'प्राण' के माध्यम से संभव हुआ है। प्राण संस्था नवादा गांव के ग्रामीण इलाकों में कृषि और पशुपालन के सुधार के लिए कार्य करती है। इस संस्था के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में मवेशियों को समय पर वैक्सीन देने का काम किया जाता है। इसके साथ ही संस्था किसानों को आधुनिक और अधिक आमदनी देने वाले तौर-तरीकों की जानकारी देती है।

प्राण संस्था ने सबसे पहले नवादा गांव में पहुंचकर स्थानीय किसानों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की थी। बैठक में संस्था के विशेषज्ञों ने किसानों को फोर लेयर फार्मिंग की पूरी तकनीक और उसके फायदों के बारे में समझाया। इसके बाद प्रशिक्षण लेकर किसानों ने अपने खेतों में इस विधि को लागू किया। संस्था से ट्रेनिंग लेने के बाद जब नवादा गांव के किसानों ने इस विधि को आजमाया तो उनके आर्थिक हालात तेजी से सुधरने लगे। इस तकनीक से खेती करने के कारण किसानों की आमदनी में सीधे तीन से चार गुना तक का इजाफा हुआ है। अब यहां के किसान आर्थिक रूप से काफी मजबूत हो रहे हैं। नवादा गांव के जिन छोटे किसानों के पास कृषि योग्य भूमि बहुत थोड़ी कम भी है, वे भी इस विधि से सालाना लाखों रुपये आराम से कमा रहे हैं। वहीं जिन किसानों के पास ज्यादा खेत हैं वे तो इस आधुनिक तकनीक को अपनाकर बेहद कम समय में पूरी तरह मालामाल हो रहे हैं।

संपादकीय

# किसानों की मांगों पर ध्यान दे सरकार

यह अपने आप में विडंबना ही है कि बुधवार को मप्र की डॉ. मोहन यादव सरकार प्रदेश में बलराम कृषक दिवस का शुभारंभ कर रही थी, उसी वक्त नर्मदा पट्टी के तमाम किसान मूंग की सौ फीसदी खरीद एमएसपी पर करने तथा खाद की सुगम आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे हुए थे। किसानों का यह आंदोलन अभी जारी है और राज्य सरकार की तरफ से ऐसा कोई संकेत नहीं है कि किसानों की मांगों के प्रति संवेदनशील रवैया रखती है। उल्टे इसे राजनीतिक रंग देने की कोशिश जरूर हो रही है। जबकि सरकार के रवैये से नाराज किसानों का आंदोलन अब उग्र रूप लेता जा रहा है। किसान संगठन जगह जगह हाई वे जाम कर रहे हैं और अनिश्चितकालीन धरने दे रहे हैं। नर्मदापुरम में तो उन्होंने कलेक्टोरेट पर अर्द्ध नग्न होकर प्रदर्शन किया। जबकि सिवनी मालवा में किसानों ने मूंग से भरी बोरी को ही दूल्हा बनाकर अनोखी बारात निकाली। आंदोलनकारी किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानी तो अब वो रेल पटरियों पर धरना देकर रेलें रोकेंगे। इस आंदोलन में भारतीय किसान संघ, किसान यूनियन, किसान कांग्रेस और राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ सहित कई किसान संगठन शामिल है। किसानों का यह आंदोलन 6 जुलाई से चल रहा है, लेकिन सरकार ने अभी तक उनसे किसी तरह की कोई बातचीत नहीं की है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने साल कुल उत्पादन की केवल 25 फीसदी मूंग ही न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने का निर्णय लिया है। चूंकि इस साल मूंग की बंपर फसल आई है, ऐसे में किसानों को बाकी उपज खुले बाजार में औने-पौने दामों में बेचनी पड़ेगी। एक अनुमान के मुताबिक राज्य में इस वर्ष 18 लाख टन मूंग की पैदावार हुई। भारी उत्पादन के कारण बाजार में मूंग के दाम बहुत गिर गए हैं। किसान अगर इस भाव पर माल बेचता है तो उसे भारी नुकसान होगा। यानी लागत निकलना भी मुश्किल है। जबकि सरकार ने 25 फीसदी उपज ही एमएसपी पर खरीदने की बात कही बल्कि खरीदी के साथ यह शर्त भी जोड़ दी है कि प्रति एकड़ केवल 1.2 क्विंटल मूंग ही खरीदी जाएगी। सरकार ने मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8,768 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है, लेकिन बाजार में मूंग का भाव केवल 6 से 6,500 रुपये प्रति क्विंटल मिल रहा है। सरकार की दिक्कत हो सकती है कि वह इतने बड़े पैमाने पर मूंग की खरीदी एमएसपी पर कैसे करे? इसके लिए भी पैसा चाहिए। किसानों का कहना है कि सरकार ने ही कहा था कि वह मूंग की खरीदी एमएसपी पर करेगी। गौरतलब है कि नर्मदा पट्टी के किसान मूंग के रूप में गर्मियों में तीसरी फसल ले रहे हैं। इससे मिला पैसा ही वो खरीफ पर खर्च करते हैं। अगर मूंग बहुत कम भाव पर बिकी तो उन्हें घाटा होना तय है। यहां समस्या केवल भाव की ही नहीं है, समय पर बीज न मिलना, प्रामाणिक बीज मुश्किल से मिलना, सही वक्त पर पर्याप्त खाद न मिलना और अगर मौसम मेहरबान भी रहा तो अच्छी फसल आने के बाद बाजार में भावों का गिर जाना भी बड़ी समस्या है। एक और दिक्कत खरीदी गई फसल के समुचित भंडारण की भी है। दरअसल सरकार घोषणा तो कर देती है, लेकिन उसके व्यावहारिक और जरूरी पक्ष को नजरअंदाज कर देती है। मूंग प्रकरण में भी सरकार भले ही पूरी फसल एमएसपी पर न खरीदे, लेकिन कम से कम आधी फसल खरीद कर किसानों को कुछ तो राहत दे। किसानों के प्रति असंवेदनशीलता सरकार को भारी पड़ सकती है, क्योंकि राज्य में अगले साल पंचायतों के चुनाव होना है।

# अखिलेश को 'आंखें' दिखाने का राज

**कांग्रेस के कद्दावर नेता और सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद द्वारा समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर की गई तीखी टिप्पणी को इस घटनाक्रम का मुख्य बिंदु माना जा रहा है। मसूद के ये तेवर केवल एक व्यक्ति की व्यक्तिगत राय नहीं हो सकते, बल्कि जानकार इसे कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व, विशेषकर गांधी परिवार की मौन स्वीकृति या उनकी सोची-समझी रणनीति का हिस्सा मानते हैं। इमरान मसूद की पृष्ठभूमि को देखें, तो वे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक बड़े मुस्लिम चेहरे रहे हैं और उनका आक्रामक तेवर हमेशा से कांग्रेस की रणनीति का हिस्सा रहा है। अखिलेश यादव पर उनका यह प्रहार सपा को असहज करने के लिए काफी है, लेकिन इसके पीछे का मास्टरमाइंड कौन है, यह सवाल राजनीतिक विश्लेषकों को कांग्रेस के उच्च स्तर तक ले जाता है। दरअसल, कांग्रेस आलाकमान संभवतः यह महसूस कर रहा है कि पिछले कुछ चुनावों में सपा के साथ गठबंधन के बावजूद कांग्रेस को न केवल अपनी सीटें गंवानी पड़ीं, बल्कि उसका वोट बैंक भी तेजी से सपा की ओर खिसका है।**

उत्तर प्रदेश की राजनीति अपनी जटिलताओं और अप्रत्याशित करवटों के लिए जानी जाती है, और वर्तमान में राज्य में जो सियासी घटनाक्रम घटित हो रहा है, वह उसी परंपरा का एक नया अध्याय है। आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस द्वारा अपने ही गठबंधन सहयोगी, समाजवादी पार्टी (सपा) के खिलाफ खोला गया मोर्चा राजनीतिक गलियारों में चर्चा का केंद्र बन गया है। सतह पर यह एक सामान्य राजनीतिक बयानबाजी लग सकती है, लेकिन इसके पीछे के निहितार्थ काफी गहरे और दूरगामी हैं। कांग्रेस का यह कदम स्पष्ट रूप से दबाव की राजनीति (प्रेशर पॉलिटिक्स) का एक हिस्सा माना जा रहा है, जहाँ पार्टी अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने के लिए जोखिम लेने से भी पीछे नहीं हट रही है। लंबे समय से उत्तर प्रदेश में हाशिये पर रही कांग्रेस अब अपनी रणनीतियों में आमूलचूल परिवर्तन करने के संकेत दे रही है। यदि इस स्थिति का बारीकी से विश्लेषण किया जाए, तो यह स्पष्ट होता है कि कांग्रेस अब 'हम तो डूबेंगे ही, तुमको भी ले डूबेंगे' की तर्ज पर आगे बढ़ रही है, जिसका सीधा असर उत्तर प्रदेश के विपक्षी गठबंधन इंडिया की एकजुटता पर पड़ना तय है।



कांग्रेस के कद्दावर नेता और सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद द्वारा समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर की गई तीखी टिप्पणी को इस घटनाक्रम का मुख्य बिंदु माना जा रहा है। मसूद के ये तेवर केवल एक व्यक्ति की व्यक्तिगत राय नहीं हो सकते, बल्कि जानकार इसे कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व, विशेषकर गांधी परिवार की मौन स्वीकृति या उनकी सोची-समझी रणनीति का हिस्सा मानते हैं। इमरान मसूद की पृष्ठभूमि को देखें, तो वे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक बड़े मुस्लिम चेहरे रहे हैं और उनका आक्रामक तेवर हमेशा से कांग्रेस की रणनीति का हिस्सा रहा है। अखिलेश यादव पर उनका यह प्रहार सपा को असहज करने के लिए काफी है, लेकिन इसके पीछे का मास्टरमाइंड कौन है, यह सवाल राजनीतिक विश्लेषकों को कांग्रेस के उच्च स्तर तक ले जाता है। दरअसल, कांग्रेस आलाकमान संभवतः यह महसूस कर रहा है कि पिछले कुछ चुनावों में सपा के साथ गठबंधन के बावजूद कांग्रेस को न केवल अपनी सीटें गंवानी पड़ीं, बल्कि उसका वोट बैंक भी तेजी से सपा की ओर खिसका है। ऐसे में यह हमला उस रणनीतिक हताशा और पुनरुत्थान की छटपटाहट का मिश्रण है, जिसे गांधी परिवार द्वारा निर्देशित माना जा रहा है।

राजनीतिक पंडितों का यह मानना है कि उत्तर प्रदेश में 'एकला चलो' की नीति अपनाना कांग्रेस के लिए एक बड़ा और जोखिम भरा दांव हो सकता है। यद्यपि कांग्रेस का जनाधार इस समय न्यूनतम स्तर पर है, लेकिन उसके पास खोने के लिए बहुत कम और पाने के लिए बहुत कुछ है। यदि कांग्रेस अकेले लड़ने का निर्णय लेती है, तो वह राज्य में अपनी विचारधारा को पुनः स्थापित करने का प्रयास कर सकती है और भविष्य में एक मजबूत विकल्प के रूप में खुद को तैयार कर सकती है। हालांकि, यह राह इतनी सरल नहीं है। 'एकला चलो' की राजनीति करने का अर्थ है मुस्लिम और दलित वोटों के उस समीकरण को चुनौती देना, जिसे फिलहाल सपा और बसपा अपनी जागीर समझते हैं।

यह प्रयोग सफल होगा या विफल, यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन यह निश्चित है कि इससे विपक्षी एकता का ढांचा बुरी तरह चरमरा जाएगा। कांग्रेस शायद यह मानकर चल रही है कि यदि वह गठबंधन में रहकर अपनी पहचान खो रही है, तो उससे बेहतर है कि अपनी स्वतंत्र पहचान के साथ इस लड़ाई को लड़ा जाए, भले ही इसका परिणाम तत्काल न मिले।

दबाव की राजनीति के चश्मे से देखें, तो कांग्रेस का यह रुख सपा को आईना दिखाने जैसा है। सपा ने लोकसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस को गठबंधन में तो शामिल किया, लेकिन सीटों के बंटवारे और चुनावी प्रबंधन में उसने कांग्रेस की भूमिका को काफी सीमित रखा। कांग्रेस को यह अहसास हो चुका है कि यदि उसने अभी अपना स्टैंड स्पष्ट नहीं किया और अपनी ताकत का अहसास सपा को नहीं कराया, तो आने वाले विधानसभा चुनावों में भी उसे जूनियर पार्टनर बनकर ही संतोष करना पड़ेगा। इमरान मसूद का हमला इसी असंतोष की अभिव्यक्ति है। यह एक संदेश है कि यदि कांग्रेस की राजनीतिक गरिमा और चुनावी महत्व को नजरअंदाज किया गया, तो गठबंधन के भीतर भी संघर्ष अनिवार्य है। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या अखिलेश यादव इस दबाव को झेलते हुए कांग्रेस के साथ सामंजस्य बिठा पाते हैं, या फिर यह दरार और बढ़ती जाती है।

गौरतलब हो, उत्तर प्रदेश की राजनीति में अल्पसंख्यकों का वोट बैंक हमेशा से निर्णायक रहा है। कांग्रेस और सपा दोनों ही इस वोट बैंक को अपना आधार मानती हैं। कांग्रेस का वर्तमान रुख इस वोट बैंक में अपने पुराने वर्चस्व को पुनः प्राप्त करने की कोशिश का एक हिस्सा प्रतीत होता है। यदि कांग्रेस मुस्लिम मतदाताओं को यह समझाने में सफल रहती है कि सपा केवल सत्ता के लिए उनका उपयोग कर रही है और कांग्रेस उनके दीर्घकालिक हितों के लिए बेहतर है, तो यह समीकरण पूरी तरह बदल सकता है। हालांकि, जमीनी हकीकत यह है कि उत्तर प्रदेश का मुस्लिम मतदाता फिलहाल सपा के साथ अधिक सहज है, क्योंकि उसे भाजपा को हराने की क्षमता सपा में ही दिखती है। ऐसे में कांग्रेस का 'एकला चलो' वाला दांव कहीं उल्टा न पड़ जाए, यह डर भी कांग्रेस के रणनीतिकारों को सता रहा होगा।

लब्बोलुआब यह है कि कांग्रेस की यह आक्रामक नीति न केवल उत्तर प्रदेश की राजनीति, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष की एकता के लिए भी एक परीक्षा है। यदि कांग्रेस उत्तर प्रदेश में सपा से अलग होती है या उन पर हमलावर बनी रहती है, तो इंडिया गठबंधन की साख पर प्रश्नचिह्न लगना लाजिमी है। यह स्थिति भाजपा के लिए एक प्रकार से उपहार की तरह हो सकती है, क्योंकि विपक्ष का बंटवारा सीधे तौर पर सत्ताधारी दल को मजबूती प्रदान करता है। कांग्रेस का यह कदम एक जुआ है। एक ऐसा दांव, जिसमें जीत की संभावना कम, लेकिन स्वाभिमान की पुर्नस्थापना की ललक अधिक दिखती है। यह रणनीति बताती है कि कांग्रेस अब अपनी खोई हुई विरासत के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है, चाहे उसके लिए उसे अपने सहयोगी दलों के साथ रिश्तों को ही दांव पर क्यों न लगाना पड़े। आने वाले महीने इस बात के गवाह होंगे कि क्या यह रणनीति कांग्रेस को उत्तर प्रदेश की राजनीति में पुनः मुख्यधारा में लाती है, या फिर यह उसकी राजनीतिक आत्मघाती भूल साबित होती है।

अध्यात्म

# सेवा भाव ना भूलें, क्षमाशील बनें

एक राजा था, उसने 10 खूंखार जंगली कुत्ते पाल रखे थे। जिनका इस्तेमाल वह लोगों को उनके द्वारा की गयी गलतियों पर मौत की सजा देने के लिए करता था एक बार कुछ ऐसा हुआ कि राजा के एक पुराने मंत्री से कोई गलती हो गयी।

अतः क्रोधित होकर राजा ने उसे शिकारी कुत्तों के सम्मुख फिकवाने का आदेश दे डाला। सजा दिए जाने से पूर्व राजा ने मंत्री से उसकी आखिरी इच्छा पूछी।

राजन ! मैंने आज्ञाकारी सेवक के रूप में आपकी 10 सालों से सेवा की है...मैं सजा पाने से पहले आपसे 10 दिनों की मोहलत चाहता हूँ ।

मंत्री ने राजा से निवेदन किया राजा ने उसकी बात मान ली। दस दिन बाद राजा के सैनिक मंत्री को पकड़ कर लाते हैं और राजा का इशारा पाते ही उसे खूंखार कुत्तों के सामने फेंक देते हैं। परंतु यह क्या कुत्ते मंत्री पर टूट पड़ने की बाजए अपनी पूँछ हिला-हिला कर मंत्री के ऊपर कूदने लगते हैं और प्यार से उसके पैर चाटने लगते हैं।

राजा आश्चर्य से यह सब देख रहा था उसने मन ही मन सोचा कि आखिर इन खूंखार कुत्तों को क्या हो गया है ? वे इस तरह क्यों व्यवहार कर रहे हैं ?

आखिरकार राजा से रहा नहीं गया उसने मंत्री से पुछाः ये क्या हो रहा है, ये कुत्ते तुम्हे काटने की बजाये तुम्हारे साथ खेल क्यों रहे हैं?

राजन! मैंने आप से जो 10 दिनों की मोहलत ली थी, उसका एक-एक क्षण मैं इन बेजुबानो की सेवा करने में लगा दिया। मैं रोज इन कुत्तों को नहलाता, खाना खिलाता व हर तरह से उनका ध्यान रखता।

ये कुत्ते खूंखार और जंगली होकर भी मेरे दस दिन की सेवा नहीं भुला पा रहे हैं परंतु खेद है कि आप प्रजा के पालक हो कर भी मेरी 10 वर्षों की स्वामीभक्ति भूल गए और मेरी एक छोटी सी त्रुटि पर इतनी बड़ी सजा सुन दी!

राजा को अपनी भूल का एहसास हो चुका था, उसने तत्काल मंत्री को आज़ाद करने का हुक्म दिया और आगे से ऐसी गलती ना करने की सौगंध ली।

कई बार इस राजा की तरह हम भी किसी की बरसों की अच्छाई को उसके एक पल की बुराई के आगे भुला देते हैं।

यह कहानी हमें क्षमाशील होना सिखाती है, ये हमें सबक देती है कि हम किसी की हज़ार अच्छाइयों को उसकी एक बुराई के सामने छोटा ना होने दें।

# अमेज़न का संकट और वैश्विक उदासीनता

**किसी युद्ध की कल्पना करते ही आँखों के सामने टैंक, लड़ाकू विमान, मिसाइलें और धधकते शहरों की तस्वीर उभरती है। लेकिन इक्कीसवीं सदी का एक ऐसा युद्ध भी है, जो बिना औपचारिक घोषणा के लगातार जारी है। इसमें न सेनाएँ आमने-सामने हैं, न सीमाओं पर गोलाबारी हो रही है और न ही किसी देश ने युद्ध का ऐलान किया है। फिर भी इस संघर्ष में हर साल हजारों वर्ग किलोमीटर जंगल खत्म हो रहे हैं, नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, समुदाय विस्थापित हो रहे हैं और पर्यावरण की रक्षा करने वाले लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। यह युद्ध दक्षिण अमेरिका के अमेज़न वर्षावनों में चल रहा है। अमेज़न को पृथ्वी के 'फेफड़े' कहा जाता है। विश्व के सबसे बड़े उष्णकटिबंधीय वर्षावनों में शामिल यह क्षेत्र वैश्विक जलवायु संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। करोड़ों टन कार्बन को अपने भीतर समेटे यह वन केवल ब्राज़ील की संपत्ति नहीं, बल्कि पूरी मानवता की साझा धरोहर है। लेकिन यही जंगल आज आर्थिक हितों और संगठित अपराध के दबाव में लगातार सिकुड़ रहा है।**

अमेज़न केवल दुनिया का सबसे बड़ा उष्णकटिबंधीय वर्षावन नहीं है। लगभग 67 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला यह वन पृथ्वी की जलवायु प्रणाली का एक महत्त्वपूर्ण आधार है। दुनिया के शेष उष्णकटिबंधीय वनों का लगभग आधा हिस्सा यहीं स्थित है। वैश्विक स्तर पर ज्ञात जैव विविधता की लगभग 10 प्रतिशत प्रजातियाँ अमेज़न में पाई जाती हैं। करीब 4.7 करोड़ लोग, जिनमें 350 से अधिक आदिवासी समुदाय शामिल हैं, इसी पारिस्थितिकी तंत्र पर अपनी आजीविका और संस्कृति के लिए निर्भर हैं। इसलिए अमेज़न का संकट किसी एक देश का नहीं, बल्कि पूरी मानव सभ्यता का संकट है।

लंबे समय तक जंगलों को विकास में बाधा माना जाता रहा। सड़कें, खनन, बड़े कृषि फार्म और औद्योगिक परियोजनाएँ आर्थिक प्रगति के प्रतीक बन गईं। लेकिन पिछले कुछ दशकों में यह स्पष्ट हुआ है कि प्रकृति की कीमत पर हासिल विकास अंततः समाज और अर्थव्यवस्था दोनों को असुरक्षित बना देता है।

ब्राज़ील के अमेज़न क्षेत्र में यही स्थिति दिखाई देती है। जंगलों को साफ कर कृषि भूमि बनाई जा रही है, खनिजों के दोहन के लिए बड़े पैमाने पर खनन हो रहा है और लकड़ी का अवैध कारोबार लगातार फैल रहा है। इन गतिविधियों के साथ भूमि पर कब्ज़े, हिंसा और संगठित अपराध का गठजोड़ भी मजबूत हुआ है। जहाँ जंगल कमज़ोर पड़ता है, वहाँ लोकतांत्रिक संस्थाएँ भी कमज़ोर होती दिखाई देती हैं। ब्राज़ील के पास्टोरल लैंड कमीशन (सीपीटी) के अनुसार हाल के वर्षों में देश में दर्ज ग्रामीण भूमि-संघर्षों में आधे से अधिक मामले अकेले अमेज़न क्षेत्र से जुड़े रहे हैं। वर्ष 2024 में 2,185 भूमि-संघर्ष दर्ज किए गए, जिनमें 1,180 मामले अमेज़न क्षेत्र के थे। यह केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं है; यह प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण की लड़ाई है।

कभी जंगल जीवन का आधार थे, आज वे पूँजी का आधार बनते जा रहे हैं। भूमि पर नियंत्रण का अर्थ अब केवल खेती नहीं रह गया है। उसके साथ खनिज संपदा, जल संसाधन, जैव विविधता, कार्बन बाज़ार, परिवहन मार्ग और स्थानीय राजनीतिक प्रभाव भी जुड़ गए हैं।

इसी कारण जंगलों में अवैध खनन, लकड़ी की तस्करी, मादक पदार्थों के नेटवर्क और धन शोधन जैसी गतिविधियाँ एक-दूसरे से जुड़ती जा रही हैं। पर्यावरण अपराध अब अलग-थलग अपराध नहीं रहे; वे संगठित आर्थिक तंत्र का हिस्सा बन चुके हैं।

यही वजह है कि अमेज़न के अनेक हिस्सों में राज्य की औपचारिक सत्ता से अधिक प्रभाव अपराधी समूहों का दिखाई देता है। नदियाँ परिवहन के प्राकृतिक मार्ग होने के कारण अवैध व्यापार की राह बन जाती हैं और जंगलों के भीतर बसे समुदाय सबसे अधिक असुरक्षित हो जाते हैं। जंगलों की रक्षा करने वाले लोग ही सबसे अधिक खतरे में हैं। आदिवासी समुदाय, नदी किनारे रहने वाले परिवार, वन उत्पादों पर निर्भर समाज और पर्यावरण कार्यकर्ता वर्षों से इन क्षेत्रों की रक्षा करते आए हैं। वे जंगल को केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार मानते हैं। लेकिन जब जंगल आर्थिक हितों का केंद्र बन जाता है, तो यही समुदाय सबसे पहले निशाने पर आते हैं। पर्यावरण कार्यकर्ता चिको मेंडेस की हत्या 1988 में हुई थी। वे रबर उत्पादक समुदायों और जंगलों के संरक्षण के लिए संघर्ष कर रहे थे। उनकी हत्या ने दुनिया का ध्यान अमेज़न की ओर खींचा, लेकिन हिंसा रुकी नहीं। आज भी पर्यावरण रक्षकों की हत्या, धमकी और झूठे मुकदमे अनेक देशों में सामान्य घटना बन चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की रिपोर्टें बताती हैं कि दुनिया भर में पर्यावरण और भूमि अधिकारों की रक्षा करने वाले कार्यकर्ताओं के लिए सबसे जोखिम वाले क्षेत्रों में अमेज़न शामिल है।

अमेज़न का संकट केवल जंगलों तक सीमित नहीं है। इसका सीधा संबंध जलवायु परिवर्तन से है। जंगलों की कटाई से वातावरण में कार्बन की मात्रा बढ़ती है। वर्षा चक्र प्रभावित होता है और सूखे तथा अत्यधिक वर्षा जैसी घटनाएँ बढ़ने लगती हैं। दूसरी ओर, जब पानी और उपजाऊ भूमि की उपलब्धता घटती है तो प्राकृतिक संसाधनों पर संघर्ष तेज़ हो जाता है।

यानी जलवायु परिवर्तन और हिंसा एक-दूसरे को बढ़ाने वाले कारक बन चुके हैं। पर्यावरण का विनाश केवल पारिस्थितिक संकट नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक अस्थिरता का भी कारण बन रहा है।

यह मान लेना आसान होगा कि अमेज़न का संकट केवल ब्राज़ील की नीतियों का परिणाम है। लेकिन वास्तविकता इससे कहीं अधिक जटिल है। दुनिया भर के बाज़ारों में पहुँचने वाला गोमांस, सोयाबीन, लकड़ी और खनिजों का एक हिस्सा उन इलाकों से आता है जहाँ वनों की कटाई और भूमि संघर्ष जारी हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के माध्यम से इन उत्पादों का व्यापार करती हैं और अंतरराष्ट्रीय निवेश भी इस प्रक्रिया को गति देता है।

इसलिए पर्यावरण संरक्षण केवल स्थानीय कानूनों से संभव नहीं होगा। वैश्विक व्यापार, निवेश और कॉरपोरेट जवाबदेही को भी इसमें शामिल करना होगा। यदि बाज़ार जंगलों के विनाश से लाभ कमाता रहेगा तो संरक्षण के प्रयास अधूरे रहेंगे। अमेज़न की कहानी भारत के लिए भी एक महत्वपूर्ण चेतावनी है। अरावली पर्वतमाला में अवैध खनन, छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य में कोयला परियोजनाओं को लेकर विवाद, पश्चिमी घाट में विकास और संरक्षण के बीच टकराव तथा हिमालयी क्षेत्रों में अनियोजित निर्माण–ये सभी उदाहरण बताते हैं कि प्राकृतिक संसाधनों पर संघर्ष केवल दक्षिण अमेरिका तक सीमित नहीं है। भारत ने वनाधिकार कानून, ग्राम सभा की भूमिका और जैव विविधता संरक्षण जैसी अनेक प्रगतिशील व्यवस्थाएँ विकसित की हैं। लेकिन इनका प्रभाव तभी दिखाई देगा जब स्थानीय समुदायों को विकास प्रक्रिया का वास्तविक भागीदार बनाया जाएगा।

अनुभव बताता है कि जहाँ समुदायों को जंगलों के संरक्षण का अधिकार और दायित्व मिला, वहाँ वनों की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर रही है। संरक्षण ऊपर से थोपा गया कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्थानीय भागीदारी पर आधारित सामाजिक प्रक्रिया होना चाहिए।

अमेज़न का संदेश यही है कि पर्यावरण को अब केवल पेड़-पौधों का विषय मानकर नहीं देखा जा सकता। यह अर्थव्यवस्था, लोकतंत्र, मानवाधिकार, सार्वजनिक स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा प्रश्न है।

यदि जंगल समाप्त होते हैं तो केवल जैव विविधता नहीं घटती; जल स्रोत सूखते हैं, कृषि प्रभावित होती है, विस्थापन बढ़ता है और सामाजिक संघर्ष गहराते हैं। इसलिए पर्यावरण संरक्षण विकास का विरोध नहीं, बल्कि विकास की पूर्वशर्त है।

आज दुनिया को ऐसे विकास मॉडल की आवश्यकता है जिसमें आर्थिक समृद्धि और पारिस्थितिक संतुलन साथ-साथ चल सकें। अन्यथा अमेज़न में दिखाई दे रहा संकट आने वाले दशकों में एशिया, अफ्रीका और दुनिया के अन्य वन क्षेत्रों की भी वास्तविकता बन सकता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
अनुचित कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। आय की अपेक्षा व्यय अधिक होगा। जीवनसाथी से आपको उचित सलाह मिलेगी, जो आपके काफी काम आयेगी।

**वृषभ**
आज जिस अवसर को काफी समय से ढूँढ रहे थे, वह आपको आज प्राप्त हो सकता है। विदेश से नौकरी के प्रस्ताव प्राप्त हो सकते हैं।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रयोग कर पायेंगे। फाइनेन्स को लेकर समस्या दूर होगी। जरूरतमन्दों की मदद करने से पीछे न हटें।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नयी नौकरी के प्रस्ताव मिलने के योग बन रहे हैं।

**सिंह**
अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। शुगर के रोगी अपने स्वास्थ्य को लेकर सजग रहें। प्रियजनों के साथ मनमुटाव हो सकता है।

**कन्या**
कार्यशैली में सुधार होने से अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। पति-पत्नी के बीच आपसी सामञ्जस्य बढ़ेगा। किसी बड़ी पारिवारिक समस्या का समाधान होगा।

**तुला**
धन के कारण फँसे हुये मामलों का निराकरण हो सकता है। व्यापार में पहले की गयी मेहनत का परिणाम प्राप्त होगा। जीवनसाथी आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहने वाला है।

**वृश्चिक**
आप नये कार्यक्रमों को लेकर अत्यन्त उत्साहित रहेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी, लेकिन भीतर से किसी बात को लेकर नाराज हो सकते हैं।

**धनु**
आपका मन आनन्दित रहेगा। कारोबारियों में मशीनरी आदि को लेकर समस्या होगी। शेयर बाजार में निवेश से लाभ मिलेगा। परिवार के लोगों का सहयोग नहीं मिलेगा।

**मकर**
करियर में आगे बढ़ने के उत्तम अवसर मिलेंगे। समाज में लोग आपको काफी अच्छी दृष्टि से देखेंगे। परिजन आपके व्यवहार से अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। कानूनी मामले आज सुलझ सकते हैं।

**कुंभ**
लोग आपके सभ्य व्यवहार से आकर्षित होंगे। सभी कार्य पूरी एकाग्रता से करेंगे। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है।

**मीन**
वैवाहिक जीवन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। विद्यार्थियों की शिक्षा में बाधा आ सकती है। व्यावसायिक दृष्टिकोण से समय शुभ है। पुराने निवेश से धन लाभ होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### खनन माफियाओं पर प्रहार, 18 लाख से अधिक का जुर्माना



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पचमहला थाना पुलिस ने रविवार सुबह अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने ओवरलोड और बिना चालान के अवैध लाल बालू ले जा रहे दो ट्रकों को जब्त किया है। खनन विभाग ने दोनों ट्रकों पर भारी-भरकम जुमार्ना ठोका है। पचमहला थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर रविवार सुबह वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान लखीसराय की ओर से हाथीदह की तरफ जा रहे बालू लदे दो ट्रकों को रोका गया। जांच में दोनों ट्रक ओवरलोड मिले और उनके पास बालू से संबंधित कोई वैध चालान नहीं था।थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों ट्रकों को जब्त कर खनन विभाग को सूचना दी गई। खनन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए एक ट्रक पर 9.27 लाख रुपये और दूसरे ट्रक पर 9.45 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। कुल मिलाकर दोनों ट्रकों पर 18.72 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।पुलिस ने बताया कि जुर्माने की राशि जमा होने तक दोनों ट्रकों को थाने में रखा गया है। अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

### एनएच-80 पति-पत्नी और पुत्र घायल

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मरांची थाना क्षेत्र अंतर्गत बादपुर के निकट एन एच-80 पर शनिवार देर रात एक अज्ञात वाहन ने साइकिल से जा रहे एक ही परिवार के तीन लोगों को धक्का मार दिया। हादसे में पति, पत्नी और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों की पहचान शेरपुर निवासी मुकेश दास, उनकी पत्नी हेमंती देवी और पुत्र राकेश कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि तीनों साइकिल से अपने घर लौट रहे थे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और फरार हो गया।स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरांची लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मोकामा रेफर कर दिया गया।घटना की सूचना पर मराँची थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान करने में लगी है।

### मोकामा में नवनिर्मित औंटा डबल रेल पुल पर चोरी

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुरानी बायपास स्थित नवनिर्मित औंटा डबल रेल पुल नशेड़ियों के निशाने पर आ गया है। औंटा हॉल्ट के पास रेलवे की लोहे की संपत्ति को निशाना बनाने के बाद अब शुक्रवार को अज्ञात चोरों ने डबल रेल पुल के तीन नट बोल्ट काटकर चोरी कर ली।बताया जाता है कि इस रेल पुल का निर्माण एफकॉन्स कंपनी द्वारा किया गया है। एफकॉन्स के अधिकारियों के अनुसार पुल में लगे तीन नटों को काटकर गायब कर दिया गया है। घटना की सूचना हाथीदह थाना को दे दी गई है।इस संबंध में हाथीदह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, जांच की जा रही है और चोरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।वहीं ग्रामीणों का कहना है कि आसपास के क्षेत्रों में सूखे नशे के आदी नशेड़ियों द्वारा लगातार इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। इससे पहले भी औंटा हॉल्ट के पास रखी रेलवे की लोहे की संपत्ति की चोरी हो चुकी है।नवनिर्मित पुल से ही नट-बोल्ट चोरी होने से लोगों में आक्रोश है और पुल की सुरक्षा-व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### डकैती मामले में आरोपित दीपू कुमार की संपत्ति कुर्की





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना कांड संख्या 143/2000, के तहत फरार चल रहे आरोपी दीपू कुमार की संपत्ति रविवार को कुर्क की गई। पुलिस के अनुसार दीपू कुमार, पिता शिव नारायण सिंह और शिवनाथ सिंह का स्थाई पता खराट, है। वर्तमान में वह न्यू वीग्रहपुर, लालबाबू राय के सामने, थाना कंकड़बाग, में किराएदार के रूप में रह रहा था। 2000 में दर्ज इस कांड में आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट और कुर्की वारंट कोर्ट से निर्गत था। लंबे समय से आरोपी फरार था और न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा था। कोर्ट के आदेश पर 19 जुलाई 2026 को मसौढ़ी पुलिस ने आरोपी के नाम पर दर्ज चल-अचल संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि कुर्की की सूचना संबंधित थाने को भी दे दी गई है।पुलिस ने आरोपी से अपील की है कि वह जल्द से जल्द न्यायालय में आत्मसमर्पण करे, अन्यथा आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 22 जुलाई को दानापुर में होगा अनशन व प्रदर्शन

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर स्थित गोला रोड में बंटी यादव हत्याकांड की सीबीआई जांच के सम्बन्ध में आगामी 22 जुलाई के प्रस्तावित एक दिवसीय अनशन की तैयारी को लेकर रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि पप्पू यादव को संयोजक की जिम्मेदारी को सर्वसम्मति से तय गया ' बैठक की अध्यक्षता ढळ पीटी गजेन्द्र कुमार ने करते हुए कहा कि जातिभेद एवं धर्म को भूलकर सर्वसामान्य को आगे आने की आवश्यकता है, जिससे सरकारी लोकतांत्रिक प्रणाली पर सामाजिक दबाब बनाया जा सकेगा। अन्यथा सरकारी तानाशाही को आगे नहीं रोका जा सकेगा। इस बैठक में प्रमुख रूप से जितेन्द्र राम, सनोज कुमार राय, अधिवक्ता, नर्मदेश्वर प्रसाद, संजय कुमार, संदीप महतो, विकास कुमार, धीरज कुमार आदि उपस्थित थे।

### 24 जुलाई को मसौढ़ी प्रखंड के बारा पैक्स का चुनाव



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड के बारा पैक्स का चुनाव 24 जुलाई को होना है। चुनाव को लेकर एक ओर प्रशासनिक तैयारियां तेज हैं तो वहीं गांवों में वोटिंग को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रशासनिक स्तर पर मतदान के लिए 4 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर कुल 1428 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।इस चुनाव में बारा पैक्स के अध्यक्ष पद के लिए 3 उम्मीदवार मैदान में हैं। तीनों दावेदारों के बीच कड़ा त्रिकोणीय संघर्ष देखने को मिल रहा है। सभी उम्मीदवार लगातार गांव-गांव जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं और मतदाताओं से समर्थन मांग रहे हैं। नदौना गांव निवासी बारा पैक्स अध्यक्ष पद के दावेदार सहजानंद शर्मा भी चुनाव प्रचार में जुटे हैं। वे लगातार विभिन्न गांवों का दौरा कर पैक्स के सदस्यों और मतदाताओं से मिल रहे हैं। सहजानंद शर्मा लोगों के बीच अपनी योजनाओं और दावों को रखकर समर्थन जुटाने में लगे हैं।मतदान को लेकर मतदाताओं में भी जागरूकता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस बार वे योग्य और ईमानदार उम्मीदवार को ही चुनेंगे। प्रशासन ने भी सभी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्था पूरी कर ली है।

### फरार पैक्स अध्यक्ष के घर पर साटा इश्तेहार



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड के निशियावां पैक्स अध्यक्ष अनुज कुमार के घर पर रविवार को लहसुना पुलिस ने इश्तेहार साटकर सरेंडर करने की चेतावनी दी है। दरअसल आरोपी पैक्स अध्यक्ष पर सीएमआर जमा करने और 1.35 करोड़ सरकारी राशि गवन करने का आरोप है।बताया जाता है की विपणन वर्ष 2022-23 में समतुल्य उटफ जमा नहीं करने और कैश क्रेडिट की 1 करोड़ 35 लाख रुपये से अधिक की राशि बैंक में समय पर जमा नहीं करने के आरोप में निशियावां पैक्स की पूरी कार्यकारिणी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।आरोपितों में पैक्स अध्यक्ष अनुज कुमार पिता स्व. राम जन्म सिन्हा, ग्राम उसमानचक, प्रबंधक अवधेश प्रसाद पिता स्व. विरजु राम, ग्राम दहिभत्ता तथा सदस्य उमेश पासवान पिता स्व. राम बालक पासवान, ग्राम सरवों, पंकज कुमार पिता कृष्ण मुरारी प्रसाद, ग्राम दहिभत्ता, रामचन्द्र बिन्द पिता सहदेव बिन्द, ग्राम निशियावां, पुष्पेन्द्र कुमार पिता सत्यनारायण सिंह, ग्राम उसमानचक और अजीत कुमार पिता राम बालक सिंह, ग्राम सरवां शामिल हैं।आरोप है कि पैक्स द्वारा सरकार को जमा की जाने वाली समतुल्य उटफ की आपूर्ति नहीं की गई। साथ ही बैंक से ली गई कैश क्रेडिट की कुल राशि ₹1,35,64,543 /- (एक करोड़ पैतीस लाख चौसठ हजार पाँच सौ तेतालीस रुपये) भी निर्धारित समय सीमा में बैंक में जमा नहीं की गई।इस मामले में सहकारिता पदाधिकारी शशि भूषण कुमार ने थाने में प्राथमिकी दर्ज की थी

# श्याम रजक ने पुनपुन के शहीद रामानन्द सिंह स्कूल में मॉडल स्कूल का किया उद्घाटन









**551 सरस्वती विद्या निकेतन के तहत बदलेगी स्कूल की सूरत, मॉडर्न क्लास-लैब-लाइब्रेरी शुरू**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को बेगूसराय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के 551 सरस्वती विद्या निकेतन यानी आदर्श विद्यालयों का एक साथ उद्घाटन किया। इसी क्रम में पुनपुन प्रखंड के शहीद रामानन्द सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय को आदर्श विद्यालय के रूप में चयनित किए जाने पर विधायक श्याम रजक ने विद्यालय पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लिया।विधायक ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना और विद्यालय परिसर में शिलापट्ट का अनावरण किया। इसके बाद उन्होंने मॉडर्न क्लास रूम, विज्ञान प्रयोगशाला और पुस्तकालय का फीता काटकर उद्घाटन कर विद्यालय को समर्पित किया।इस अवसर पर विधायक श्याम रजक ने कहा कि सरस्वती विद्या निकेतन के तहत अब इस विद्यालय की सूरत बदलेगी। बेहतर आधारभूत संरचना और आधुनिक सुविधाओं से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे।कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, जदयू जिला ग्रामीण अध्यक्ष अशोक सिंह, पुनपुन प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य नेता, शिक्षकगण, विद्यालय कर्मचारी, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और अभिभावक उपस्थित रहे।विद्यालय परिवार ने इस पहल के लिए राज्य सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया।

# स्मैक बेचते युवक गिरफ्तार, 9.21 ग्राम मादक पदार्थ बरामद

**पालीगंज पुलिस की कार्रवाई, दो मोबाइल, बाइक और नकद भी जब्त**






**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर बाजार के बाबूगंज रोड से स्मैक बेच रहे एक युवक को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 56 पुड़िया एवं खुली प्लास्टिक में रखी कुल 9.21 ग्राम स्मैक (सूखा नशा), बिक्री के 2,030 रुपये नकद, दो मोबाइल फोन तथा एक मोटरसाइकिल बरामद कर जब्त कर ली है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दिव्यांशु आर्यन उर्फ छोटू (पिता- सुरेश वर्मा), निवासी ग्राम खपुरा, थाना पालीगंज, जिला पटना के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायिक हिरासत में भेजते हुए जेल भेज दिया। पालीगंज सह थानाध्यक्षे ने बताया कि दिव्यांशु आर्यन काफी दिनों से स्मैक की पुड़िया बनाकर बेचने का काम कर रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने खपुरा बाबूगंज रोड पर छापेमारी की, जहां उसे स्मैक बेचते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में पालीगंज थाना में आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### जमीन नहीं बेचने पर धारदार हथियार से हमला, 2 गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानगंज थाना क्षेत्र के शिवनंदन चक, गांव में जमीन विवाद में एक व्यक्ति पर धारदार लोहे की वस्तु से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 2 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। घायल का नाम अनिल यादव है। उसे आनन-फानन में पटना के हाइटेक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित के अनुसार आरोपी जबरदस्ती उसकी जमीन खरीदना चाह रहे थे। अनिल के मना करने पर विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने धारदार लोहे की वस्तु से उसके सिर पर वार कर दिया। सिर फट जाने से वह गंभीर रूप से जख्मी होकर मूर्छित हो गया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छापेमारी कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# नीतीश पटेल तीसरी बार बने युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष, पुनपुन में हुआ भव्य अभिनंदन



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** युवा जनता दल यूनाइटेड के बिहार प्रदेश अध्यक्ष पद पर डॉ. नीतीश पटेल के लगातार तीसरी बार मनोनित होने पर रविवार को बैंक्वेट हॉल, पुनपुन में भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जदयू कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने डॉ. पटेल को अंगवस्त्र, बुके और फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. पटेल का लगातार तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष बनना युवाओं के प्रति उनके समर्पण और पार्टी के प्रति निष्ठा का प्रमाण है। उनके नेतृत्व में युवा जदयू संगठन को और मजबूती मिलेगी।अभिनंदन के बाद डॉ. नीतीश पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी का यह विश्वास केवल मेरा सम्मान नहीं, बल्कि आप सभी के संघर्ष की जीत है। उन्होंने कहा हमारी पार्टी की विचारधारा 'न्याय के साथ विकास' रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय नीतीश कुमार जी के दूरदर्शी विजन ने बिहार की तस्वीर और तकदीर बदली है। अब हमें इस विकास की गाथा को घर-घर तक पहुंचाना है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि प्राथमिकता बिहार के युवाओं को रोजगार, शिक्षा और स्वावलंबन के अवसरों से जोड़ना है। कहा कि आगामी चुनावों में पार्टी को और मजबूत करेंगे और बिहार के नवनिर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

# 39 करोड़ की लागत से बन रहा मसौढ़ी आरोबी अधूरा

**बरसात में रास्ता बना जल जमाव और कीचड़ से सनी जानलेवा**





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेलखंड के तारेगना रेलवे दक्षिणी गुमटी पर तकरीबन 39 करोड़ की लागत से बन रहे आरोबी का निर्माण कार्य 7 साल से कछुआ गति से चल रहा है। 2025 तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन अब तक सिर्फ एक चौथाई काम ही हो पाया है। निर्माण अधूरे होने के कारण बरसात में स्थिति बदतर हो गई है। पुल के बगल से गुजरने वाली सड़क जलजमाव और कीचड़ के कारण जानलेवा बन गई है। रोजाना पैदल राहगीर, बाइक और छोटे वाहन इस रास्ते में फंसकर गिर रहे हैं। मसौढ़ी शहर के पूर्वी हिस्से से गुजरने वाले इस मार्ग पर चलना दुश्वार हो गया है। आसपास के लोगों में नंदलाल साव,कारू, चंदन कुमार, आजाद कुमार, विजय कुमार, अजय कुमार, संतोष केसरी, संजय कुमार, सुजीत कुमार, इसराइल, लक्ष्मण प्रसाद, विकास कुमार आदि ने आक्रोश व्यक्त करते हुए पुल निगम और प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया। हर दिन कोई न कोई हादसे का शिकार हो रहा है।लोगों ने मांग की है कि जब तक आरोबी का निर्माण पूरा नहीं होता, तब तक पुल के नीचे से वैकल्पिक रास्ता बनाकर उसे सुचारू किया जाए, ताकि पैदल और हल्के वाहनों का आवागमन हो सके।प्रशासन से जल्द राहत की उम्मीद जताते हुए लोगों ने कहा कि बरसात खत्म होने से पहले वैकल्पिक मार्ग नहीं बना तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### जनवादी लोकगायक शंकर भारती कव्वाल का निधन, सांस्कृतिक जगत में शोक

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी क्षेत्र के प्रख्यात जनवादी लोकगायक और कम्युनिस्ट आंदोलन के सांस्कृतिक साथी झुलन ठाकुर उर्फ शंकर भारती कव्वाल का रविवार पूर्वाह्न 10:30 बजे निधन हो गया। वे कुम्हरटोली, मसौढ़ी निवासी थे और लगभग 75 वर्ष के थे। पिछले दस दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। शंकर भारती केवल गायक नहीं, जनआंदोलनों की आवाज थे। उन्होंने जीवनभर आम जनता के अधिकार, सामाजिक न्याय और सांप्रदायिक सद्भाव के लिए अपनी कला समर्पित की। धरना-प्रदर्शन और जनसभाओं में ओजस्वी गायकी से लोगों को जागरूक करते थे। वे कव्वाली, लोकगीत और वीर रस के गायक थे। पटना रेडियो से आल्हा-ऊदल की वीरगाथा प्रसारित कर चुके शंकर भारती को अनुमंडल के कई थानों में सम्मानित किया गया था। मुस्लिम समाज के विवाहों में उर्दू गीत-कव्वाली गाकर गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करते थे।

# मसौढ़ी जेल में 'प्ली बार्गेनिंग' और 'कंपाउंडेबल ऑफेंस' पर कानूनी जागरूकता सत्र

**लॉ फाउंडेशन और डीएलएसए पटना के संयुक्त तत्वावधान में बंदियों को मिली कानूनी जानकारी**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 'लॉ फाउंडेशन' ने 'डीएलएसए पटना के सहयोग से रविवार को उपकारा मसौढ़ी में बंदियों के लिए "प्ली बार्गेनिंग और कंपाउंडेबल ऑफेंस" विषय पर एक कानूनी जागरूकता सत्र का आयोजन किया। सत्र की शुरूआत जेल अधीक्षक विपिन कुमार और उपाधीक्षक गौतम कुमार के परिचयात्मक संबोधन से हुई। उन्होंने बंदियों से कहा कि कानून की जानकारी से ही वे अपने अधिकारों का सही उपयोग कर सकते हैं।इसके बाद अधिवक्ता खालिद कुरैशी और सामाजिक कार्यकर्ता संजना ने प्ली बार्गेनिंग यानी सजा कम करने की अर्जी और कंपाउंडेबल ऑफेंस यानी समझौता योग्य अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इन प्रक्रियाओं के महत्व, कानूनी प्रावधानों और उन्हें शुरू करने के लिए आवश्यक शर्तों पर चर्चा की। सत्र बेहद संवादात्मक रहा। बंदियों ने अपने केस का इतिहास साझा किया और कानूनी सहायता की जरूरतें बताईं। हाल ही में जेल आए नए बंदियों की काउंसलिंग भी की गई। साथ ही कुछ ऐसे मामलों की पहचान की गई जिनमें कानूनी हस्तक्षेप के जरिए मदद की जा सकती है।कार्यक्रम के दौरान बंदियों को अपनी बातों, विचारों और इच्छाओं को लेखन, चित्र या निबंध के माध्यम से व्यक्त करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया।जेल प्रशासन का उद्देश्य इस सत्र के जरिए सिर्फ कानूनी जागरूकता बढ़ाना ही नहीं, बल्कि बंदियों की वास्तविक समस्याओं और चिंताओं को समझकर समाधान देना था। मौके पर कारा कक्षपाल मुकेश कुमार, गुरुचरण राय, नीतीश कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर भोलानाथ कुमार सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

# पालीगंज अनुमंडलीय अस्पताल में जल्द शुरू होगी डायलिसिस सेवा

**किडनी मरीजों को स्थानीय स्तर पर मिलेगा उपचार, पटना जाने की मजबूरी होगी खत्म**

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज अनुमंडलीय अस्पताल में जल्द ही किडनी रोगियों के लिए डायलिसिस सेवा शुरू होने जा रही है। अस्पताल प्रशासन ने इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उद्घाटन के बाद मरीजों को नियमित रूप से डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे क्षेत्र के हजारों मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। अस्पताल की प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. आभा कुमारी ने बताया कि डायलिसिस यूनिट पूरी तरह तैयार है। इस सेवा का संचालन अपोलो अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सकों के मार्गदर्शन तथा प्रशिक्षित तकनीकी टीम की देखरेख में किया जाएगा। फिलहाल सेवा के सुचारू संचालन के लिए अरवल अस्पताल के एक वरिष्ठ चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों का डायलिसिस करेंगे। डायलिसिस सेवा शुरू होने के बाद पालीगंज एवं आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को उपचार के लिए पटना का रुख नहीं करना पड़ेगा।

### जदयू का प्रदेश महासचिव नियुक्त होने पर बिनोद सिंह का अभिनंदन समारोह

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिनोद कुमार सिंह को जनता दल यूनाइटेड का प्रदेश महासचिव नियुक्त किए जाने पर दानापुर विधानसभा के आईएस कोलनी (बेली रोड) में रघुलाल सिंह के नेतृत्व में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। वहां मौजूद लोगों ने विनोद कुमार सिंह को माला पहनकर स्वागत किया। इस मौके पर सभी साथियों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए अपनी बातों को रखा। इस अवसर पर दानापुर प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार, राजेश कुशवाहा, बुद्धदेव शुक्ला, बाबु साहब, मनिष कुमार सोनू कुमार, नीरज कुमार, रावे शंकर कुमार, आशीत कुमार, उमेश सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे एवं अपनी शुभकामना व्यक्त की।

# मुख्यमंत्री ने 521 सरस्वती विद्या निकेतन का एकीकृत शुभारंभ और लोकार्पण किया



**मसौढ़ी के नुरा उच्च माध्यमिक विद्यालय का भी हुआ उद्घाटन, छात्र-छात्राओं ने सुना लाइव संबोधन**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार द्वारा संचालित 521 सरस्वती विद्या निकेतन का एकीकृत शुभारंभ और लोकार्पण रविवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया। मसौढ़ी प्रखंड में उच्च माध्यमिक विद्यालय नुरा को सरस्वती विद्या निकेतन के रूप में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्रीकुमार ने लोकार्पित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री के लाइव संबोधन को सुना और उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।इस अवसर पर विद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल रहा। प्रभारी प्रधानाचार्य मो. मनवर आलम, लेखापाल प्रमोद कुमार, बीआरसी की आईटी सहायक खुशबू कुमारी, वरिष्ठ शिक्षक निरव कुमार, राजीव कुमार, इंदल कुमार, विक्रम बिहारी, चंदन कुमार, प्रीति कुमारी, नूतन कुमारी, कंचन कुमारी, छाया कुमारी, अशोक रजक, विक्की कुमार, शिव शंकर प्रसाद, अनिल कुमार, सुधीर कुमार, गौरी कुमारी, राकेश कुमार सहित अन्य सहायक शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सरस्वती विद्या निकेतन के माध्यम से राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहयोग करें।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने मुख्यमंत्री और शिक्षा विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

# महाविद्यालयों को जिला प्रशासन के अधीन करने के प्रस्ताव का विरोध

डॉ. राजीव कुमार नयन

**कर्मचारी महासंघ ने कहा - उच्च शिक्षा की स्वायत्तता खत्म होगी**




**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार द्वारा राज्य के सभी महाविद्यालयों को जिला प्रशासन के अधीन किए जाने के प्रस्ताव के खिलाफ बिहार राज्य कर्मचारी महासंघ ने मोर्चा खोल दिया है। महासंघ ने इसे उच्च शिक्षा की स्वायत्तता पर हमला बताते हुए विरोध जताया है। महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि अब तक बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 के तहत महाविद्यालय विश्वविद्यालयों के अंतर्गत संचालित हो रहे थे। नए प्रस्तावित 'बिहार राज्य उच्च शिक्षा विधेयक' से संबद्ध और अंगीभूत महाविद्यालय विश्वविद्यालयों के हाथों से निकल जाएंगे। इससे शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मियों का स्थानांतरण, पदस्थापन, नियुक्ति और संस्थागत संचालन से जुड़े सभी निर्णय विश्वविद्यालयों के बजाय जिला कार्यपालिका के अधीन चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे विश्वविद्यालयों की लोकतांत्रिक संरचना- Academic Counci', सिंडिकेट आदि की भूमिका कमजोर पड़ जाएगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ठएढ 2020 भी उच्च शिक्षण संस्थानों को अधिक शैक्षणिक और प्रशासनिक स्वायत्तता देने पर बल देती है, लेकिन यह प्रस्ताव उसके ठीक विपरीत है।

**विरोध में एकजुट हुए पदाधिकारी**

विरोध बैठक में बिहार राज्य कर्मचारी महासंघ के मंत्री रोहित कुमार, अध्यक्ष वेंकटेश कुमार, पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी के कर्मचारियों के नेता दीपक कुमार, मंत्री त्रिपुरारी प्रसाद, भोला सिंह, मंगलमूर्ति, संजीव कपूर, विनोद कुमार सिंह, नालंदा यूनिट के डॉ0 राजीव कुमार नयन, रोनित रॉय, जलेंद्र कुमार, संरक्षक अरुण प्रसाद, श्रीचंद उदासीन कॉलेज हिलसा के कर्मचारी संघ के सचिव शैलेश कुमार, आलोक कुमार सिंह,कुमार पवन, वजरंगी लाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए। पदाधिकारियों ने सभी राजनीतिक दलों, छात्र संगठनों और कर्मचारी फेडरेशन से अपील की कि वे इस विरोध में एकजुट हों और आने वाली पीढ़ी के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने में संघ की मदद करें।

## संक्षिप्त समाचार

### जहरीला सांप के काटने से नाबालिक की मौत

**महुआ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महुआ के शेरपुर मानिकपुर पंचायत के मोहनपुर गांव में एक 12 वर्षीय युवक की जहरीला सांप काटने से मौत हो गई घटना के बाद जहां पर जन्म में कोहराम मचा हुआ है वही आस-पास कोई इलाके में भी मातमी सन्नाटा छाया हुआ है मामले में प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहनपुर गांव निवासी जय मंगल शर्मा के 12 वर्षीय पुत्र गौरव कुमार को अचानक घर के पास ही एक जहरीले सांप में डस लिया घटना के बाद जहां परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं आसपास के इलाके में भी मातमी सन्नाटा छा गया। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने महुआ पुलिस को दी इसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने सबको अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर भेज दिया।



### केन्द्रीय कारा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पूर्वी चंपारण, के तत्वावधान में केंद्रीय कारा, मोतिहारी में प्ली बार्गेनिंग एवं अपराधों के समझौता विषय पर एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता मोनिबाला सिंह एवं पैरालीगल वॉलेंटियर रमाकांत द्वारा बंदियों को प्ली बार्गेनिंग की प्रक्रिया, उसके लाभ एवं इसके माध्यम से शीघ्र न्याय प्राप्त करने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही, किन-किन अपराधों में समझौता संभव है तथा इसके कानूनी प्रावधानों को भी सरल एवं स्पष्ट भाषा में समझाया गया।कार्यक्रम के दौरान लगभग 100 बंदी उपस्थित रहे, जिन्होंने बड़े ध्यानपूर्वक जानकारी प्राप्त की तथा अपने जिज्ञासाओं का समाधान कराया। इस अवसर पर कारा के पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहे और उन्होंने इस प्रकार के कार्यक्रमों को बंदियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बंदियों को उनके अधिकारों एवं उपलब्ध विधिक सहायता के प्रति जागरूक किया जाता है, जिससे वे न्यायिक प्रक्रिया का लाभ प्रभावी रूप से प्राप्त कर सकें।



### डीएम के निर्देशन में सीवरेज परियोजना के कार्यों में तेजी

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी, वैशाली वर्षा सिंह के सतत निर्देशन एवं नियमित अनुश्रवण में हाजीपुर शहर में संचालित सीवरेज अवसंरचना परियोजना के अंतर्गत मैनहोल निर्माण एवं पाइप जॉइंटिंग कार्य तेज गति से संचालित किया जा रहा है।परियोजना के तहत विभिन्न स्थलों पर आईपीएस-3 पैकेज के अंतर्गत मैनहोल निर्माण के लिए खुदाई एवं पाइप जॉइंटिंग का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। निर्माण एजेंसी को निर्देश दिया गया है कि सभी कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों एवं समय-सीमा के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। डीएम ने संबंधित कार्यदायी एजेंसी एवं अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि निर्माण कार्य के दौरान आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। खुदाई वाले स्थलों पर आवश्यक बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक, रात्रि प्रकाश व्यवस्था तथा यातायात प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना का सामना न करना पड़े।



### 120 लोगों की थायराइड, शुगर व फेफड़ों की हुई जांच

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय नगर पंचायत एकमा बाजार के वार्ड नंबर-4 में शनिवार को जानकी एजुकेशनल एंड सोशल ट्रस्ट, हंसराजपुर की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच सह स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में थायराइड, मधुमेह (शुगर), अस्थमा और सीओपीडी जैसी बीमारियों की जांच की गई। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने मुफ्त जांच और चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया। शिविर का संचालन डॉ. सत्यदेव प्रसाद यादव के निर्देशन में हुआ। यहां करीब 30 लोगों की थायराइड, 50 मरीजों की शुगर तथा लगभग 40 मरीजों की अस्थमा और सीओपीडी की जांच की गई। जांच के दौरान डॉक्टरों ने मरीजों को बीमारी के लक्षण, बचाव और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व की जानकारी भी दी। शिविर में डॉ. एस. डी. पी. यादव, डॉ. के. डी. यादव, डॉ. पी. कुमार, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. आर. कुमार, विपिन, प्रशांत शेखर, रंजीत कुमार सिंह, पीयूष कुमार, राकेश कुमार, प्रमोद कुमार मिश्रा सहित कई चिकित्सकों एवं समाजसेवियों ने सहयोग किया। इस दौरान समाजसेवी डॉ. सत्यदेव प्रसाद यादव ने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना ट्रस्ट का उद्देश्य है। उन्होंने शिविर में सहयोग करने वाले सभी चिकित्सकों, समाजसेवियों, मरीजों व उनके परिजनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि अगला निःशुल्क थायराइड जांच शिविर अक्टूबर में आयोजित किया जाएगा, जिसकी तिथि बाद में घोषित की जाएगी।



### लंबित कांडों का जल्द करें निबटारा : एसपी

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। एसपी शुभांक मिश्रा ने विभिन्न थानों के आपराधिक मामलों की बारी-बारी से समीक्षा की. इस दौरान एसपी ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की एसपी ने सभी थानों को अधिक से अधिक कांडों के निष्पादन के लिए जोर दिया. अपराध गोष्ठी के दौरान एसपी ने सभी वरीय पुलिस पदाधिकारी एवं थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्र, सभी स्थलों, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने एवं निरंतर गश्त करते हुए सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया. इस दौरान इन्होने कहा कि एएलटीएफ टीम एवं मद्यनिषेध इकाई संयुक्त रूप से कार्यों का निष्पादन, छापेमारी एवं अवैध शराब के कारोबारियों की गिरफ्तारी करें. इसके साथ ही दियारा क्षेत्र में देशी शराब निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए अधिक से अधिक दियार क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया. थानावार दिये गये विभिन्न लक्ष्यों एवं लंबित कांडों का ससमय निष्पादन करने, अपराध पर नियंत्रण के लिए सूचना-आसूचना संकलन करेगें, साथ ही पुराने लंबित इश्तेहार, वारंट एवं कुर्की का अधिकतम निष्पादन करने का निर्देश दिया ।सभी थानाध्यक्ष नियमित रूप से गुंडा पंजी, पासपोर्ट संबंधित मामले एवं थाना सिरिस्ता कार्य आदि को अद्यतन रखेंगे.एसपी द्वारा सभी थानाध्यक्षों को यह निर्देश दिया गया कि अपने अपने क्षेत्रों के फरार वारंटियों को शीघ्र गिरफ्तार करें। साथ ही कहा कि रात्रि गश्ती के दौरान हर प्रकार की गति विधि पर ध्यान रखें। बैठक में मुख्य रुप से जिले के सभी क्षेत्रों में वाहन जांच अभियान करने का निर्देश दिया गया।



### पुलिस ने अवैध कारतूस फैक्ट्री का किया उद्भेदन

**फैक्ट्री के मास्टरमाइंड संचालक सहित चार गिरफ्तार**

**चकिया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एस पी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर चकिया व पकड़ीदयाल एसडीपीओ के नेतृत्व में चकिया थाना के ओझा टोला गांव के एनएच के बगल में स्थित किराए के मकान में छापामारी कर अवैध कारतूस बनाने वाला फैक्ट्री का उद्भेदन पुलिस ने किया है। इसकी जानकारी प्रेसवार्ता कर एसडीपीओ संतोष कुमार ने दी। बताया कि गुप्त सूचना पर पुलिस ने रविवार की अहले सुबह छापामारी कर दो देशी कट्टा, भारी 206 जिंदा कारतूस, 1063 पीस खोखा, रसायन सामग्री में नाइट्रिक एसिड, रेड फास्फोरस, सल्फ्यूरिक एसिड, सेलुलोज, 7 पीस अर्ध निर्मित मैगजीन, 2 अर्ध निर्मित हथियार बैरल, लेथ , पंचिंग मशीन व ड्रिल मशीन बरामद करते हुए मास्टर माइंड सहित चार अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में कारतूस फैक्ट्री चलाने वाला मास्टर माइंड फेनहारा थाना के मड़पा विशुनपुर गाँव निवासी श्रीकांत सिंह पिता स्व रामाधार सिंह, अवैध कारतूस का भंडारण व बिक्री करने वाले गड़हिया थाना के सवंगीया गांव निवासी रामबाबू पासवान पिता स्व फूदेन पासवान, मधुबन थाना के पीर मोहल्ला वार्ड न. 4 निवासी वली आलम उर्फ मुन्ना पिता शेख इदरीश व इसी थाना के टोला पर निवासी रहमत मियां पिता इसहाक अंसारी



# महुआ के वैशाली विद्यालय में सरस्वती विद्या मंदिर का मुख्यमंत्री द्वारा ऑनलाइन उद्घाटन





**महुआ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महुआ प्रखंड के वैशाली उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को अब "सरस्वती विद्या मंदिर" के नाम से जाना जाएगा। बिहार के मुख्यमंत्री ने 19 जुलाई 2026 को सुबह 10 बजे से इस आदर्श विद्यालय का ऑनलाइन उद्घाटन किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग दोपहर 12:30 बजे तक चलता रहा। यह विद्यालय राज्य सरकार की योजना के तहत विकसित किया गया है। सरकार की योजना के अनुसार, बिहार के प्रत्येक प्रखंड में एक-एक विद्यालय को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसी कड़ी में महुआ प्रखंड से वैशाली उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का चयन किया गया था। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के पत्रांक-303 के माध्यम से महुआ के माननीय विधायक, जिला परिषद सदस्य, नगर परिषद सभापति/ उपसभापति, प्रखंड प्रमुख/ उपप्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य सहित शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया था। हालांकि इनमें से कई शामिल हुए और कई उपस्थित नहीं हो सके। प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मुन्ना कुमार ने बताया कि अब यह विद्यालय आधुनिक सुविधाओं से युक्त होकर क्षेत्र के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराएगा। इसमें स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, खेल और अन्य आधुनिक सुविधाएं शामिल होंगी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की है। मधौल मुखिया जवाहर राय, प्रधानाध्यापक रामबालक राय, सभापति नवीन चंद्र भारती, उपसभापति रोमी यादव, पंचायत समिति सदस्य मोहम्मद कमाल, शंभु रजक, अमरनाथ सिंह, पूर्व उप प्रमुख सत्येंद्र राय, मृत्युंजय सिंह, पंचायत समिति सदस्य श्याम सुंदर और कुशुल कुमार ने कहा कि 'सरस्वती विद्या मंदिर' बनने से महुआ के छात्र-छात्राओं को बेहतर पठन-पाठन का माहौल मिलेगा और शिक्षा के स्तर में गुणात्मक सुधार होगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शिक्षा विभाग, विद्यालय परिवार और स्थानीय प्रशासन ने संयुक्त रूप से तैयारी की थी। अधिकारियों का मानना है कि इन सुविधाओं से महुआ का नाम पूरे बिहार में रोशन होगा। मौके पर दर्जनों गणमान्य उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री वर्चुअल माध्यम से बेगूसराय से एकमा में सरस्वती विद्या निकेतन सहित सूबे के 551 मॉडल स्कूलों का शुभारंभ





**छपरा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा प्रखंड में स्थित सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल) अलख नारायण सिंह उच्च विद्यालय, एकमा के परिसर में शुभारंभ 19 जुलाई 2026 यानी रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के द्वारा सुबह लगभग 11:30 बजे के बाद बीपी इंटर स्कूल परिसर में नवनिर्मित मॉडल स्कूल बेगूसराय से डिजिटल/वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के 551 मॉडल स्कूलों का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं, शिक्षाविदों तथा मीडिया प्रतिनिधियों को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस संबंध में एकमा के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनीष कुमार द्वारा पत्रांक-522, दिनांक 18 जुलाई 2026 के माध्यम से आमंत्रण पत्र जारी किया गया है। आमंत्रण पत्र के अनुसार मुख्यमंत्री डिजिटल अथवा निर्धारित माध्यम से विद्यालय परिसर का शुभारंभ करेंगे। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कार्यक्रम में महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, एकमा विधानसभा के विधायक मनोरंजन कुमार सिंह धूमल सहित विधान परिषद सदस्य, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, उपप्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, सभी मुखिया, सरपंच, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों से ससम्मान उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने की अपील की है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्री कुमार ने कहा है कि यह कार्यक्रम क्षेत्र में शिक्षा के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नए विद्यालय परिसर के शुभारंभ से छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा तथा क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। इसकी जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार के माध्यम से दी गई है।

## जगनाथ हाईस्कूल बना मॉडल स्कूल, मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल उद्घाटन



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को बेगूसराय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के 528 मॉडल विद्यालयों का उद्घाटन किया। इसी क्रम में चिरैया प्रखंड के जगनाथ साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को मॉडल विद्यालय के रूप में विकसित करने की शुरूआत हुई। विद्यालय को आधुनिक संसाधनों और तकनीक आधारित सुविधाओं से सुसज्जित कर निजी शिक्षण संस्थानों की तर्ज पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। उद्घाटन के साथ ही शैक्षणिक सत्र का भी शुभारंभ हो गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी के नेतृत्व में बिहार सरकार शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। कहा कि विद्यालय तभी आदर्श बनता है, जब शिक्षक पूरी निष्ठा से पढ़ाएं, विद्यार्थी मन लगाकर अध्ययन करें, अभिभावक विद्यालय से जुड़े रहें तथा समाज भी शिक्षा के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाए। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक दवीर अहमद ने बताया कि मॉडल विद्यालय में राष्ट्रीय आय-सह-मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में 50 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त 40 विद्यार्थियों का नामांकन किया गया है।

## कौनहारा घाट सहित अन्य घाटों पर विशेष स्वच्छता एवं अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरु



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कौनहारा घाट श्मशान घाट सहित अन्य प्रमुख घाटों पर विशेष स्वच्छता, अतिक्रमण हटाओ एवं आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण का व्यापक अभियान प्रारंभ कर दिया गया है । कौनहारा घाट श्मशान घाट सहित अन्य घाटों पर युद्धस्तर पर सफाई अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी शुरू हो चुकी है। घाटों पर बेहतर एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का कार्य भी तेजी से कराया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। अतिक्रमणकारियों को माइकिंग के माध्यम से स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई है कि भविष्य में पुनः अतिक्रमण करने पर उनके सामान जब्त किए जाएंगे तथा नियमानुसार आर्थिक दंड भी लगाया जाएगा। डीएम वर्षा सिंह के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे इस विशेष अभियान की निगरानी नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, हाजीपुर श्री सुशील कुमार दास एवं जिला परियोजना पदाधिकारी (नमामि गंगे), वैशाली श्री मुनेश कुमार द्वारा की जा रही है। अभियान में नगर प्रबंधक दीपक कुमार तिवारी, स्वच्छता पदाधिकारी श्री मोहित अभिषेक, अतिक्रमण दस्ता के सदस्य, स्वच्छता कर्मी एवं नगर परिषद, हाजीपुर की पूरी टीम सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। जिला प्रशासन ने यह स्पष्ट किया है कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा ताकि आमजन को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

## राशन कार्ड से वंचित पात्र परिवारों को राहत, जल्द शुरू होंगे नए आवेदन

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राशन कार्ड से वंचित पात्र परिवारों के लिए राहत की खबर है.लंबे समय से नए राशन कार्ड का इंतजार कर रहे लोगों के लिए जल्द ही ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू होने वाली है। पात्र परिवार स्मार्ट पीडीएस पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे. आवेदन प्राप्त होने के बाद संबंधित अधिकारियों द्वारा जांच और सत्यापन किया जाएगा.पात्रता की पुष्टि होने पर लाभुकों को नया राशन कार्ड जारी किया जाएगा। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) चेतन पांडेय ने बताया कि जिन पात्र परिवारों के पास अब तक राशन कार्ड नहीं है,वे सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार आवेदन कर सकेंगे.सभी आवेदनों की नियमानुसार जांच होगी और पात्र पाए जाने वाले आवेदकों को निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद राशन कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा.इसके माध्यम से लाभुक सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत मिलने वाले खाद्यान्न समेत अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे.

## झमाझम बारिश से शहर की सड़कें झील में तब्दील



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाजीपुर. शनिवार की देर रात हुई झमाझम बारिश से शहर की स्थिति बदहाल हो गयी है. शहर की प्रमुख सड़कें झील में तब्दील हो गयी है. राजेंद्र चौक से गांधी चौक व अस्पताल रोड से थाना चौक के बीच की सड़कों पर घुटने भर पानी लग गया. वहीं, राजेंद्र चौक से अनवरपुर चौक के बीच घुटने भर जमे पानी ने नगर परिषद की जलनिकासी के दावों की पोल खोल कर रख दिया है. राजेंद्र चौक से गांधी चौक व गांधी चौक से थाना चौक के बीच घुटने भर पानी जमा होने से वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर अस्पताल रोड, सिनेमा रोड, राजेंद्र चौक, यादव चौक समेत कई जगहों पर नालों का गंदा पानी दुकानों में घुस जाने से दुकानदारों को काफी नुकसान उठाना पड़ा. सुबह से हो लगातार बारिश के के कारण लोगों की दिनचर्या बदल गयी है. . राजेंद्र चौक से सिनेमा रोड व गांधी चौक से थाना चौक के बीच घुटने भर पानी जमा होने से वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को आवागमन में काफी परेशानियों का समाना करना पड़ रहा है.

**नाला सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति**

स्थानीय लोगों ने बताया कि नगर परिषद नाला सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की है, जिसके कारण शहरवासियों को जल जमाव की समस्या से जूझना पड़ता है. सबसे बुरा हाल राजेंद्र चौक से सिनेमा रोड, गांधी चौक से थाना चौक के बीच का है. वहीं, निचले इलाकों में तो हाल और भी बुरा है. लोगो ने बताया कि शहर के अधिकांश सड़क के किनारे बने नालों पर दुकानदारों का कब्जा जाम लिया है, नालों पर ही दुकान सजा कर दुकानदारी करते है. अतिक्रमण व नालों की नियमित सफाई नहीं होने से जल जमाव की समस्या पैदा होती है. नालों की सफाई नहीं होने के कारण बारिश में नालों का दुर्गंधयुक्त पानी सड़क कई दिनों तक जाम रहता है जिससे होकर लोगों गुजरना पड़ता है. जिस तरह के हालात हैं, अगर बारिश लगातार हुई तो शहर के अधिकतर इलाकों में लोगों को नारकीय जीवन जीने को विवश होना पड़ेगा.

## एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था सुचारु, पर्याप्त स्टॉक एवं सतत निगरानी से उपभोक्ताओं को राहत



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी वैशाली, वर्षा सिंह के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा एलपीजी की निर्बाध एवं सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रभावी निगरानी की जा रही है। जिला आपूर्ति कार्यालय से प्राप्त अद्यतन प्रतिवेदन के अनुसार जिले में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम एवं हिंदुस्तान पेट्रोलियम की कुल 67 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं, जिनके माध्यम से 8,06,738 घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को नियमित गैस आपूर्ति उपलब्ध कराई जा रही है। 17 जुलाई तक गैस एजेंसियों के पास 14,403 घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का उपलब्ध स्टॉक रहा। जिले में कुल 47,125 रीफिल बुकिंग लंबित है, जबकि पिछले 60 दिनों में प्रतिदिन औसतन 12,624 सिलेंडरों की आपूर्ति की गई है। वर्तमान में औसत बैकलॉग 3.7 दिन का है, जो आपूर्ति व्यवस्था के संतुलित संचालन को दर्शाता है। डीएम ने निर्देश दिया है कि शहरी क्षेत्रों में घरेलू उपभोक्ताओं को अंतिम गैस सिलेंडर की डिलीवरी के 25 दिनों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के भीतर रीफिल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को गैस एजेंसियों पर नियमित निरीक्षण, कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर कड़ी कार्रवाई तथा निर्बाध होम डिलीवरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।अनियमितताओं के मामलों में अब तक 03 प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई जारी है। डीएम ने कहा कि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सजग है।

## माकपा का जेल भरो आंदोलन 10 अगस्त को

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुलडोजर राज राज एवं भू-माफिया प्रशासन गठजोड़ के खिलाफ भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) आगामी 10 अगस्त को जिला स्तरीय सत्याग्रह कर जेल भरो आंदोलन करेगी। उक्त निर्णय भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) पूर्वी चंपारण जिला सचिवमंडल के बैठक में लिया गया।कामरेड मुकेश कुमार यादव के अध्यक्षता एवं जिला मंत्री कामरेड सत्येन्द्र कुमार मिश्र के संचालन में जिला के पटरियां स्थित कामरेड अशोक पाठक के आवास पर आयोजित जिला सचिव मंडल के बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी नेताओ ने कहा कि एक तरफ गरीबो को अतिक्रमण के नाम पर वीना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के बुलडोजर से उजाड़ा जा रहा है।

## वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि मानव जीवन के आधार : डॉ.श्यामनंदन



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सेवार्थ विद्यार्थी, उत्तर बिहार प्रांत द्वारा मुंशी सिंह महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित सेवार्थ विद्यार्थी, उत्तर बिहार प्रांत के तत्वावधान में शनिवार को मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति युवाओं एवं समाज में जागरूकता फैलाना तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांत रत्न प्रमुख प्रो. श्यामनंदन ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि मानव जीवन के आधार हैं। उन्होंने सभी से अपने जीवन में अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुंशी सिंह महाविद्यालय के विधि विभागाध्यक्ष डॉ. उर्मिला वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। वृक्षारोपण केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है।

# चेक बाउंस से संबंधित मामलों के निष्पादन हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन

**न्यायालय से संबंधित लगभग 18 लाख रुपये के चेक बाउंस वाद का भी विशेष लोक अदालत के माध्यम से सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया**




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण के तत्वावधान में नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट (चेक बाउंस) से संबंधित मामलों के निष्पादन हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले भर में कुल पाँच बेंचों का गठन किया गया, जिनमें तीन बेंच मोतिहारी, एक ढाका तथा एक अरेराज में स्थापित की गई। मोतिहारी स्थित तीन बेंचों में क्रमशः श्रीमती शैला शुक्ला, एसीजेएम-5; श्रीमती कुमारी रिंकू, न्यायिक दंडाधिकारी तथा श्रीमती कंचन प्रभा, एसडीजेएम, रक्सौल को पीठासीन पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया। वहीं, अरेराज बेंच के लिए उपेंद्र साह तथा ढाका बेंच के लिए विवेक कुमार मिश्रा को पीठासीन पदाधिकारी बनाया गया।विशेष लोक अदालत की बेंच संख्या -1 में 24,बेंच संख्या-2 में 41, बेंच संख्या -3 में 06, बेंच संख्या -4 में 07 तथा बेंच संख्या -5 में 03 वादों का निष्पादन किया गया। इस प्रकार कुल 81 मामलों का आपसी सहमति एवं सुलह - समझौते के आधार पर सफलतापूर्वक निपटारा किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पूर्वी चंपारण, अभिषेक कुमार दास एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी नितिन त्रिपाठी द्वारा सभी बेंचों का भ्रमण कर वादकारियों एवं अधिवक्ताओं को अधिक से अधिक मामलों के सौहार्दपूर्ण निष्पादन हेतु प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने कहा कि विशेष लोक अदालत के माध्यम से वादकारियों को त्वरित, सुलभ एवं कम खचीर्ला न्याय उपलब्ध हो रहा है, जिससे समय एवं संसाधनों की भी बचत हो रही है। विशेष लोक अदालत में कई ऐसे मामले भी सामने आए, जिन्होंने मानवता एवं सामाजिक संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। श्रीमती कुमारी रिंकू, न्यायिक दंडाधिकारी की बेंच में दो मामलों में वादकारियों ने विपक्षी पक्ष की मृत्यु एवं उनकी आर्थिक स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए चेक की राशि को माफ कर दिया। इस मानवीय पहल ने उपस्थित सभी लोगों को भावुक कर दिया तथा यह संदेश दिया कि न्याय के साथ - साथ संवेदनशीलता भी समाज को सशक्त बनाती है। इसके अतिरिक्त, एसीजेएम-12 अविनाश कुमार के न्यायालय से संबंधित लगभग 18 लाख रुपये के चेक बाउंस वाद का भी विशेष लोक अदालत के माध्यम से सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया, जो इस आयोजन की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। विशेष लोक अदालत के सफल संचालन हेतु बेंचों में गैर - न्यायिक सदस्य के रूप में भीष्म कुमार, मुक्तिनाथ शर्मा, रविनंदन शर्मा, अभय कुमार तथा राजाराम को प्रतिनियुक्त किया गया था। इसके अतिरिक्त न्यायालय कर्मियों में अभिजीत कुमार, राजेश कुमार प्रसाद, अजय कुमार, राजप्रकाश, मुकेश कुमार, कृष्णकांत कुमार एवं दीपक कुमार ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विशेष लोक अदालत में 10 साल से पुराने 10 से ज्यादा मामले निपटाए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने सभी न्यायिक पदाधिकारियों अधिवक्ताओं, गैर- न्यायिक सदस्यों एवं न्यायालय कर्मियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए आमजन से अपील की कि वे लोक अदालत के माध्यम से अपने वादों का सौहार्दपूर्ण एवं त्वरित निष्पादन कर न्याय व्यवस्था को और अधिक सुलभ एवं प्रभावी बनाने में सहयोग करें।

CMYK

## एक नजर

### कांग्रेस में अनुशासनहीनता कतई बर्दाश्त नहीं : प्रभाकर झा

**नवादा**। नवादा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा ने अनुशासनहीनता के आरोप में नवादा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री सह पूर्व प्रवक्ता एजाज अली मुन्ना को अनुशासनहीनता के आरोप में तथा पार्टी विरोधी गतिविधियों में लगातार बढ़ोतरी को देखते हुए छह वर्षों के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया जाता है। श्री झा ने कहा कि एजाज अली मुन्ना का कृत्य पार्टी के संविधान और अनुशासन का गंभीर उल्लंघन है तथा मुन्ना के द्वारा लगातार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी , प्रदेश कांग्रेस कमेटी तथा नवादा जिला कांग्रेस कमेटी के निर्णय का खुलेआम मीडिया एवं सोशल मीडिया में विरोध कई महीनो से किया जा रहा है जबकि संगठन में अनुशासन सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार की विरोधी गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाती है। श्री झा ने कहा कि कोई भी कांग्रेस का कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के मूल सिद्धांतों, अनुशासन और संगठनात्मक मर्यादा के खिलाफ मीडिया एवं सोशल मीडिया में लगातार बयान बाजी और अवांछित एवं भ्रामक बयान देते हैं तो कांग्रेस पार्टी इसे बर्दाश्त नहीं करेगी क्योंकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी का संविधान पार्टी के संगठन कार्य प्रणाली और अनुशासन से संबंधित नियमों को निर्धारित करता है। श्री झा ने कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से यह भी अनुरोध किया है की सार्वजनिक मंचों पर संयमित भाषा संगठनात्मक मर्यादा बनाए रखने का प्रयास करें क्योंकि पार्टी अनुशासनहीनता कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। श्री झा ने संकेत दिया है कि आगे भी पार्टी विरोधी गतिविधियों पर सख्त नजर रखी जा रही है और अनुशासनहीनता के मामलों में आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी ।

### सरस्वती विद्या निकेतन विद्यालय का शुभारंभ

**नगरनौसा**। मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी ने रविवार के दिन राज्य सरकार के सात निश्चय 3 योजना अंतर्गत सरस्वती विद्या निकेतन( आदर्श विद्यालय ) राजकीयकृत विकास . 2 विद्यालय भोभी का वर्चुअल शुभारंभ किया गया।विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। राज्य सरकार की ओर से तय सभी सुविधाएं नामांकित छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।विद्यालय में आधुनिक शिक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, विज्ञान प्रयोगशाला और समृद्ध पुस्तकालय की व्यवस्था की गई है।इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष रजनीकांत कुमार ने कहा कि सरस्वती विद्या निकेतन की शुरुआत से क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षण सुविधाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह विद्यालय भविष्य में प्रखंड और आसपास के मेधावी छात्रों के लिए उत्कृष्ट शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। इस मौके पर डीसीएलआर रश्मि कुमारी,बीडीओ ओमप्रकाश कुमार, बीसीओ राजीब रंजन तिवारी,सरपंच खुश्बू कुमारी, लेखापाल आशीष कुमार, प्रधानाध्यापक धीरेंद्र कुमार, शिक्षक स्वेता कुमारी सहित सभी शिक्षक व छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

### किसानों की मांगों और आंदोलन की रणनीति पर होगी चर्चा

**बिहारशरीफ**। अखिल भारतीय किसान सभा का जिला सम्मेलन 20 जुलाई को रहुई प्रखंड के धमासांग ग्राम पंचायत सरकार भवन में सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। यह जानकारी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव राजकिशोर प्रसाद ने दी। जिला किसान सभा के उपाध्यक्ष सकलदेव प्रसाद यादव ने कहा कि किसान वर्तमान में गंभीर संकट से गुजर रहे हैं और उनकी जमीन व फसलों पर खतरा मंडरा रहा है। महासचिव सतेंद्र कृष्ण ने बताया कि सम्मेलन में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद की कानूनी गारंटी, यूरिया की कालाबाजारी रोकने, सरकारी दर पर खाद-बीज उपलब्ध कराने, फसल बीमा लागू करने, बाजार समिति को सक्रिय करने, किसानों के कर्ज माफ करने तथा 60 वर्ष से अधिक आयु के किसानों को 5,000 मासिक पेंशन समेत विभिन्न मांगों पर आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। वरिष्ठ अधिवक्ता शिवकुमार यादव ने किसानों से अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की।

### रेड क्रॉस के साप्ताहिक स्वास्थ्य शिविर में 220 मरीजों की जांच

**बिहारशरीफ**। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा नालंदा द्वारा रविवार को विस्तारित भवन श्रम कल्याण केंद्र मैदान में साप्ताहिक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद एवं निसहाय लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में कुल 220 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श दिया गया, जबकि 40 लोगों की मधुमेह जांच भी की गई।शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम बिहारी ने 40, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव कुमार सिंह ने 55, हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. शंभू कुमार ने 24 तथा फिजिशियन डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. दीनानाथ वर्मा और डॉ. इंद्रजीत कुमार ने संयुक्त रूप से 65 मरीजों का इलाज किया। वहीं फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम ने 25 तथा होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार एवं डॉ. रितेश कुमार ने 25 मरीजों की जांच कर परामर्श दिया।शिविर में पहुंचे लाभार्थियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी की इस पहल की सराहना करते हुए इसे गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। सोसाइटी ने जानकारी दी कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेड क्रॉस के वाइस चेयरमैन सुधीर कुमार, सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित सहित कार्यकारिणी एवं आजीवन सदस्यों ने पंजीकरण, कतार प्रबंधन और अन्य व्यवस्थाओं का सफल संचालन किया।

### नीट का परीक्षा में सफल हो माता-पिता का किया नाम रौशन

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। शहर के हाजीपुर गोला वार्ड-2 निवासी रामगोविंद प्रसाद गुप्ता के पुत्र आयुष कुमार ने नीट परीक्षा में सफलता हासिल कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से परिजनों एवं मोहल्ले के लोगों में खुशी का माहौल है। शुभचिंतकों ने उनके घर पहुंचकर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयुष ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा के बाद मैट्रिक की पढ़ाई गया जिले के बोधगया स्थित ज्ञान भारती स्कूल से पूरी की। उनके पिता ने बताया कि आयुष की बचपन से ही चिकित्सा क्षेत्र में गहरी रुचि रही है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर उन्होंने लगातार मेहनत और नियमित तैयारी की, जिसका परिणाम आज सफलता के रूप में सामने आया है। आयुष की माता ने बताया कि वह शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और मेहनती रहे हैं। आयुष ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि आगे एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर एक कुशल चिकित्सक बनना और जरूरतमंद लोगों की सेवा करना उनका लक्ष्य है।

### स्नातक ग्रेड में प्रोन्नति के बाद ही हो समानुपातिकरण स्थानांतरण : शिक्षक संघर्ष मोर्चा



**औरंगाबाद**। शिक्षक संघर्ष मोर्चा की ओर से रविवार को बारुन प्रखंड स्थित पेंशनर सामुदायिक भवन में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ, बारुन के प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार यादव ने की। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं, विशेषकर स्नातक ग्रेड में प्रोन्नति, कालबद्ध प्रोन्नति एवं स्थानांतरण नियमावली-2026 को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार यादव ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द शिक्षकों को स्नातक ग्रेड में प्रोन्नति प्रदान करे। उन्होंने कहा कि लंबे समय से शिक्षक प्रोन्नति का इंतजार कर रहे हैं। यदि सरकार शीघ्र निर्णय नहीं लेती है तो शिक्षक चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। बैठक में मौजूद शिक्षकों ने स्थानांतरण नियमावली-2026 पर भी आपत्ति जताते हुए कहा कि पहले सभी पात्र शिक्षकों को स्नातक ग्रेड में प्रोन्नति दी जाए, उसके बाद समानुपातिकरण के आधार पर स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू की जाए। शिक्षकों का कहना था कि प्रोन्नति से पहले स्थानांतरण किए जाने से बड़ी संख्या में शिक्षकों के हित प्रभावित होंगे। वक्ताओं ने सरकार एवं शिक्षा विभाग से मांग की कि शिक्षकों की लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि उन्हें आंदोलन का रास्ता न अपनाना पड़े। बैठक में प्रखंड सचिव नरेंद्र कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष बबलू कुमार, मीडिया प्रभारी सुजीत कुमार, महासचिव शशि प्रसाद, शिक्षक संजय कुमार, प्रधान शिक्षिका संध्या कुमारी, प्रखंड संयोजक राजा दिलीप, शिक्षक नसीम अहमद सहित सैकड़ों नियोजित शिक्षक, विशिष्ट शिक्षक एवं प्रधान शिक्षक उपस्थित रहे।

# बेरी हाई स्कूल बना सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**औरंगाबाद**। राज्य में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी छात्रों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से 19 जुलाई का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ है। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश भर में 551 नए सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूलों का शुभारंभ किया गया। इस गौरवशाली कड़ी में मदनपुर प्रखंड स्थित ऐतिहासिक बेरी हाई स्कूल का चयन होना पूरे क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर है। इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक परियोजना का उद्घाटन समारोह आज बेरी हाई स्कूल परिसर में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिह ने फीता काटकर मॉडल स्कूल का औपचारिक शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि बेरी हाई स्कूल का मॉडल स्कूल के रूप में चयन होना हमारे क्षेत्र की मेधा और क्षमता की जीत है। यह विद्यालय अब आधुनिक सुविधाओं से लैस होकर विद्यार्थियों को न केवल किताबी ज्ञान देगा, बल्कि उनके समग्र व्यक्तित्व का विकास भी करेगा। सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल के रूप में अपग्रेड होने के बाद, भौगोलिक संदर्भ इस उपलब्धि पर क्षेत्र में भारी उत्साह है। जदयू के राज्य परिषद् सदस्य ज्ञानदत्त पांडेय ने इस ऐतिहासिक कदम की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा सशक्त होगी तभी बिहार समृद्ध होगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की दूरदर्शी सोच ने आज हमारे मदनपुर को शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ला खड़ा किया है। बेरी हाई स्कूल का यह परिवर्तन केवल ईंट-पत्थर का उन्नयन नहीं है, बल्कि यह उन हजारों विद्यार्थियों के सपनों को पंख देने की एक शुरुआत है जो आने वाले समय में अपने प्रखण्ड और राज्य का नाम रोशन करेंगे। स्थानीय नागरिकों और प्रबुद्धजनों ने उम्मीद जताई है कि यह मॉडल स्कूल आगामी समय में शिक्षा के क्षेत्र में एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उभरकर सामने आएगा।

# मानव तस्करी, बाल श्रम और बंधुआ मजदूरी गंभीर अपराध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**रफीगंज (औरंगाबाद)**। औरंगाबाद जिला प्रशासन एवं दीप ज्योति कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में रफीगंज थाना परिसर में मानव तस्करी, बाल श्रम एवं बंधुआ मजदूरी के विरुद्ध विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को इन सामाजिक अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा बच्चों और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए समाज की सहभागिता सुनिश्चित करना था। मुख्य अतिथि विशेष अपराध नियंत्रण के डीएसपी डॉ. शंकर कुमार झा ने कहा कि मानव तस्करी, बाल श्रम और बंधुआ मजदूरी गंभीर अपराध हैं। इनकी रोकथाम के लिए प्रशासन के साथ-साथ समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने कहा कि पुलिस इन अपराधों के विरुद्ध पूरी तरह प्रतिबद्ध है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति सजग रहने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दीप ज्योति कल्याण संस्थान के जिला समन्वयक रितेश कुमार, सीएसडब्ल्यू सरिता कुमारी एवं सहायक शिक्षक मुसाफिर दास ने मानव तस्करी और बाल श्रम उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान उपस्थित लोगों को मानव तस्करी, बाल श्रम एवं बंधुआ मजदूरी से संबंधित कानूनों, अधिकारों और बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा समाज से इन अपराधों के खिलाफ एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया गया।

# नीट में 638 अंक हासिल कर निखिल ने बढ़ाया जिले का मान



**मदनपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। दुर्गा चौक निवासी कपड़ा व्यवसायी दीपक प्रसाद के पुत्र निखिल ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा में 638 अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने उन्हें सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। निखिल ने 720 अंकों में 638 अंक प्राप्त करते हुए 99.87 परसेंटाइल हासिल किया। उन्हें ऑल इंडिया रैंक 2476 तथा ओबीसी-एनसीएल श्रेणी में 901वीं रैंक मिली। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष उदय प्रसाद गुप्ता, पूर्व मुखिया सुरेंद्र प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार पाठक, युगल प्रसाद, मुकुल प्रसाद, भरत प्रसाद गुप्ता एवं दीपक कुमार ने पुष्पगुच्छ, शॉल, डायरी और कलम भेंट कर निखिल को सम्मानित किया। निखिल की सफलता पर उनके दादा भरत साव, पिता दीपक प्रसाद एवं माता रिंकू कुमारी ने प्रसन्नता व्यक्त की। वहीं मनोज पाठक, मनोज साव, दामोदर साव, संतोष सोनी, राहुल रंजन उर्फ सोनू सिंह, बिरेंद्र साव उर्फ कारू साव, राकेश सिन्हा, बसंत जायसवाल, नारायण साव उर्फ त्रियुगी साव, शिक्षक विश्वनाथ कुमार ठाकुर, प्रेम कुमार, आशीष सिंह, जित्तू कुमार, सुजीत मालाकार, बंटी कुमार सहित अनेक लोगों ने उन्हें बधाई दी।

# 11 महीने में फटा तिरंगा, आन, बान, शान पर आघात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । नगर परिषद क्षेत्र स्थित शहीद प्रमोद सिंह चौक पर आन बान शान से फहर रहा तिरंगा फट गया है। कई जगह से तिरंगा फटा हुआ है। महत्वपूर्ण है कि एनएच 120 के किनारे 60 फीट ऊंचा तिरंगा 15 अगस्त 2025 को स्थापित किया गया था। तब से यह आन बान शान से पहर रहा है। अभी 11 महीने हुए हैं लेकिन आंधी, तूफान और बरसात के कारण यह फट गया। पुराना हो गया। नियमतः फटे हुए तिरंगे को तुरंत बदल जाना चाहिए। इसे फहराते हुए नहीं छोड़ना चाहिए। यह आन, बान व शान के साथ राष्ट्रवाद की भावना पर आघात है। जिला परिषद के पूर्व सदस्य रहे राजीव कुमार बबलू ने इसकी जानकारी दी। कहा कि जब देखा कि फटा हुआ तिरंगा फहर रहा है तो बड़ा दुख हुआ। इस संबंध में इस संवाददाता ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ऋषिकेश स्वास्थ्य से बातचीत की। उन्होंने कहा कि रविवार है, अन्यथा आज ही तिरंगा बदल दिया जाता। सोमवार को तिरंगा बदल दिया जाएगा। एक अतिरिक्त तिरंगा नगर परिषद में ऐसी ही स्थिति के लिए सुरक्षित रखा हुआ है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सोमवार को हर हाल में तिरंगा नया आन बान शान के साथ वहां फहरेगा। महत्वपूर्ण है कि जिस एनएच 120 के किनारे यह तिरंगा स्थापित है, वह सड़क काफी लंबी है। बिहार शरीफ से होकर यह सड़क डुमरांव तक जाती है। जबकि इस सड़क को क्रॉस करती है दाउदनगर बारुण रोड। इससे जो चौराहा निर्मित होता है वहीं पर शहीद प्रमोद सिंह की प्रतिमा लगी हुई है।

# जल जमाव की समस्या का प्रशासन ने किया समाधान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मदनपुर**। मदनपुर प्रखंड क्षेत्र में संभावित अधिक बारिश होने से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जल जमाव होने वाले स्थलों का भौतिक निरीक्षण आपदा प्रबंधन समिति टीम के द्वारा रविवार को किया गया। बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य एवं कार्यपालक अभियंता रौशन कुमार स्थलों का निरीक्षण व अवलोकन किया। शनिवार और रविवार को बारिश की पानी से जलजमाव हो गया जिससे न्यू एरिया में आवागमन की समस्या उत्पन्न हो गई। आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों के द्वारा समस्या का निराकरण किया गया। बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य ने बताया कि जल जमाव स्थल का जायजा लिया गया है। मदनपुर के न्यू एरिया में पहाड़ से बारिश का पानी गिरने से जलजमाव हो गया था जिसका समाधान किया गया है। मदनपुर में लगातार दो दिनों के बारिश से न्यु एरिया पड़ाव पर पहाड़ी पानी से जलजमाव के चलते घर में पानी घुसने पर ग्रामीण डा संत प्रसाद ने आपदा विभाग को सूचना दी। रविवार सुबह आपदा प्रबंधन विभाग के कर्मचारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से जल-जमाव से नाला निकाल कर समस्या का समाधान किया। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं आपदा विभाग के अधिकारी के कार्य के प्रति आभार जताया। मौके पर ग्रामीण दीपनारायण यादव, महेश साव, पवन, विवेक, रितेश, राजन, सोनु कुमार, विनय यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

# विभागीय गाइड लाइन के अनुपालन का निर्देश

## निजी विद्यालय संघ की बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । अंकोढ़ा स्थित एक निजी विद्यालय में रविवार को निजी विद्यालय संघ की महत्वपूर्ण बैठक की गई। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष देवदत्त पाठक ने की। जिला से आए सभी पदाधिकारियों का संघ के प्रवक्ता व नाव ज्योति शिक्षा निकेतन के निदेशक नीरज गुप्ता द्वारा स्वागत किया गया। भास्कर विभूति द्वारा अंगवस्त्र दिया गया। जिला अध्यक्ष अंबेडकर पाल, जिला सचिव अनिल कुमार मिश्र, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार, जिला कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, मदनपुर प्रखंड अध्यक्ष रामनाथ पृथक उपस्थित रहब। बैठक में अपार आईडी, प्रस्वीकृति रिन्यूअल, ईको क्लब, एक पेड़ माँ के नाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। विद्यालय संचालकों को निर्देशित किया गया कि शिक्षा विभाग द्वारा जारी की गई गाइडलाइन का हरसंभव पालन करें, ताकि भविष्य में बच्चों को किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या उत्पन्न न हो। संचालन संघ के संरक्षक विजय कुमार ने किया। मेघनाथ पांडेय, सुरेश गुप्ता- सीएमडी विद्या निकेतन, मनीष सिंह, जितेंद्र कुमार, अभय कुमार, अनूप कुमार, रौशन कुमार, प्रवीण सिंह, सिद्धार्थ सुमन, सुनील कुमार एवं अन्य शामिल रहे।

# विद्यालयों को राजनीतिक रंग नहीं, बेहतर बुनियादी सुविधाएं चाहिए : आशुतोष कुमार सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। युवा कांग्रेस नेता आशुतोष कुमार सिंह ने राज्य सरकार द्वारा मॉडल विद्यालयों के उद्घाटन को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि बिहार के जिन 551 मॉडल विद्यालयों का उद्घाटन किया जा रहा है, वे सभी पहले से संचालित विद्यालय हैं। उनका आरोप है कि इन विद्यालयों में भवन, कक्षाएं और छात्र पहले जैसे ही हैं, केवल रंग-रोगन कर उन्हें मॉडल विद्यालय घोषित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकांश विद्यालयों में केवल दो कमरों को आधुनिक स्वरूप दिया गया है, जबकि शेष कक्षाएं पहले की तरह ही हैं। उनका कहना है कि एक ही विद्यालय में अलग-अलग स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराना शिक्षा व्यवस्था में असमानता को बढ़ावा देगा और विद्यार्थियों के बीच भेदभाव की भावना उत्पन्न कर सकता है। आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि वह स्वयं अनुग्रह नारायण सिन्हा इंटर कॉलेज के छात्र रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी नाम से आपत्ति नहीं है, लेकिन यदि सरकार शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर गंभीर है तो नए विद्यालयों का निर्माण करना चाहिए, आधुनिक भवन और आवश्यक आधारभूत संरचना विकसित करनी चाहिए। इसके बाद ही उन्हें मॉडल विद्यालय के रूप में विकसित किया जाना चाहिए।

# मॉडल स्कूल के उद्घाटन से लोगों में खुशी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पकरीबरावां**। प्रखंड स्थित महंत रामधन पुरी इंटर विद्यालय में रविवार को सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का डिजिटल उद्घाटन बिहार के मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। वहीं विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में जिला परिषद सदस्या बच्चन देवी, बुधौली पंचायत के मुखिया ललन पासवान तथा प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. दिनेश कुमार ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। विद्यालय को मॉडल स्कूल का दर्जा मिलने पर प्रखंडवासियों एवं शिक्षकों में उत्साह का माहौल रहा। वक्ताओं ने कहा कि इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा। इस अवसर पर शिक्षक डॉ. रंजन आर्य, मदन मोहन प्रसाद, डॉ. श्वेता कुमारी, विद्यानंद चौरसिया, अब्दुल सलाम, मो. सिकंदर आलम, कमलेश कुमार, सुनील कुमार, उदय कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित रहे।

# मॉडल स्कूल डुमरी का लोकार्पण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। बिहार सरकार द्वारा शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और सरकारी स्कूलों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी नवनिर्मित मॉडल स्कूलों का भव्य उद्घाटन किया। इसी कड़ी में कुटुंबा प्रखंड के राजकीय कृत प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय, डुमरी का भी मॉडल स्कूल के रूप में डिजिटल लोकार्पण किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर विद्यालय का नाम बदलकर अब 'सरस्वती विद्या निकेतन' कर दिया गया है। लोकार्पण के इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिसर में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक ललन भुईयां उपस्थित रहे। उनके साथ ही प्रभारी प्रधानाध्यापक धनंजय कुमार, वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, चंद्रशेखर साहू और विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य विजेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यालय के मॉडल स्वरूप में तब्दील होने और नए नामकरण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा कि इस आधुनिक बुनियादी ढांचे से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा मिल सकेगी। डिजिटल और आधुनिक सुविधाओं से लैस यह मॉडल स्कूल क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा। इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने वालों में विद्यालय के शिक्षक दिनेश प्रसाद, अभिषेक कुमार, मदन कुमार, सतीश कुमार सिंह, डिंपल कुमारी, सुजाता कुमारी सहित कई गणमान्य लोग, अभिभावक और छात्र-छात्राएं मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# सलेमपुर नहर पुल पर घेराबंदी व प्रकाश व्यवस्था के अभाव से बढ़ा हादसों का खतरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। हसपुरा प्रखंड के सलेमपुर गांव के समीप मुख्य मार्ग पर स्थित नहर पुल पर घेराबंदी और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने से दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। पुल के समीप तीखा मोड़ होने के कारण दिन-रात वाहनों का आवागमन जोखिम भरा हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुरक्षा इंतजाम नहीं होने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों के अनुसार इस स्थान पर पहले भी कई वाहन अनियंत्रित होकर नहर में गिर चुके हैं। हालांकि, ग्रामीणों की तत्परता से अब तक किसी जनहानि की सूचना नहीं है। दुर्घटनाओं के बाद कई बार लोगों ने विरोध-प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम भी किया, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं निकल सका है। स्थानीय निवासी राजेंद्र पासवान ने बताया कि पुल का चौड़ीकरण, दोनों ओर मजबूत घेराबंदी (रेलिंग) तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था कराए बिना समस्या का समाधान संभव नहीं है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र आवश्यक कदम उठाने की मांग की, ताकि भविष्य में संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## एससी-एसटी कर्मचारी संघ चलाएगा सदस्यता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ की बैठक रविवार को प्रखंड अध्यक्ष उदय कुमार की अध्यक्षता में उनके आवास पर हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, सदस्यता अभियान चलाने तथा आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। इस दौरान पूर्व बैठक के प्रस्तावों की समीक्षा के बाद पूरे प्रखंड में सघन सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही प्रखंड में पदस्थापित सभी एससी-एसटी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची तैयार कर उन्हें संघ की ओर से सम्मानित करने पर सहमति बनी। बैठक में सदस्यों की कम उपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए आगामी बैठकों में सभी सदस्यों की अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई। बैठक में संघ के सचिव अवधेश प्रसाद सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### फूड प्वाइजनिंग की आशंका से एक ही परिवार के चार लोग बीमार

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा प्रखंड के टाल गांव में कथित फूड प्वाइजनिंग से एक ही परिवार के चार सदस्य बीमार पड़ गए। सभी का इलाज दाउदनगर स्थित एक निजी अस्पताल में कराया गया, जहां उपचार के बाद उनकी स्थिति सामान्य होने पर उन्हें घर भेज दिया गया। बीमारों में कामाख्या नारायण सिंह, उनकी पत्नी मानकुंवर देवी, पुत्रवधू एवं शिक्षिका रूपश्री कुमारी तथा पोती काव्या शामिल हैं। परिजनों का आरोप है कि आशीर्वाद कंपनी की दही से तैयार दहीबड़ा खाने के बाद सभी की तबीयत बिगड़ गई। कामाख्या नारायण सिंह ने बताया कि वह इस मामले को उपभोक्ता फोरम में ले जाएंगे। उन्होंने बताया कि संबंधित कंपनी की दही की आपूर्ति हसपुरा बाजार क्षेत्र के एक वितरक के माध्यम से स्थानीय दुकानों में की जाती है। हालांकि, फूड प्वाइजनिंग की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग की जांच के बाद ही हो सकेगी।

### वारंटी गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के बलिगांव निवासी 59 वर्षीय श्रीराम पासवान को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि औरंगाबाद न्यायालय से श्रीराम पासवान के विरुद्ध वारंट जारी हुआ था। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पुलिस ने छापेमारी कर उन्हें उनके घर से गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि न्यायालय से जारी वारंटों के निष्पादन के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है और फरार वारंटियों के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### रामकुमार वर्मा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश महासचिव बने

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने संगठन विस्तार के तहत गोह विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता रामकुमार वर्मा को प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। उनके मनोनयन से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। नई जिम्मेदारी मिलने पर रामकुमार वर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा एवं प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

# मॉडल स्कूलों में स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं होंगी विकसित

## जमुई के दस प्लस टू उच्च विद्यालयों को मिला मॉडल स्कूल का दर्जा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमुई।** बिहार में सरकारी शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। रविवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बेगूसराय से राज्य के 551 'सरस्वती विद्या निकेतन' (मॉडल स्कूल) का एक साथ उद्घाटन किया। जमुई समेत पूरे बिहार के सरकारी स्कूलों के लिए रविवार का दिन ऐतिहासिक रहा। इसमें जमुई जिला का दस स्कूल शामिल है। बेगूसराय से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। सभी चयनित विद्यालय कार्यक्रम से जुड़े और एतिहासिक दिन को यादगार बनाया। निर्धारित गाइडलाइंस के अनुरूप इन सभी पाठशालाओं का समुचित विकास किया जाएगा। यहां गुणवत्तापूर्ण और समग्र शिक्षा मुहैया कराने की दिशा में कारगर पहल किए जायेंगे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के द्वारा राज्य के 551 सरस्वती विद्या निकेतन के एकीकृत उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण के लिए जमुई जिला प्रशासन ने +2 जनता उच्च विद्यालय सतायन परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। एडीएम रविकांत सिन्हा ने अग्नि शिलालेख का अनावरण कर कार्यक्रम को गरिमा प्रदान किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि जमुई जिला का 58 वर्ष पुराना +2 जनता उच्च विद्यालय सतायन समेत कुल दस पाठशाला अब सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल) के रूप में नई पहचान हासिल करेगा। मॉडल स्कूल बनने के बाद यहां आधुनिक शिक्षा व्यवस्था, डिजिटल संसाधनों और अत्याधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। शिक्षण अधिगम सामाग्री, स्वच्छता, आईटी सुविधा आदि उपलब्ध कराए जाएंगे। अंकित स्कूलों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण के साथ आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराना प्राथमिकता होगी। एडीएम ने शिक्षकों, पढ़नहारों और अभिभावकों से निष्ठा के साथ राज्य के विकास में सहयोग करने का आग्रह किया। डीईओ धनंजय कुमार पासवान ने आगंतुकों का विनम्र भाव से अभिनंदन करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग का ध्येय नामित पाठशालाओं को राज्य के उत्कृष्ट सरकारी शिक्षण संस्थानों में शामिल करना है। जिले के प्रत्येक प्रखंड से एक-एक विद्यालय को मॉडल स्कूल के रूप में चुना गया है। सरस्वती विद्या निकेतन बनने के बाद यहां विद्यार्थियों को स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल शिक्षण संसाधन, आधुनिक पुस्तकालय, अत्याधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाएं और प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रारंभिक तैयारी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। शिक्षा विभाग चरणबद्ध तरीके से इन विद्यालयों को आधुनिक तकनीक और बेहतर आधारभूत संरचना से लैस करेगा। मॉडल स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। नई व्यवस्था के तहत डिजिटल शिक्षण, प्रयोगशाला आधारित पढ़ाई और गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति को बढ़ावा दिया जाएगा। शिक्षा विभाग का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर निजी स्कूलों की तुलना ज्यादा बेहतर बनाना है है। शिक्षा विभाग ने सभी सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूलों की एक समान पहचान बनाने के लिए भवनों को विशेष रंग से तैयार कराया जा रहा है। पूरे बिहार में इन मॉडल स्कूलों की बाहरी पहचान एक जैसी होगी। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ.मेनका कुमारी, डीपीओ उच्च शिक्षा नीतेश कुमार, बीईओ अमीत कुमार बीजेपी जिलाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद केशरी, लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष जीवन सिंह, बृजजनंदन सिंह, चंदन सिंह, अजय पासवान, सेवानिवृत्त प्राचार्य अरुण देव राय, प्राचार्य जितेंद्र कुमार सिंह, अमीत कुमार, लक्ष्मीकांत पाण्डेय आदि गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कर इसे भव्यता प्रदान किया। राज्य उद्घोषक डॉ.निरंजन कुमार ने साहित्यिक अंदाज में समारोह का मंच संचालन कर प्रशंसा के पात्र बने।



### इन स्कूलों को मिला सरस्वती विद्या निकेतन का दर्जा

जमुई जिला के 58 साल पुराने +2 जनता उच्च विद्यालय सतायन जमुई के अलावे +2 एमआर पुरी उच्च विद्यालय ताजपुर अलीगंज, +2 एसके उच्च विद्यालय सिकंदरा, +2 उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेला लक्ष्मीपुर, +2 राजकीय उच्च विद्यालय लथलथ बरहट, +2 एमसीभी उच्च विद्यालय गिद्धौर, राज्य संपोषित +2 एसएस उच्च विद्यालय सोनो, +2 एसके उच्च विद्यालय चकाई , +2 आरएसएस उच्च विद्यालय बड़ाबाँध खैरा और +2 एमजीएस उच्च विद्यालय झाझा को भी ''सरस्वती विद्या निकेतन'' का दर्ज़ा दिया गया है।

# ताजपुर में मॉडल स्कूल का विधायक ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमुई/अलीगंज।** शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत अलीगंज प्रखंड अंतर्गत एम.आर. पुरी उच्च विद्यालय, ताजपुर परिसर में सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल का शुभारंभ किया गया। विद्यालय का उद्घाटन स्थानीय विधायक प्रफुल कुमार मांझी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अग्रसर कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राणा राजीव कुमार ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। अपने संबोधन में विधायक प्रफुल कुमार मांझी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि मॉडल स्कूल की स्थापना से क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा तथा उनकी प्रतिभा को निखारने का बेहतर अवसर प्राप्त होगा। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अग्रसर कुमार ने कहा कि शिक्षा विभाग का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे तक बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाना है। उन्होंने विश्वास जताया कि सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान स्थापित करेगा। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राणा राजीव कुमार ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं भावी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सभी शिक्षक पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने विद्यालय के विकास में सहयोग के लिए विधायक एवं शिक्षा विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक राणा राजीव कुमार, शिवराज नंदन सिंह, ऋतु सिंह, शिखा पल्लवी, ज्योति कुमारी, बसंत नारायण, रामकुमार सिंह सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ, छात्र-छात्राएँ, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।




# सिकंदरा में आदर्श विद्यालय का शुभारंभ

**जमुई /सिकंदरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड स्थित प्लस-टू श्रीकृष्ण विद्यालय अब 'सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय' के रूप में संचालित होगा। राज्य सरकार की पहल के तहत रविवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने ऑनलाइन इसका उद्घाटन किया। इसके बाद विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में विधायक प्रफुल्ल कुमार मांझी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रूपम कुमारी और विद्यालय प्रभारी विमल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर स्थानीय स्तर पर विद्यालय का शुभारंभ किया। इस दौरान विद्यालय परिवार की ओर से विधायक को सम्मानित भी किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक प्रफुल्ल कुमार मांझी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को शहरों जैसी गुणवत्तापूर्ण, संस्कारयुक्त और आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराना है। आदर्श विद्यालय योजना से बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल के साथ अनुशासन, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रप्रेम की शिक्षा मिलेगी। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से विद्यालय आने और लक्ष्य तय कर पढ़ाई करने की अपील की। विद्यालय प्रभारी विमल ने बताया कि यहां शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रहेगी। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए योग, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां, नैतिक शिक्षा, व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता बढ़ाने वाले कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। आधुनिक शिक्षण पद्धति के जरिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर भी विशेष जोर रहेगा।

# समाज सेवा के लिए एकजुट होकर काम करने का लिया संकल्प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमुई।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोशिएशन के बैनर तले रविवार को सिकंदरा प्रखंड के रामपुर में प्रखंड अध्यक्ष शंकर प्रसाद केशरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिहार प्रदेश संगठन सचिव बीरेंद्र कुमार शर्मा की ने भाग लिया। बही कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन सचिव बीरेंद्र कुमार शर्मा, मुंगेर प्रमंडल अध्यक्ष शेषनाथ शर्मा को फूल माला, बुकें एवं अंग वस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया। मौके पर प्रदेश संगठन सचिव वीरेंद्र कुमार शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बाल मजदूरी, नारी शोषण, लोगों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार तथा शोषित एवं वंचित वर्ग को उनके अधिकार दिलाने जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।बही मुंगेर प्रमंडलीय अध्यक्ष शेषनाथ शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में जागरूकता बढ़ाकर और संगठन के माध्यम से पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए सभी सदस्यों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। कहा कि संगठन के नियमों का पालन, ईमानदारी, अनुशासन और सेवा भाव के साथ सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अभियान चलाकर लोगों को उनके अधिकार दिलाने का प्रयास किया जाएगा।बैठक के दौरान संगठन का विस्तार करते हुए नवीन कुमार को जिला अध्यक्ष, महादेव सिमरिया के राजु पाण्डेय को सिकंदरा प्रखंड सचिव, अशोक माहतौ को प्रखंड सचिव, जिम्मेदारी सौंपी गई।मौके पर बीरेंद्र माहतौ,नुनेश्वर माहतौ, गोरेलाल माहतौ,सोनु कुमार, अलीगंज प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार, अलीगंज प्रखंड सचिव शंभूनाथ, कृष्णा पंडित समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# प्रत्येक मतदान केंद्रों पर बीएलओ एवं बीएलए की बैठक 22 को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एक सहभागी प्रक्रिया है इसमें प्रत्येक स्टेकहोल्डर के सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में मतदाताओं, बीएलए 2, बीएलओ, निर्वाचन से जुड़े हर स्तर पदाधिकारियों द्वारा आपसी सहभागिता से तीव्र गति से कार्य की जा रही है। उन्हों बताया कि वर्तमान में इन्यूमरेशन फ़ेज का कार्य किया जा रहा है जिसके अंतर्गत वर्तमान मतदाता सूची के प्रत्येक मतदाताओं तक इन्यूमरेशन फॉर्म भेजने एवं उनके भरे हुए एवं हस्ताक्षर किए हुए इन्यूमरेशन फॉर्म को संग्रहित कर डिजिटलाइज करने का कार्य किया जा रहा है। श्री रवि कुमार ने कहा है कि मतदाता सूची में एएसडीडीएफ सूची के अंतिम प्रकाशन हेतु सभी मतदान केंद्रों पर 22 जुलाई को बीएलओ एवं बीएलए 2 कि बैठक एवं चुनाव पाठशाल का आयोजन किया जा रहा है। वैसे मतदाता जो अपना फॉर्म भरकर एवं हस्ताक्षर कर अपने बीएलओ को जमा करेंगें केवल उनका ही नाम अगस्त को प्रकाशित होने वाले मतदाता सूचि के ड्राफ्ट पब्लिकेशन में शामिल होगा। श्री के. रवि कुमार ने कहा कि इन्यूमरेशन फॉर्म के डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया को समय पर संपन्न करने के लिए विभाग द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। रविवार तक विशेष कैंप एवं बीएलओ द्वारा 65.64% कुल 1,73,70,620 मतदाताओं के इन्यूमरेशन फॉर्म के डिजिटाइजेशन का कार्य संपन्न कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं द्वारा भरे हुए इन्यूमरेशन फॉर्म को वापस जमा होते ही उसे डिजिटाइज करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने मतदाताओं से आग्रह किया कि जल्द से जल्द अपने इन्यूमरेशन फॉर्म भरकर जमा कर दें जिससे उसे समय रहते डिजिटाइजेशन किया जा सके। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि अभी भी शहरी मतदाताओं के द्वारा इन्यूमरेशन फॉर्म भरकर जमा करने की गति धीमी है। इसे गति देने एवं अधिक से अधिक बच्चे हुए मतदाताओं को सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं की सहूलियत और शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 20 जुलाई 2026 को राज्य के सभी शहरी मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप के माध्यम से शहरी मतदाता आसानी से अपने इन्यूमरेशन फॉर्म जमा कर सकते हैं एवं बचे हुए मतदाता जिन्हें किसी कारण से अभी भी इन्यूमरेशन फॉर्म प्राप्त नहीं हुए है वे इसे विशेष कैम में जाकर प्राप्त कर सकते हैं।

# 78वें स्थापना दिवस पर रामदयालु सिंह महाविद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** गोकुल की राह चले जमुना के तट पर एकल और समूह गान की प्रस्तुति ने सबों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलगीत से हुई, जिसमें खुशी, शिवानी, प्रणव और शाश्वत ने भाग लिया। गणेश वंदना में पियूष, कोमल, रिया, साक्षी, पलक व पायल ने भाग लिया। ऋतंभरा के द्वारा प्रस्तुत एकल नृत्य 'मोहे पनघट पर नंदलाल छेड़ गयो रे' सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। लोकगीतः 'आज मिथिला नगरिया निहाल सखिया' में हाजरा, अंशु, अर्पिता, आयशा, मनीषा, शिवानी, खुशी, स्नेह, अंकिता, पलक ने मनमोहक प्रस्तुति से समां बांध दिया। अपूर्व द्वारा 'रहे ना रहे हम' गीत की सुमधुर प्रस्तुति हुई। कृष्ण राधा समूह नृत्य में पीयूष, रितंभरा, सलोनी, कोमल, रिया, अपूर्वा, रिद्धि, साक्षी, पलक, पायल, अनिशा और अंजलि ने शानदार प्रस्तुति किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागियों सहित विरासत टीम के डॉ आरती, डॉ प्रियंका दिक्षित, डॉ कृतिका वर्मा, डॉ स्नेह लता, डॉ सुमन लता, डॉ हसन रजा व कुमारी निधि को प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। सभी विभागों के टॉपर, नेट व जेआरएफ में सफल छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।




**पत्रिका व पुस्तक का लोकार्पण**

आरडीएस कॉलेज की ऐतिहासिक पत्रिका 'वर्तिका' और कृतिका वर्मा द्वारा स्नातक के छात्रों के लिए लिखित पुस्तक 'कंज्यूमर बिहेवियर' का लोकार्पण कुलपति, प्राचार्य एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया गया। इससे लेखन, पठन-पाठन और बौद्धिक संवाद को बल मिला है। कुलपति डॉ दिनेश चंद्र राय ने स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन करते हुए कहा कि रामदयालु सिंह महाविद्यालय का इतिहास गौरवशाली रहा है। इस संस्थान ने न केवल उत्तर बिहार बल्कि पूरे देश को राजनीति, समाज सेवा, विज्ञान और साहित्य के क्षेत्र में अद्वितीय विभूतियां दी है। महाविद्यालय के कर्मठ प्राचार्य, समर्पित प्राध्यापक गण, ऊर्जावान छात्र-छात्राएं और कर्मचारी गण महाविद्यालय की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। शिक्षक ज्ञान के प्रदाता और मार्गदर्शक होते हैं, जबकि छात्र इस प्रणाली के केंद्र बिंदु हैं।अपार मेहनत और दृढ़ इच्छा शक्ति ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। पूर्व कुलपति डॉ रिपूसूदन श्रीवास्तव ने अपने छात्र जीवन से लेकर शिक्षक बनने तक के रोचक संस्मरण सुनाए। उन्होंने कहा कि शिक्षक और छात्र का रिश्ता बहुत ही पवित्र और प्यारा होता है। कॉलेज के शिक्षक छात्रों के उज्जवल भविष्य निर्माण में अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। आरडीएस कॉलेज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत रही है। यहां मिनर्वा क्लब जैसी संस्थाओं के माध्यम से शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर काम किया है, जिससे एक मजबूत भावनात्मक रिश्ता स्थापित हुआ है। उन्होंने कालेज के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉ शशि भूषण कुमार ने आगत अतिथियों का अंगवस्त्र व कॉलेज पत्रिका देकर स्वागत किया। उन्होंने विगत वर्षों में कॉलेज के चहुंमुखी विकास का रोड मैप प्रस्तुत किया। कहा कि यहां के शिक्षक, छात्र एवं कर्मचारी पूरे लगन एवं तन्मयता से कॉलेज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता ने कॉलेज के समृद्ध इतिहास पर प्रकाश डाला। पूर्व प्राचार्य डॉ बीके आजाद ने भी अपने अनुभव को साझा किया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य प्रो बीके आजाद, प्रो भारती सिंहा, प्रो अरुण कुमार, प्रो विकास नारायण उपाध्याय, प्रो मंजू सिंहा, पूर्व कुलसचिव डॉ संजय कुमार, डॉ शरदेंदु शेखर, प्राचार्य डॉ कनू प्रिया, प्राचार्य डॉ संजय कुमार सुमन, डॉ प्रदीप चौधरी, पूर्व प्राचार्य डॉ संजय, पूर्व प्राचार्य डॉ सी एस राय, कॉलेज बर्सर डॉ राजीव कुमार, डॉ अपर्णा शर्मा, डॉ अमीता शर्मा, डॉ शिवेश कुमार, प्राचार्य डॉ के के पासवान, परीक्षा नियंत्रक डॉ रामकुमार, डॉ एम एन रजवी, सिंडिकेट सदस्य डॉ सत्येंद्र प्रसाद, डॉ मंजरी आनंद, एनटीपीसी के सीएसआर एग्जीक्यूटिव नेहा गोरेती मिंज व योगेश कुमार सिंह, श्री निर्मल शर्मा आदि की उपस्थिति ने स्थापना दिवस समारोह को काफी सफल बनाया।

# एसआईआर : शुद्ध मतदाता सूची से ही मजबूत होगा लोकतंत्र : मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान के तहत रविवार को झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, नगर एवं आवास, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री सुदीव्य कुमार ने स्वयं अपना गणना प्रपत्र एन्यूमरेशन फॉर्म भरकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-उपायुक्त रामनिवास यादव को सौंपा। इस दौरान उन्होंने जिले के सभी पात्र मतदाताओं से समय-सीमा के भीतर अपना गणना प्रपत्र भरकर संबंधित बीएलओ को देने और अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की मंत्री सुदीव्य कुमार ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह इस अभियान में सहयोग करे, ताकि कोई भी योग्य मतदाता सूची से वंचित न रहे उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रामनिवास यादव ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में एसआईआर-2026 अभियान का प्रभावी एवं समयबद्ध संचालन किया जा रहा है। प्रत्येक पात्र मतदाता तक गणना प्रपत्र पहुंचाने, उसे प्राप्त करने तथा मतदाता सूची को अद्यतन करने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर जारी है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे निर्धारित समय के भीतर अपना गणना प्रपत्र भरकर संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराएं जिला प्रशासन के अनुसार अभियान के सफल संचालन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों एवं क्षेत्रीय कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। अभियान की नियमित समीक्षा की जा रही है ताकि जिले के प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सही और अद्यतन रूप से दर्ज किया जा सके।



# उपायुक्त ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग जेएसएससी द्वारा आयोजित झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा 2024 के निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर रविवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने एच.ई. हाई स्कूल, कार्मेल स्कूल, पचंबा हाई स्कूल, हनी होली विद्यालय सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया। उन्होंने अभ्यर्थियों के प्रवेश, पहचान सत्यापन, सुरक्षा व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की बारीकी से जांच की। इस दौरान उन्होंने स्वयं भी कुछ अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र का सत्यापन कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने परीक्षार्थियों से बातचीत कर परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और उन्हें शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा देने के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं केंद्राधीक्षकों, वीक्षकों एवं प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा की प्रत्येक प्रक्रिया आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता और सतर्कता के साथ संपन्न कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या कदाचार की संभावना को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रामनिवास यादव ने कहा कि प्रत्येक अभ्यर्थी को सुरक्षित, निष्पक्ष और तनावमुक्त वातावरण में परीक्षा दिलाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उन्होंने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और केंद्राधीक्षकों को आपसी समन्वय के साथ पूरी जिम्मेदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया।




# जैक 12वीं स्क्रूटनी व कंपार्टमेंट में देरी पर छात्र मोर्चा ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक ) की इंटरमीडिएट (12वीं) स्क्रूटनी के परिणाम और कंपार्टमेंटल परीक्षा में हो रही देरी को लेकर झारखंड छात्र मोर्चा झामुमो छात्र संगठन ने शनिवार को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदीव्य कुमार को ज्ञापन सौंपा। छात्र नेताओं ने कहा कि राज्य के अधिकांश विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया अंतिम चरण में है तथा कई संस्थानों में सीटें लगभग भर चुकी हैं। ऐसे में स्क्रूटनी और कंपार्टमेंट के छात्रों का एक शैक्षणिक वर्ष बर्बाद होने का खतरा पैदा हो गया है मोर्चा ने मंत्री से मांग की कि जैक के साथ समन्वय स्थापित कर इंटरमीडिएट स्क्रूटनी का परिणाम और कंपार्टमेंटल परीक्षा की प्रक्रिया जल्द पूरी कराई जाए। साथ ही राज्य के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को निर्देश जारी किया जाए कि स्क्रूटनी और कंपार्टमेंट के विद्यार्थियों के लिए परिणाम जारी होने तक विशेष नामांकन व्यवस्था की जाए, ताकि किसी भी छात्र-छात्रा का भविष्य प्रभावित न हो प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि परिणाम में देरी के कारण हजारों विद्यार्थी उच्च शिक्षा में प्रवेश से वंचित होने की स्थिति में हैं। इस पर मंत्री सुदीव्य कुमार ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि मामले को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि स्क्रूटनी का परिणाम जल्द जारी कराने तथा कंपार्टमेंटल परीक्षा आयोजित कराने के लिए आवश्यक पहल की जाएगी। साथ ही उच्च शिक्षा विभाग और जैक के बीच समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा कि किसी भी विद्यार्थी का नामांकन केवल परिणाम में देरी के कारण न रुके। झारखंड छात्र मोर्चा के जिला अध्यक्ष अभय कुमार ने कहा कि संगठन किसी भी कीमत पर छात्रों का एक वर्ष बर्बाद नहीं होने देगा। उन्होंने छात्र हित में सकारात्मक आश्वासन देने के लिए मंत्री का आभार व्यक्त किया। वहीं जिला सचिव विशाल झा ने कहा कि कंपार्टमेंट और स्क्रूटनी के कारण जिन छात्रों का नामांकन अटका है, उन्हें कॉलेजों में प्रवेश दिलाने के लिए संगठन लगातार प्रयास करेगा इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रोहित मंडल, रौनक मिश्रा, जिला संगठन मंत्री बिट्टू कुमार, जेबा नाज़, अंकित कुमार, जिला सह सचिव डब्ल्यू यादव, राज पांडे, रोहित गुप्ता, खुशबू कुमारी, रंजन वर्मा, सागर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

# भागलपुर जिले में 17 मॉडल स्कूलों का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जिले में राज्य सरकार की गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक विद्यालयी शिक्षा योजना के तहत कुल 17 सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल) का शुभारंभ रविवार को किया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को बेगूसराय में आयोजित एक कार्यक्रम से जिले के 17 सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल) का उद्घाटन वर्चुअल माध्यम से किया। इस योजना के अंतर्गत भागलपुर जिले के प्रत्येक प्रखंड में एक-एक मॉडल स्कूल का चयन किया गया है, जिससे जिले के विद्यार्थियों को आधुनिक संसाधनों से युक्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। इस अवसर पर जिले के सभी 17 मॉडल स्कूलों



में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, अभिभावकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों, शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों एवं आम लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों का स्वागत किया गया तथा शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी पहल की सराहना की गई। इस दौरान जिले के जगदीशपुर प्रखंड के बैजानी गांव में स्थापित मॉडल स्कूल का शुभारंभ करते हुए जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार द्वारा स्थापित किए जा रहे मॉडल स्कूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक शिक्षण पद्धति तथा समग्र व्यक्तित्व विकास की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इन स्कूलों में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, आधुनिक संसाधन, तकनीक आधारित शिक्षण, अनुशासित एवं प्रेरणादायी वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को समान अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास का सबसे सशक्त माध्यम है तथा मॉडल स्कूल इस दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होंगे। श्रीमति पांडेय ने विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें नियमित अध्ययन, अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने अभिभावकों से भी बच्चों की शिक्षा में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की तथा शिक्षकों का आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों का भी विकास करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया कि जिले के सभी 17 सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल) गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के उत्कृष्ट केंद्र के रूप में विकसित होंगे तथा नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मौके पर वरीय उप समाहर्ता अंकिता चौधरी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी चंदन कुमार भी मौजूद थे।

# वित्तरहित संस्थानों के अधिग्रहण से सरकार को 10 हजार करोड़ की होगी बचत : एमएलसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** वित्त रहित संस्थाओं के अधिग्रहण करने से सरकार को दस हजार करोड़ की होगी बचत रविवार को एक प्रेस व्यक्ति जारी करते हुए एमएलसी सर्वेश कुमार ने कहा। श्री सिंह ने कहा कि विधान परिषद के 9 सदस्यों ने 17 जुलाई को मुख्यमंत्री से मुलाकात कर राज्य के 1500 से अधिक वित्तरहित माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों एवं डिग्री कॉलेजों के विकास पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने सभी बिंदुओं को सुनने के बाद प्रत्येक सदस्य से 5-5 सुझाव मांगे। सदस्यों ने कहा कि इन संस्थानों के पास लगभग 10 हजार एकड़ भूमि, भवन और आधारभूत

**दी जानकारी**

संरचना है। जिसकी बाजार कीमत 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। यह राज्य की महत्वपूर्ण शैक्षणिक संपदा है। सरकार इनका अधिग्रहण करे ताकि इसका उपयोग शिक्षा के विकास में हो सके। सुझाव दिया गया कि इन संस्थानों के संसाधनों का उपयोग कर सात निश्चय-3 के तहत प्रत्येक प्रखंड में एक मॉडल स्कूल और एक डिग्री कॉलेज शीघ्र शुरू किया जा सकता है। इससे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी।वर्तमान में एक नए डिग्री कॉलेज भवन पर लगभग 20 करोड़ रुपये खर्च होते हैं। 211 नए कॉलेजों के साथ मॉडल स्कूल खोलने में सरकार को 10 हजार करोड़ रुपये व्यय करने पड़ेंगे। जबकि इन वित्तरहित संस्थानों के अधिग्रहण और विकास पर मात्र 1 हजार करोड़ खर्च कर काम हो सकता है। इससे सरकार को 10 हजार करोड़ की बचत होगी।सदस्यों ने कहा कि इन संस्थानों में कार्यरत शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों को पहले से 40 से 50 हजार रुपये तक भुगतान हो रहा है। उनके समायोजन से सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। साथ ही आरक्षित कोटि की रिक्तियों को विशेष अभियान चलाकर भरने की मांग भी की गई।

# हर प्रखंड में शुरू हुआ सरस्वती विद्या निकेतन

## ग्रामीण विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की पहल, तीन नए शिक्षकों ने संभाला कार्यभार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी शिक्षा पहल के तहत प्रत्येक प्रखंड में स्थापित सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल का वर्चुअल उद्घाटन रविवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बेगूसराय स्थित बीपी इंटर स्कूल से किया। राज्यस्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से जिले के सभी प्रखंडों में एक साथ मॉडल स्कूलों का शुभारंभ हुआ। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को आधुनिक संसाधनों से युक्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना तथा उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करना है।नावकोठी प्रखंड में सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल का शुभारंभ एपीएस प्लस-टू उच्च विद्यालय परिसर में मुखिया राष्ट्रपति कुमार, जिला परिषद प्रतिनिधि राजेंद्र शर्मा एवं प्रधानाध्यापक गणेश झा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया एवं एक पौधा लगाकर इस कार्यक्रम को यादगार बनाया। उद्घाटन समारोह के अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इको क्लब के विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों तथा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति से कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रधानाध्यापक गणेश झा ने बताया कि मॉडल स्कूल के सफल संचालन के लिए सरकार ने तीन अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति की है। हिंदी विषय के लिए अंजलि कुमारी, गणित के लिए राकेश कुमार शर्मा तथा रसायन विज्ञान के लिए संजय कुमार शाह ने विद्यालय में योगदान दे दिया है। उन्होंने कहा कि इन शिक्षकों के आने से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा शिक्षा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि मॉडल स्कूल ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में सरकार की महत्वपूर्ण पहल है। यहां विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षण व्यवस्था, बेहतर शैक्षणिक संसाधन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और उच्च शिक्षा के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने निर्धारित समय पर पूर्ण वर्दी एवं पहचान-पत्र के साथ विद्यालय में उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर शिक्षक धर्मेंद्र कुमार, राजीव रंजन कुमार, आलोक कुमार, विद्यानंद कुमार, राहुल कुमार, शिक्षिकाएं निवेदिता गुप्ता, बेबी कुमारी, रजनी किरण, रितु रानी, अस्मिता कुमारी, प्रेरणा कुमारी, मृत्युंजय सिंह, उपमुखिया विजय कुमार सहनी, शत्रुघ्न कुमार, अभिभावक अरविंद कुमार, अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक गणेश झा ने तथा संचालन अरुण कुमार मालाकार ने किया।

# दीवार से टकराई बेकाबू कार, मौके पर चालक की मौत

**दुखद**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेखपुरा।** जिले के बरबीघा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलाव गांव में एक घर से दीवार से बेकाबू लग्जरी कार के टकरा जाने से कार ड्राइव कर रहा 22 वर्षीय युवक राजमणि की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार पर बैठे उसके दो अन्य साथी बाल बाल बच गए। वहीं कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मृतक के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल शेखपुरा भेज दी। इस बाबत बरबीघा थाना के अपर थानाध्यक्ष रिंकू रंजन ने बताया कि मृतक बेलाव गांव निवासी चंद्रमौली प्रसाद का छोटा पुत्र था। मृतक दो भाई है। जिसमें उसका बड़ा भाई औरंगाबाद जिला में शिक्षक के पद पर कार्यरत है। मृतक नालंदा जिला मुख्यालय स्थित बिहारशरीफ में रहकर बीकॉम की पढ़ाई कर रहा था। सूत्रों ने बताया कि मृतक का एक दोस्त जो छबीला ठेका गांव का निवासी है। 25 दिन पहले एक लग्जरी कार खरीदी थी। उसी कार को चलाकर युवक अपना घर आ रहा था। गांव पहुंचने के क्रम में युवक संतुलन खो बैठा और कार सीधे गांव दुर्गा स्थान के समीप पदार्थ पांडेय के घर की दीवार में जोरदार टक्कर मार दी। जिसके कारण युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। युवक की मौत के बाद परिवार के लोग उसके शव को दाहसंस्कार करने हेतु गंगा घाट बाढ़ ले जाने की तैयारी में थे तभी इस बात की सूचना स्थानीय बरबीघा थाना पुलिस को लगी। भनक मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक का शव जब्त कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दी। इस घटना के बाद मृतक के परिवार में जहां कोहराम मच गया। वहीं पूरे गांव में मातम पसर गया। इस बाबत बरबीघा थाना के अपर थाना अध्यक्ष रिंकू रंजन ने बताया कि घटना के संबंध में एक प्राथमिकी स्थानीय थाना में दर्ज की गई है।

# आर्म्स एक्ट का आरोपित गिरफ्तार

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भगवानपुर थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट का फरार नामजद आरोपी को गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दरभंगा जिले के मनीगाछी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष ऋषिकांत कुमार ने बताया कि भगवानपुर थाना कांड संख्या 136/26 में आरोपित धीरज कुमार की तलाश लंबे समय से की जा रही थी। गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर उसे मनीगाछी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए व्यवहार न्यायालय, बेगूसराय भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी है।

# शिक्षकों के सम्मान से ही बदलेगी शिक्षा की दशा : डॉ सुरेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह विधान परिषद दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी डॉ सुरेश प्रसाद ने सोमवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर बिहार के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों, पुस्तकालयाध्यक्षों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु 18 सूत्री मांग पत्र सौंपा। राष्ट्रकवि दिनकर की धरती स्थित 1888 में स्थापित बीपी सरस्वती विद्या निकेतन के प्रांगण में मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए डॉ सुरेश ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि इस शिक्षा मंदिर का मैं छात्र और शिक्षक दोनों रह चुका हूं। उन्होंने कहा कि आपके मुख्यमंत्री बनने से शिक्षा जगत में नई आशा जगी है। नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा, वेतनमान, अवकाश और प्रत्येक पंचायत में प्लस टू स्कूल तथा प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज खोलने जैसे निर्णय सराहनीय हैं। डॉ सुरेश ने कहा कि समान काम के लिए समान वेतन लागू किया जाए। सभी प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पे लेवल 7 एवं 8 के साथ अष्टम वेतन आयोग का लाभ दिया जाए। सरकारी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को सेवा निरंतरता के साथ पदोन्नति और वित्तीय उन्नयन का लाभ मिले। शिक्षा विभाग द्वारा जारी नई स्थानांतरण नीति में सुधार कर पुस्तकालयाध्यक्षों को भी उसमें शामिल किया जाए। उन्होंने मांग की कि शारीरिक एवं कंप्यूटर शिक्षकों के लिए सैद्धांतिक विषय का प्रावधान हो और केंद्र की तर्ज पर इनके साथ पुस्तकालयाध्यक्ष को भी विषय शिक्षक के रूप में मान्यता मिले। राजकीयकृत एवं परियोजना विद्यालयों में प्रधानाध्यापक की 50 प्रतिशत नियुक्ति प्रोन्नति से और 50 प्रतिशत प्रतियोगी परीक्षा से हो। बीपीएससी से नवनियुक्त प्रधानाध्यापकों को पूर्व निर्धारित वेतनमान दिया जाए। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालयों के नवनियुक्त प्रधानाध्यापकों का राजकीयकृत विद्यालयों में स्थानांतरण का प्रावधान बनेवेतन विसंगति के साथ आवास और परिवहन भत्ते की विसंगतियों को भी दूर करने की मांग रखी गई। डॉ सुरेश ने पूरे प्रदेश के वित्तरहित एवं अनुदानित माध्यमिक, इंटर एवं डिग्री महाविद्यालयों का संसाधन सहित अधिग्रहण कर वहां कार्यरत शिक्षकों को नियमित वेतन देने की बात कही।

# वर्षों पुराने तालाब का नहीं हुआ जीर्णोद्धार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** ओबरा प्रखंड के बेल में सैकड़ों वर्ष पुराना तालाब अपनी बदहाली पर इन दिनों आंसू बहा रहा है। जहां आज भी ग्रामीण घाटों के लिए तरस रहे हैं। बताया जाता है कि यह तालाब पांच एकड़ में बना गैर मंजरूआ तालाब है परंतु संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधि के अनदेखी के कारण आज भी सौंदर्यीकरण तो दूर घाटों का निर्माण नहीं हो सका है। एक वर्ष पूर्व तालाब को चारों तरफ से मिट्टी के ढेर से घेर दी गई है और एक तरफ से तालाब में जानें हेतु कुछ सीढ़िया भी बनाई गई है परंतु चारों तरफ से घाट का निर्माण नहीं होने से बरसात के दिनों में मिट्टी का ढेर तालाबों में गिरने लगता है। मिट्टी की दलदल होने के कारण हाल में ही सितंबर माह में पंकज विश्वकर्मा के पांच वर्षीय पुत्र संदीप कुमार की मौत तालाब में ही डूबने से हो गई थी। उड़ाही का भी कार्य हुआ परंतु सभी तरफ से घाटों का निर्माण नहीं हो सका। यह तालाब गर्मियों के दिनों में भी पानी है परंतु मवेशियों एवं को पीना मुश्किल है। एक छोटे से घाटों के सहारे किसी तरह छठ घाट के मौके पर छठ व्रती स्नान करते है। तालाब के ठीक सामने भगवान भास्कर शिव भगवान एवं हनुमान शंकर एवं भगवान भास्कर की मूर्तियां स्थापित है। छठ के मौके हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ती है। इस संबंध में गांव के अरुण कुमार के पूछने पर बताया कि दो वर्ष पूर्व घाटों के निर्माण में कार्य लगा था परंतु घाट के निर्माण की सुगबुगाहट शुरू हुई थी परंतु सौंदर्यीकरण का निर्माण नहीं हो सका। एक छोटा एवं संकीर्ण घाट बनाकर केवल खानापूर्ति की गई है।

# नाले की ढक्कन टूटने से परेशानी

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर की गलियों में जगह-जगह टूटे नाले अब नागरिकों के लिए गंभीर खतरे की आशंका बनता जा रहा है। ओवरब्रिज के समीप महाराजगंज रोड से मनोकामना मंदिर नागा बिगहा जाने वाले मोहल्लों में नाले के ढक्कन टूटे या गायब है। दिन में तो नागरिक किसी तरह बचकर निकल जाते हैं परंतु रात के अंधेरे में दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। इस स्थिति से दोपहिया वाहन चालकों, पैदल चलने वाले और स्कूली बच्चों के लिए जोखिम बढ़ गया है। नागरिक सचिन कुमार का कहना है कि नाले की हालत लंबे समय से खराब है परंतु जिम्मेदार विभाग द्वारा अबतक मरम्मत नहीं कराई गई है। वर्षा के दिनों में समस्या और गंभीर हो जाती है जबतक गंदा पानी सड़क पर फैल जाता है।

# पृष्ठ 1 का शेष

## सम्राट सरकार की बड़ी...

अतिरिक्त पूर्व से संचालित 155 राजकीय एवं राजकीयकृत विद्यालयों को भी इसी योजना के अंतर्गत उन्नत किया जाएगा जो राज्य की शिक्षा प्रणाली में एक नई क्रांति का सूत्रपात करेगा। सरस्वती विद्या निकेतन योजना न केवल विद्यालयों के भौतिक उन्नयन की बात करती है बल्कि शिक्षण की गुणवत्ता, डिजिटल एकीकरण एवं कौशल विकास को भी उतनी ही प्राथमिकता देती है। शिक्षा विभाग मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार को देश का शिक्षा मॉडल राज्य बनाने की ओर राज्य सरकार निरंतर अग्रसर है। आदर्श विद्यालय का उद्देश्य माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर पर गुणवत्तापूर्ण, समावेशी एवं नवाचार आधारित शिक्षा प्रदान करना है ताकि राज्य में एक ऐसा सार्वजनिक विद्यालय विकसित किया जा सके, जो शैक्षणिक उत्कृष्टता का मानक राज्य के साथ-साथ देश में स्थापित कर सके। इन मॉडल स्कूलों में बेहतर शिक्षण के लिए विज्ञान प्रयोगशाला, आईसीटी लैब, पुस्तकालय, डिजिटल स्क्रीन सहित स्मार्ट कक्षा, कोचिंग की व्यवस्था, साप्ताहिक परीक्षण द्वारा प्रगति की सतत निगरानी, इच्छुक और जरूरतमंद छात्रों के लिए रेमिडियल कक्षाएं आदि की व्यवस्था की जायेगी।

## एक ही दिन...

के उन्होंने सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। यहां विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक संसाधन और बेहतर सीखने का वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी सरस्वती विद्या निकेतन में स्मार्ट कक्षाएं, विज्ञान एवं कंप्यूटर प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, खेल सुविधाएं तथा अन्य आधुनिक शैक्षणिक संसाधन विकसित किए गए हैं। इनके अलावा विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। यहां से शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थी भविष्य में चिकित्सा, इंजीनियरिंग, सिविल सेवा और अन्य प्रतिष्ठित क्षेत्रों में सफलता हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि बिहार ज्ञान और विज्ञान की भूमि रही है। नालंदा और तक्षशिला जैसी विश्वविख्यात शिक्षण संस्थान हमारी विरासत हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने जन्म भले ही अयोध्या में लिया हो लेकिन ज्ञान प्राप्ति के लिए बिहार के बक्सर को चुना था। आज बिहार उसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शिक्षा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। अपने संबोधन की शुरुआत में श्री तिवारी ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जन्मस्थली को नमन किया और बेगूसराय को साहित्य, संस्कृति तथा क्रांति की धरती बताया। उन्होंने कहा कि 551 सरस्वती विद्या निकेतनों का लोकार्पण कर मुख्यमंत्री ने इस पुण्य भूमि का मान और बढ़ाया है। इससे पूर्व शिक्षा मंत्री श्री तिवारी ने मुख्यमंत्री के साथ बेगूसराय में सरस्वती विद्या निकेतन के नाम से विकसित बीपी इंटर स्कूल का अवलोकन कर विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, आधुनिक सुविधाओं तथा शिक्षण व्यवस्था का जायजा लिया।

# कहलगांव में केसरवानी वैश्य सभा का सम्मेलन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कहलगांव (भागलपुर)।** राज्य केसरवानी वैश्य सभा के कहलगांव इकाई का एकदिवसीय सम्मेलन रविवार को संजय कुमार केसरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। स्थानीय गोदावरी विवाह भवन में आयोजित इस सम्मेलन का उद्घाटन कहलगांव क्षेत्र के विधायक शुभानंद मुकेश, केसरवानी वैश्य सभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोज केसरी, जिला अध्यक्ष राजीव रंजन, उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी केसरी एवं सचिव अजय केसरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्थानीय विधायक शुभानंद मुकेश ने देश और प्रदेश के विकास में केसरवानी वैश्य समाज की भागीदारी पर प्रकाश डालते हुए उनके लिए हरसंभव



सहयोग करने का भरोसा जताया और समाज के लोगों के दुख- सुख में हमेशा खड़ा रहने का आश्वासन दिया। इसके पहले वैश्य सभा के कहलगांव इकाई की ओर से संजय केसरी, योगेन्द्र केसरी, उदय केसरी, मनीष केसरी आदि ने स्थानीय विधायक और केसरवानी समाज के प्रमुख पदाधिकारियों को अंग वस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किया। इधर केसरवानी वैश्य सभा के राष्ट्रीय मंत्री मनोज केसरी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में एकजुटता बहुत जरुरी है और सभी लोग एक-दूसरे को मदद पहुंचाने के काम करने में पीछे नहीं हटें। तभी हमारे समाज का विकास हो सकता है। ऐसे में सबसे पहले अपने बच्चों को शिक्षित करने की जरुरत है। सभा के वरिष्ठ नेता भोला केसरी, योगेन्द्र केसरी, जिला केसरवानी महिला मोर्चा की सदस्य दिव्या केसरी, सीमा केसरी सहित कई लोगों ने समाज की मजबूती एवं विकास पर बल देते हुए बड़ी संख्या में लोगों के कार्यक्रम में आने पर खुशी जताई। कार्यक्रम के अंत में केसरवानी वैश्य सभा के कहलगांव इकाई का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से योगेंद्र प्रसाद केसरी -अध्यक्ष, मनीष केसरी - उपाध्यक्ष, संजय केसरी- सचिव, उदय केसरी - कोषाध्यक्ष, कौशल केसरी - संगठन मंत्री, जितेंद्र केसरी- मीडिया प्रभारी बनाए गए हैं।

# मिनी गन फैक्ट्री का पुलिस ने किया उद्भेदन

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के बरबिघी गांव के बहियार में गुप्त सुचना के आधार पर एसपी के निर्देश पर बलिया डीएसपी एसटीएफ बलिया थाना पुलिस ने छापेमारी कर अवैध रूप से चल रहे मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। इस संबंध बलिया डीएसपी सुबोध कुमार ने बताया की गुप्त सुचना मिली थी की बरबीघी बहियार में बड़े पैमाने पर अवैध हथियार का निर्माण क्या जा रहा है। जिसके बाद एसटीएफ के साथ वहा छापेमारी क्या गया और कई निर्मित और अर्धनिर्मित हथियार को बरामद किए गए है। साथ ही नगद 46 हजार रुपया भी बरामद हुए है इस अवैध गनफैक्ट्री को संचालित करवाने वाले बरबीघी गांव निवासी बालेश्वर महतो एवं मुंगेर जिला के बरदह निवासी करीम मो आसीम उर्फ टार्जन और रमशाद को मौके से गिरफ्तार क्या गया है। जिससे पूछताछ जारी है इन सभी अपराधी पर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजकर मामले की जांच कर इसमें शामिल अन्य लोगो पर भी करवाई की जाएगी।

# डीएम ने की श्रावणी मेला की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** जिले के सुल्तानगंज में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर रविवार को जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। जिला समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन में आयोजित इस बैठक में जिलाधिकारी द्वारा मेला क्षेत्र के विभिन्न सेक्टरों में की जा रही तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवंटित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।



जिलाधिकारी ने सुल्तानगंज प्रखंड परिसर, रेलवे स्टेशन, बाबा चौक, कृष्णगढ़, कमराय, बूढ़ानाथ, सीढ़ी घाट, नमामि गंगे घाट, अजगैबीनाथ मंदिर, शाहाबाद चौक एवं गांधी बेलारी सहित सभी प्रमुख मेला क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान सफाई, पेयजल, शौचालय, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग, यातायात प्रबंधन, नियंत्रण कक्ष, पुलिस आवासन, स्वास्थ्य शिविर, सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन निगरानी तथा अग्नि एवं आपदा सुरक्षा उपायों को समय पर पूर्ण करने पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि सभी कार्यों का नियमित निरीक्षण करते हुए आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। श्रीमति पांडेय ने कहा कि सुरक्षा, स्वच्छता, सुगम यातायात एवं मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस बार श्रावणी मेला के सफल आयोजन के लिए सभी विभाग पूरी प्रतिबद्धता एवं समन्वय के साथ कार्य करें। जिससे देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में नगर निगम आयुक्त किसलय कुशवाहा, अपर समाहर्ता (राजस्व) दिनेश राम, सिविल सर्जन डॉ अशोक प्रसाद सहित जिलास्तरीय विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# तीन सप्ताह में सीआईएसएफ ने जब्त किये 1,800 मीट्रिक टन अवैध कोयला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने गृह मंत्रालय के 'जीरो कोल लीकेज' अभियान के तहत अवैध कोयला खनन, चोरी और तस्करी के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए पिछले तीन सप्ताह में करीब 1,798.725 मीट्रिक टन अवैध कोयला जब्त किया है। बरामद कोयले की अनुमानित कीमत 1.03 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस दौरान अवैध परिवहन में प्रयुक्त 84 वाहन भी जब्त किए गए हैं तथा 21 मामलों में सीधे शिकायत दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। सीआईएसएफ की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह अभियान 5 जुलाई 2026 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद और तेज किया गया। बैठक में गृह



मंत्रालय ने अवैध कोयला खनन और चोरी पर पूरी तरह रोक लगाने तथा 'जीरो कोल लीकेज' के लक्ष्य को हासिल करने के निर्देश दिए थे। अभियान के दौरान बीसीसीएल (धनबाद) क्षेत्र से 1,063.91 मीट्रिक टन, ईसीएल (शीतलपुर) से 450.13 मीट्रिक टन तथा सीसीएल (रांची) एवं सीएमपी (एच) क्षेत्र से 284.715 मीट्रिक टन अवैध कोयला जब्त किया गया। इसके अलावा कोयले की तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे हाईवा ट्रकों के साथ संशोधित मोटरसाइकिलों को भी जब्त किया गया। सीआईएसएफ ने बताया कि खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 (एमएमडीआर एक्ट) के तहत प्राप्त वैधानिक शक्तियों के कारण अब अधिकृत अधिकारी सीधे शिकायत दर्ज करने, संदिग्ध स्थानों की तलाशी लेने और अवैध खनिज भंडारण के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने में सक्षम हैं। इससे संगठित कोयला चोरी पर अंकुश लगाने में मदद मिल रही है। अभियान के दौरान मानवीय खुफिया जानकारी, सीसीटीवी निगरानी, कोयले की रियल-टाइम मॉनिटरिंग और जमीनी स्तर पर समन्वित कार्रवाई का सहारा लिया गया। जांच में यह भी सामने आया कि तस्कर भारी वाहनों के अलावा संशोधित मोटरसाइकिलों के जरिए भी दुर्गम रास्तों से कोयले की तस्करी कर रहे थे। जब्त वाहनों को आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया है। सीआईएसएफ के महानिदेशक ने कहा कि कोयला कंपनियों, स्थानीय प्रशासन और अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर खुफिया आधारित अभियान, आधुनिक तकनीक और वैधानिक अधिकारों के माध्यम से 'जीरो कोल लीकेज' के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# औरंगाबाद में 13 विद्यालयों का बदला नाम, सीएम ने किया लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा बेगूसराय से राज्य के सभी प्रखंडों में स्थापित कुल 551 सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) का लोकार्पण किया गया। इस अवसर का राज्यव्यापी सीधा प्रसारण सभी जिलों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से किया गया। इसी क्रम में औरंगाबाद जिले के सदर प्रखंड स्थित अनुग्रह इंटर कॉलेज (गेट स्कूल) परिसर में जिला स्तरीय उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस विद्यालय को भी सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) के रूप में विकसित किया गया है। कार्यक्रम में विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह एवं जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री के राज्यस्तरीय उद्घाटन समारोह एवं संबोधन का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना। आदर्श विद्यालय के रूप में विद्यालय के चयन से छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों में विशेष उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर का भ्रमण कर स्मार्ट कक्षाओं, विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय तथा अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों से संवाद करते हुए गुणवत्तापूर्ण, अनुशासित एवं



परिणामोन्मुख शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का निर्देश दिया। साथ ही छात्र-छात्राओं से संवाद कर नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि आदर्श विद्यालयों की स्थापना राज्य सरकार की दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक संसाधनों से युक्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना तथा ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी बेहतर शैक्षणिक अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही विकसित समाज एवं सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है और ऐसे विद्यालय विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि विद्यालय में अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन, स्मार्ट कक्षाएं, आधुनिक प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, खेलकूद की सुविधाएं, कैरियर मार्गदर्शन तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की आधारभूत तैयारी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही डिजिटल शिक्षण संसाधनों के माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समकालीन शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। जिले में सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) के रूप में अनुग्रह इंटर कॉलेज (गेट स्कूल), औरंगाबाद, देवांशी उच्च विद्यालय, सुंदरगंज (बारुन), उच्च विद्यालय, चरण महादेवा (नवीनगर), उच्च विद्यालय, डुमरी(कुटुंबा), राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय (देव), उच्च विद्यालय, बेरी (मदनपुर), रानी ब्रजराज उच्च विद्यालय, रफीगंज, उच्च विद्यालय, रुकुंडी (गोह), उच्च विद्यालय, पथरौर (हसपुरा), राष्ट्रीय उच्च विद्यालय, दाउदनगर, उच्च विद्यालय, ओबरा, अनुग्रह कन्या उच्च विद्यालय, औरंगाबाद, टाउन इंटर विद्यालय, औरंगाबाद तथा राजकीयकृत उच्च विद्यालय, जम्होर, औरंगाबाद को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित किया गया है। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी दयाशंकर, शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विभिन्न अपराधों में 15 लोग गये जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मादक प्रदार्थो की खरीद फरोख्त यथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 15 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, हत्या के शीर्ष में दो, मद्य निषेध अधिनियम के तहत पांच तथा अन्य मामलों में 31 लोगों की गिरफ्तारी की गई जबकि एक ट्रैक्टर जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 971 वाहनों की जांच की गई जिसमें 51000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। 70 वारंट एवं दो कुर्की का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा साइबर थाना की पुलिस द्वारा 40000 रूपये रिकवर किया गया है। पुलिस पदाधिकारी उपेंद्र नाथ वर्मा के अनुसार जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है।

# भारी बारिश के अलर्ट पर कुटुंबा प्रशासन सतर्क, 10 राहत शिविर तैयार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा(औरंगाबाद)।** आगामी 21 जुलाई के बीच भारी बारिश और संभावित बाढ़ की चेतावनी के मद्देनजर कुटुंबा प्रखंड प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर अंचल प्रशासन ने राहत एवं बचाव की तैयारियां तेज कर दी हैं। संभावित आपदा से निपटने के लिए प्रखंड के 10 विद्यालयों में राहत शिविर बनाए गए हैं, जबकि बचाव कार्य के लिए पिपरा गांव के तीन प्रशिक्षित गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति की गई है। अंचल अधिकारी ने सभी राजस्व कर्मियों, पंचायत सचिवों एवं पंचायत सेवकों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क रहने, निचले इलाकों की लगातार निगरानी करने तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल नियंत्रण कक्ष को देने का निर्देश दिया है। बटाने नदी सहित अन्य नदियों के जलस्तर और तटबंधों पर विशेष नजर रखने को कहा गया है। राहत शिविर उच्च विद्यालय रिसियप, महिला महाविद्यालय अंबा, उच्च विद्यालय चिल्हकी, गंगहर, निरंजनपुर, बैरांव, डुमरी, जीवा बिगहा, महसु एवं महाराजगंज में स्थापित किए जाएंगे। प्रत्येक शिविर के लिए राजस्व कर्मचारी, पंचायत सचिव या पंचायत सेवक को प्रभारी बनाया गया है तथा संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को सहयोग का दायित्व सौंपा गया है। बचाव कार्य के लिए विजेंद्र कुमार, अजीत कुमार और महेंद्र कुमार को 21 जुलाई तक गोताखोर के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नदी-नालों के समीप जाने से बचें और मौसम विभाग व प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** फ़ेसर थाना क्षेत्र के पिरौटा गांव की बधार में विद्युत करंट से 61 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान उस गांव निवासी स्व. सुखदेव महतो की पत्नी बरती देवी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि बरती देवी रविवार दोपहर सिर पर गोबर (मान) से भरा ओड़िया लेकर खेत में खाद डालने जा रही थीं। घर से करीब एक किलोमीटर दूर बधार में पहुंचने के दौरान वह 11 हजार वोल्ट विद्युत लाइन के खंभे से जुड़े स्टे वायर के संपर्क में आ गईं। स्टे वायर में करंट प्रवाहित हो रहा था। जैसे ही उन्होंने उसे छुआ, उन्हें जोरदार करंट लगा और वह मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ीं। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से बरती देवी को तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। हालांकि अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी।

# नहर में कूदकर वृद्ध महिला ने की आत्महत्या की कोशिश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जम्होर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में बहू के झगड़े से नाराज सास ने नहर में कूदकर खुदकुशी करने की कोशिश की। हालांकि मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बिना अपनी जान की परवाह किए नहर में छलांग लगाकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह के समय गांव के पास बड़की नहर के किनारे लोगों की आवाजाही थी। इसी दौरान एक बुजर्ग महिला अचानक नहर में कूद गई। यह दृश्य देखते ही ग्रामीण विमलेश सिंह ने बिना देर किए नहर में कूद गए। उनके साथ गांव के कई अन्य युवकों ने भी पानी में उतरकर डूब रही महिला तक पहुंचने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद सभी ने मिलकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। विमलेश सिंह ने बताया कि महिला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के परसा गांव की रहने वाली है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार रविवार सुबह उसका अपनी बहू से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। बताया जा रहा है कि बहू की प्रताड़ना और घरेलू कलह से आहत होकर उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया और नहर में कूद गई। ग्रामीणों ने महिला को बाहर निकालने के बाद तुरंत प्राथमिक उपचार किया। उसके पेट में भरे पानी को स्थानीय स्तर पर थेरेपी के माध्यम से बाहर निकाला गया, जिससे उसकी हालत धीरे-धीरे सामान्य होने लगी। कुछ देर देखरेख के बाद जब महिला की तबीयत स्थिर हुई तो गांव के युवकों ने उसे सुरक्षित परसा पहुंचा दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि अगर कुछ सेकंड की भी देरी हो जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# जिलास्तरीय अंतर विद्यालय प्रतियोगिता परीक्षा सितंबर में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफ़ेयर एसोसिएशन की जिलास्तरीय बैठक रविवार को स्थानीय लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के सभागार में जिलाध्यक्ष अजय पांडे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में निजी विद्यालयों की समस्याओं, संगठन की मजबूती तथा जिले में शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही आगामी सितंबर माह में जिला स्तरीय अंतर विद्यालय प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित कराने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन रिंकू सिंह ने किया। उन्होंने मंचासीन अतिथियों एवं उपस्थित शिक्षाविदों का परिचय कराते हुए पुष्पमाला, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। संगठन के महासचिव संतोष कुमार सिंह ने बताया कि औरंगाबाद को शिक्षा का केंद्र बनाने में योगदान देने वाले लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के संस्थापक धनंजय कुमार शर्मा तथा प्रो. ज्ञान सिंह को संगठन का संरक्षक बनाया गया है। वहीं धनंजय कुमार शर्मा ने कहा कि संगठन की शक्ति सदियों से समाज को दिशा देती रही है। उन्होंने कहा कि कोई भी विद्यालय छोटा या बड़ा नहीं होता। सभी निजी विद्यालय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। निजी विद्यालय सरकार से आर्थिक सहायता नहीं लेते, बल्कि अपने संसाधनों और प्रबंधन के आधार पर संचालित होते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल संगठन की हर शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधि में सक्रिय सहयोग देगा। बैठक में उपस्थित जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों ने संगठन के प्रस्तावों का समर्थन करते हुए निजी विद्यालयों के हित में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। सभी विद्यालय संचालकों ने सितंबर माह में जिला स्तरीय अंतर विद्यालय प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे जिलाध्यक्ष अजय पांडे ने स्वीकृति देते हुए निर्धारित समय पर आयोजन कराने की घोषणा की। जिलाध्यक्ष अजय पांडे ने कहा कि यदि किसी सदस्य विद्यालय को संचालन में किसी प्रकार की सरकारी या प्रशासनिक समस्या आती है तो वह जिला इकाई को अवगत कराए। बैठक के अंत में लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के निदेशक धनंजय कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बैठक के समापन की घोषणा की।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# कंटेनर से भारी मात्रा में डोडा बरामद, दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** उत्पाद विभाग की टीम ने एक कंटेनर से भारी मात्रा में डोडा बरामद किया है। मौके पर पंजाब के लुधियाना जिले के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जिसकी पहचान खन्ना निवासी ट्रक ड्राइवर पवन कुमार और सुखमिंदर सिंह के रुप में की गई है। यह कार्रवाई अंबा थाना क्षेत्र के एरका स्थित उत्पाद जांच चौकी पर की गई। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, दोनों झारखंड की ओर से कंटेनर लेकर बिहार में प्रवेश कर रहे थे। जांच दल के प्रभारी उत्पाद पदाधिकारी राजेश सहनी ने दोनों को गिरफ्तार कर उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पूरी कार्रवाई कुटुंबा के अंचलाधिकारी की मौजूदगी में विधिवत पूरी की गई। बरामद कंटेनर और मादक पदार्थ को जब्त कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उत्पाद अधीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि झारखंड की ओर से एक कंटेनर में भूसा के बीच अफीम का डोडा छिपाकर औरंगाबाद जिले में लाया जा रहा है। सूचना मिलते ही एरका उत्पाद चेक पोस्ट पर निगरानी बढ़ा दी गई। झारखंड से आने वाले सभी वाहनों की सघन जांच शुरू कर दी गई है।

# छात्रों को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा : प्रमोद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के कासमा रोड स्थित रानी ब्रजराज प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में रविवार को शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पल देखने को मिला। सरस्वती विद्या निकेतन का उद्घाटन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बेगूसराय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। समारोह की शुरुआत वंदे मातरम और राष्ट्रगान से हुई। स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम में रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने फीता काटने के बाद दीप प्रज्ज्वलित एवं शिलापट्ट का अनावरण कर विद्यालय का विधिवत शुभारंभ किया। प्रभारी



प्रधानाध्यापक अरुण कुमार ने अतिथियों को अंगवस्त्र, माला और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि आदर्श विद्यालय योजना पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिसे वर्तमान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आगे बढ़ाते हुए धरातल पर उतारा है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने राज्य के 534 प्रखंडों सहित कुल 551 आदर्श विद्यालय खोलकर शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों का उद्देश्य केवल सुंदर भवन बनाना नहीं बल्कि छात्रों को आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षा, अनुशासन, संस्कार, संस्कृति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण उपलब्ध कराना है। अब गांव, किसान, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को भी मॉडल स्कूल जैसी सुविधाएं मिलेंगी। विधायक ने कहा कि नई शिक्षा व्यवस्था में छात्रों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पढ़ाई कराई जाएगी ताकि भाषा या पृष्ठभूमि किसी भी छात्र की शिक्षा में बाधा न बने। कार्यक्रम में दीनानाथ विश्वकर्मा, संतोष कुमार साहू, अमर कुमार, विजय विश्वकर्मा, मनोज यादव, मधुकर लाल कुशवाहा, संजय अम्बेडकर, अर्जुन सिंह, भोला चौधरी, उमेश पासवान, विनोद कुमार सिंह, अरुण कुमार, रविंद्र सिंह, कुमार बिपिन, राजेश पासवान, सुनील सिंह, विनय सिंह, सिंटू सिंह, प्रियोद कुमार सिंह, रबिंद्र सिंह, अशोक मेहता, विकास यादव, सुधीर चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# चोरी के ट्रैक्टर के साथ आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** हसपुरा पुलिस ने चोरी की ट्रैक्टर के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी कि पहचान पीरू गांव निवासी नन्हे मिस्त्री के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार बीते दिनों जब्त ट्रैक्टर रोहतास जिले के डिहरी ऑन ऑन अंतर्गत पाली से चोरी गई थी। इस संबध में स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसी क्रम में रविवार को खोजबीन के दौरान ट्रैक्टर की जानकारी हुई। पुलिस टीम ने पीरु से चोरी गई ट्रैक्टर जब्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने उक्त ट्रैक्टर किसी व्यक्ति से प्राप्त करने की बात स्वीकार की है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि चोरी की ट्रैक्टर के साथ पकड़े गए आरोपी को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया।

# धर्मा सहयोग फाउंडेशन शहर में स्थापित करेगा नि:शुल्क चैरिटेबल पैथोलॉजी लैब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यरत धर्मा सहयोग फाउंडेशन ने शहर में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए नि:शुल्क चैरिटेबल पैथोलॉजी लैब स्थापित करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही समय-समय पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। यह निर्णय रविवार को फाउंडेशन की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में संस्था के निदेशक सूरज कुमार, रूबी देवी, चेयरमैन लक्ष्मण प्रसाद स्वर्णकार, एडमिनिस्ट्रेटर राजू कुमार सिंह, पीआरओ नरेश कुमार तथा संतोष कुमार सहित संस्था के कई सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में कहा गया कि वर्तमान समय में चिकित्सा और जांच की बढ़ती लागत के कारण आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को इलाज कराने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़



रहा है। इसे देखते हुए फाउंडेशन ने शहर में एक चैरिटेबल पैथोलॉजी लैब खोलने का निर्णय लिया है, जहां मजदूर, विधवा, दिव्यांग, शहीद सैनिकों के परिजन तथा अन्य जरूरतमंद लोगों की विभिन्न प्रकार की पैथोलॉजी जांच नि:शुल्क कराई जाएगी। इसके अलावा संस्था द्वारा समय-समय पर विभिन्न गंभीर बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों के सहयोग से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाए जाएंगे। इन शिविरों में मरीजों को विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श के साथ आवश्यक स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# रौशन सिन्हा को मिला आइकॉनिक पर्सनैलिटी ऑफ बिहार का सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** शिक्षा एवं स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए यहां संचालित दर्शन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक रौशन कुमार सिन्हा को प्रतिष्ठित आइकॉनिक पर्सनैलिटी ऑफ बिहार-2016 से सम्मानित किया गया। उन्हें बिहार के युवाओं के बीच तकनीकी शिक्षा, कंप्यूटर एजुकेशन, डिजिटल स्किल एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। पटना में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में यह उपलब्धि उन्हें प्राप्त हुआ। जहां शिक्षा, उद्योग, समाजसेवा, कला एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विशिष्ट हस्तियों को सम्मानित किया गया। समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल ने रौशन कुमार सिन्हा को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित




किया। रौशन कुमार सिन्हा पिछले 23 वर्षों से शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके नेतृत्व में दर्शन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने हजारों युवाओं को कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल स्किल एवं रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। समारोह में मुकेश मिश्रा ने सहयोगी की भूमिका निभाई और रौशन कुमार सिन्हा के साथ उपस्थित रहकर सम्मान ग्रहण किया। सम्मान प्राप्त करने के बाद रौशन कुमार सिन्हा ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं बल्कि उन सभी विद्यार्थियों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगियों का है, जिन्होंने शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के इस अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में संस्थान अत्याधुनिक तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) आधारित शिक्षा एवं रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण को और व्यापक स्तर पर युवाओं तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। रौशन कुमार सिन्हा की इस उपलब्धि से जिले में हर्ष है।

बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

पशुधन द्वारा
जीवन में गुणात्मक सुधार

**पशुपालकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना**


**पशुओं की बेहतर सेहत—पशुपालकों की खुशहाली**

बिहार के समस्त पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, पटना की आधुनिक प्रयोगशालाओं में आपके पशुओं के स्वास्थ्य की जाँच हेतु निम्नलिखित सुविधाएँ नियमित रूप से नि:शुल्क उपलब्ध हैं—

उपलब्ध नि:शुल्क जाँच सुविधाएँ:

| जाँच का प्रकार | प्रमुख परीक्षण |
|---|---|
| खून की जाँच | ब्लड प्रोटोजोआ, T.C., D.C., ESR, हीमोग्लोबिन |
| संक्रामक रोग | जोन्स डिजीज, T.B., ब्रुसेलोसिस, ग्लैंडर्स टेस्ट |
| दूध एवं मूत्र | मिल्क कल्चर सेंसिटिविटी, यूरिन रूटीन एवं यूरिन कल्चर |
| पोल्ट्री (मुर्गी पालन) | P.M., पैरासिटोलॉजिकल, पैथोलॉजिकल बैक्टीरियोलॉजिकल एवं जल जाँच |
| अन्य महत्वपूर्ण जाँच | गोबर (Fecal) जाँच, स्किन स्क्रेपिंग, लिम्फ नोड बायोप्सी<br>पशु आहार टेस्ट (सशुल्क) |

अपने बीमार पशुओं के सटीक उपचार और बेहतर उत्पादन के लिए आज ही संस्थान की सेवाओं का लाभ उठाएं। नि:शुल्क जाँच हेतु सैंपल के साथ पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना से संपर्क करें।




PR No.- 008160 (Animal)D. 2026-27

**स्थान: पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय के समीप, पटना।**

पशुपालन निदेशालय
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार

@BiharDFARD